सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173
डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016
वर्ष-17 अंक-204 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, बुधवार, 03 जनवरी 2024
20 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## हिट एंड रन कानून को लेकर सरकार और ट्रांसपोर्टर्स के बीच सुलह

# खत्म हुई हड़ताल

- ड्राइवर्स से तत्काल काम पर लौटने की अपील
- ड्राइवर्स तुरंत काम पर लौटेंगे
- अभी लागू नहीं होगा हिट एंड रन कानून



### खुद गृह मंत्री शाह से मिला आश्वासन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया है कि सरकार, कानून के तहत 10 साल की सजा और जुर्माने के प्रावधान पर रोक लगाएगी। अमृत लाल मदन के मुताबिक अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस की अगली बैठक तक कोई कानून लागू नहीं किया जाएगा।

**नई दिल्ली।** हिट एंड रन को लेकर नए कानून के खिलाफ आक्रोश के बीच जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। ट्रांसपोर्टर्स ने देशव्यापी हड़ताल की। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए केंद्रीय गृह सचिव ने उनके साथ बैठक की। बैठक और वार्ता का नतीजा भी तत्काल देखने को मिला।

अब ट्रांसपोर्टर तत्काल ड्यूटी पर लौटेंगे। इससे पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस की बैठक पर केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा, हमने आज अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस के प्रतिनिधियों से चर्चा की। अजय भल्ला ने कहा, सरकार ये बताना चाहती है कि नए कानून और जुर्माने के प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा, भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श किया जाएगा। ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टर की चिंताओं को सुनने के बाद ही अंति निर्णय लिया जाएगा। अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस के अध्यक्ष अमृत लाल मदन ने गृह सचिव के साथ बैठक के बाद गतिरोध खत्म करने की अपील की। उन्होंने ड्राइवरों से कहा, आप सिर्फ हमारे ड्राइवर नहीं, सैनिक हैं। हम नहीं चाहते कि आप किसी भी असुविधा का सामना करें। भारत में हिट एंड रन के मामले भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत विशेष रूप से दंडनीय नहीं हैं। हालांकि, जब हिट एंड रन मामले का सवाल उठता है तो धारा 279, 304ए और 338 सामने आती हैं।

### 1800 करोड़ का कारोबार ठप

**नई दिल्ली।** हिट एंड रन कानून में किए गए प्रावधानों के विरोध में मंगलवार को भी ट्रांसपोर्टरों ने हड़ताल जारी रखी। इससे दवाइयों, सब्जियों, डीजल-पेट्रोल सहित जनपयोगी वस्तुओं की सप्लाई बाधित हुई। प्रदेश में करीब 18 सौ करोड़ रुपये का कारोबार ठप हुआ है। शाम तक प्रदेश के एक चौथाई पेट्रोल पंप खाली हो गए। लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और ऊहापोह की स्थितियां पैदा हो गईं। रोडवेज का दावा है कि बसों का संचालन सोमवार की तुलना में मंगलवार को बेहतर रहा। शाम पांच बजे तक 45 प्रतिशत बसों का संचालन हुआ। रोडवेज की अनुबंधित समेत कुल 6958 बसों में से 3,812 का संचालन हुआ है। इसमें लखनऊ की बात की जाए तो 520 बसों में से 172 बसें रूट पर रवाना की गईं।

## लोकसभा चुनाव से पहले लागू होगा नागरिकता संशोधन अधिनियम

- छह समुदायों के लोग बन सकेंगे भारतीय नागरिक

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के नियम लागू हो जाएंगे। केंद्र सरकार के विश्वस्त सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस मामले में होमवर्क पूरा कर लिया है। संभव है कि जनवरी या फरवरी में सीएए के नियम लागू हो जाएंगे। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के तहत भारत के तीन मुस्लिम पड़ोसी देश, जिनमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं, से आए गैर मुस्लिम प्रवासी लोगों के लिए भारत की नागरिकता लेने के नियम आसान हो जाएंगे। इन छह समुदायों में हिंदू, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी शामिल हैं। नागरिकता संशोधन विधेयक 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था।




## हम लाभ देने में जाति नहीं देखते: योगी

- नौ सालों में 13 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के ऊपर आए: सीएम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गरीबों के हक पर डकैती डालने वालों को आज जाति दिखाई पड़ती है। वह लोग समाज को विभाजित करने का कार्य कर रहे हैं। हमें ऐसे लोगों से सावधान रहकर समाज को एकजुट करते हुए राष्ट्रीय सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करना होगा।

सीएम योगी मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज देश में गरीबों के लिए सिर्फ योजनाएं ही नहीं बन रही हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब और नौजवान तक पहुंच रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली लाना है। सीएम योगी ने लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम के तहत मेरठ, बस्ती, चंदौली, महोबा और बाराबंकी के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान वह प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 800 स्थानों पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से ऑनलाइन जुड़े।

सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रदेश में 642 मोदी गारंटी वैन चल रही हैं। उत्तर प्रदेश के 57709 ग्राम पंचायतों में से अब तक 36983 ग्राम पंचायतों में मोदी गारंटी वैन पहुंच चुकी है। साथ ही 762 नगर निकायों में 1027 कार्यक्रम आयोजित हो चुके हैं। अबतक प्रदेश के अंदर लगभग पौने तीन करोड़ लोगों से यह यात्रा जुड़ चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज जहां-जहां मोदी गारंटी वैन पहुंच रही है, वहां हजारों की संख्या में लोग इससे जुड़ रहे हैं, जहां भी वैन जा रही है वहां कैम्प लग रहे हैं, जिन लोगों को योजनाओं का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है उन्हें वहां ले जाएं और उनका रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं से आच्छादित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण गुलामी की मानसिकता से मुक्त, विकसित भारत, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता एवं नागरिक कर्तव्य की बात करते हुए कहा कि जब 140 करोड़ लोग एक स्वर और नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे तो दुनिया की कोई ताकत विकसित भारत बनने से रोक नहीं सकती है।






# विकसित भारत के संकल्प को लेकर ओयल पहुंची यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 26 जनवरी तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत मंगलवार को नोडल अधिकारी, ईओ ऋषिकेश वर्मा की अगुवाई में नपं ओयल में ओयल चौराहे पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।यात्रा पहुंचने पर नगरीय क्षेत्र ओयल में भव्य कार्यक्रम हुआ। इस दौरान एलईडी स्क्रीन के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से सीएम योगी आदित्यनाथ से वर्चुअली बातचीत कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसको विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, नपं अध्यक्ष प्रतिभा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अंबरीश सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रति. राम शंकर राज, मंडलाध्यक्ष नीरज मिश्रा, नवरत्न सिंह, हरिनाम गुप्ता, प्रमोद सिंह, राकेश सिंह, राकेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिकों, जनपदीय अफसरों संग देखा और सुना। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश वर्मा ने डीएम, चेयरमैन, सीडीओ, अन्य जन प्रतिनिधियों संग दीप जलाकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद लोगों को भारत संकल्प की शपथ भी दिलाई गई।

शिविर के दौरान मनरेगा, पीएम आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, शिक्षा, समाज कल्याण, कृषि, ग्राम्य विकास सहित अन्य विभागों द्वारा स्टाल लगाकर आये हुए लोगों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की।विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों के अंदर भारत ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है।

पीएम के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। नया भारत वैश्विक स्तर पर भारतवासियों के गौरव को बढ़ाता है। सबका साथ सबका विकास के ध्येय के अनुरूप योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सब तक पहुंच रहा है। इस यात्रा के दौरान शासन की योजना से लाभान्वित लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी से अन्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। यात्रा के दौरान ही पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है। मोदी जी का गारंटी रथ सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली की गारंटी देने आपके पास आया है। खीरी में यह यात्रा सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि भारत सरकार की मंशानुरूप अभियान के तहत आमजन को जोड़ा जाय ताकि लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी हो सके। डीएम ने कहा कि आयोजन के पीछे भारत सरकार की मंशा है कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े सभी पात्र असंतृप्त लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके जीवन में खुशहाली लायी जा सके।

कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अतिथियों एवं बड़ी संख्या में मौजूद नगरीय क्षेत्र के निवासियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए यात्रा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई।

## विधायक ने डीएम, सीडीओ, चेयरमैन संग दी लाभार्थियों को सौगातें, खिले चेहरे

विधायक योगेश वर्मा ने अफसरो संग चार लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, सैम श्रेणी के दो बच्चों को सुपोषण किट, दो छह माह के शिशुओं का अन्नप्राशन एवं दो गर्भवती धात्री महिलाओं की गोद भराई की। इस मौके पर 05-05 लाभार्थियों को पीएम आवास और पीएम स्वनिधि योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। एलईडी वैन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार आमजन को योजनाओं की पात्रता इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया।

# विभिन्न थाना क्षेत्रों से हुये अभियोग पंजीकृत

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा केस नं0 - 355/23 धारा 25 A.Act मु0अ0सं0 65/1993 से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त को थाना फरधान पुलिस द्वारा ग्राम गौरिया थाना फ़रधान जिला खीरी से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया थाना मितौली पुलिस द्वारा नफर वारण्टी अभियुक्तगण इन्द्रपाल पुत्र सहबू निवासी ग्राम खन्तादेशू थाना मितौली जिला खीरी सम्बन्धित मु0नं-1758-19 धारा 323/427/452 भादवि0 थाना मितौली तथा अभियुक्त हीरा पुत्र उमराव निवासी ग्राम खन्तादेशू थाना सम्बन्धित मु0नं0-1758-19 धारा 323/427/452 भादवि0 थाना मितौली को उनके घरो से गिरफ्तार किया गया अभियुक्तगणो को न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है थाना फरधान पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 04/2024 धारा 2(बी)(द्व)/3 उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 से संबंधित वाछिंत अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय लखीमपुर खीरी भेजा जा रहा है थाना ईसानगर पुलिस द्वारा एक अदद अवैध देशी तमंचा (12 बोर) व एक अदद मिस कारतूस (12 बोर) के साथ अभियुक्त हरीराम पुत्र बल्ली नि0ग्राम पचासा मजरा ओझापुरवा थाना ईसानगर जनपद को पचासा चौराह से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना ईसानगर पर मु0अ0सं0 007/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा नफर वारंटी अभियुक्त- शंकर दयाल पुत्र किशोरी नि0 ग्राम सिसैया पुरवा मजरा मैनहाघाट थाना फूलबेहड़ को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

## समारोह में सैनी समाज की प्रतिभाओं का किया सम्मान

**सहारनपुर।** सावित्री बाई फुले जयंती के उपलक्ष में ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज ने त्रैमासिक बैठक का आयोजन कर विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी दिए गए। दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष नरेश सैनी, महिला प्रदेश अध्यक्ष रोमा सैनी, राष्ट्रीय कल्याण सचिव तेजपाल सैनी, आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नरेश सैनी ने कहा कि हमारे समाज को एक होकर और आपसी मतभेद भुलाकर अपने समाज को एक नई दिशा देनी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ी को लगे कि हमारे पूर्वजों ने समाज को बढ़ाने के लिए भरसक प्रयास किए। उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी ने माता सावित्री बाई फुले जयंती अवसर पर भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले के जन्म दिवस 3 जनवरी को महिला शिक्षिका दिवस घोषित करने व महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित किया जाने की मांग की। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सैनी, जिला अध्यक्ष ऋषिपाल सैनी, सुनीता सैनी, कौशल सैनी, उत्तराखंड युवा प्रदेश अध्यक्ष संदीप सैनी आदि ने विचार व्यक्त किए। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा साबित कर रही सपना सैनी, सोनिया सैनी, शालू सैनी, संगीता सैनी, रविता सैनी, सुनीता सैनी, प्राची सैनी, पल्लवी सैनी, प्रियंका सैनी, रीना सैनी समेत 31 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान विक्रम सिंह एडवोकेट सैनी, गोपी चंद सैनी खेमचंद सैनी, अजय सैनी, कमलेश सैनी, शालू सैनी, जसविंदर सैनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सैनी ने की। कार्यक्रम का संचालन खेमचन्द सैनी ने किया।

## हिट एंड रन कानून के विरोध में हड़ताल यथावत् जारी

**सहारनपुर।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए हिट एंड रन कानून का विरोध आज दूसरे दिन भी जारी रहा। जिला सहारनपुर ड्राईवर कन्ड्रैक्टर यूनियन के बनैर तले बस और ट्रक चालकों ने जमकर प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौपा। उधर, रोडवेज बसों का संचालन सुरक्षा व्यवस्था के बीच यथावत् जारी रहा, तो वहीं पैट्रोल डीजल के संकट को देखते हुए आज पैट्रोल पम्पों पर लम्बी-लम्बी कतारे देखी गयी। आज जिला सहारनपुर ड्राईवर कन्ड्रैक्टर यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए हिट एंड रन कानून के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भारत सरकार द्वारा एक कानून पास किया गया है, जिसमे ड्राईवर द्वारा एक्सीडेट करने पर 10 साल की सजा व जुर्माने का प्राविधान किया गया है। कोई भी ड्राईवर जान-बूझकर एक्सीडेंट नही करता है। अचानक हादसा हो जाता है। जो कानून लागू किया गया है, उससे ड्राईवरो मे भारी रोष है और यह कानून लागू होने से सभी बस ड्राईवरो गाड़ी चलाने से डरेगे। उन्होंने मांग की कि यह कानून वापिस लिया जाये या इसमे सशोधन किया जाये। ज्ञापन देने वालो मे जिला सहारनपुर ड्राईवर कन्ड्रैक्टर यूनियन सहारनपुर के अध्यक्ष सैय्यद मुकर्रम हुसैन, आबिद प्रधान, अनिल महेश्वरी, यासिर हुसैन, मुदस्सिर हुसैन, रामपाल सैनी, नासिर जमाल, चौ.राजेंद्र, मसरूर खान, राशिद प्रधान, नौशाद खान, बबलू पीरजादा, नौशाद पीरजादा, मोन, अफजल, धीर सिंह, वसील, आजम कुरैशी, शोबी, युसुफ निर्मल, बिलाल शेख, फारूक, बाबर, तालिब शेख, फरहान, अथर सिंह, शाजेब हुसैन, अनीस मिर्ज़ा, मुकेश, सुभाश कुमार, बबली पंडित, मनोज कुमार, परवेश कुमार आदि मौजूद रहें।

## नए कानून के विरोध में ट्रक चालकों नें किया चक्का जाम

उधर, मंडी समिति रोड पर आज सहारनपुर मिनी ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में धरना प्रदर्शन किया गया और ट्रकों को खड़ा कर चक्का जाम किया गया। अध्यक्ष मनोज शर्मा के नेतृत्व में ट्रक चालकों ने चक्का जाम लगाया और नए कानून के विरोध में ट्रकों समेत पिकअप छोटा हाथी चालक व परिचालक हड़ताल पर रहे। महासचिव मोहित जैन का कहना था कि जब तक यह काला कानून वापस नहीं दिया जाएगा तब तक हम इसी तरह धरने प्रदर्शन पर बैठे रहेंगे और एक भी ट्रक सहारनपुर की सड़क से माल लेकर नहीं जाएगा। सचिन शराफत अली ने सभी ट्रक ड्राइवरों से आह्वान किया कि सभी एक जुट होकर इस काले की वापिसी तक संघर्षरत रहे। धरना प्रदर्शन करने वालों में निर्दोष कुमार सैनी, अनिल कुमार, प्रमोद चौधरी, अशोक कुमार, राकेश कुमार, शमशाद, आमिर कुरैशी, विपिन शर्मा, राजेश गुप्ता आदि बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्टर एवं ड्राईवर मौजूद रहे।

## गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**सहारनपुर।** गन्ना मूल्य घोषित किए जाने की मांग को लेकर आज भाकियू (अ) से जुड़े किसानों ने गन्ना भवन पर प्रदर्शन कर धरना दिया और इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। आज जिलाध्यक्ष नरेश कुमार स्वामी के नेतृत्व में किसान हकीकत नगर स्थित गन्ना भवन पहुंचे, जहां उन्होंने गन्ना मूल्य घोषित न किए जाने के विरोध में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए किसान प्रतिनिधियों ने कहा कि चीनी मिलों का आधा पेराई सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक भी प्रदेश सरकार की ओर से गन्ना मूल्य घोषित नहीं किया गया है, जिस कारण किसानों में संशय की स्थिति बनी हुयी है। उन्होंने कहा कि गत वर्षो सें गन्ना मूल्य वृद्धि न होने के कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, जबकि कृषि सम्बन्धित लागत मूल्यों में काफी वृद्धि हुई है। सरकार द्वारा गन्ना मूल्य बढ़ोत्तरी के आश्वासन के बाद भी मूल्य वृद्धि घोषित नही हुई, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। उन्होने मांग कि की अविलम्ब गन्ने का मूल्य 450 रुपये प्रति कुन्तल घोषित किया जाए अन्यथा भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ता आन्दोलन करने को बाध्य होगा।

# अधिकारी शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें: नगरायुक्त

- नगरायुक्त ने गत जनसुनवाई में आयी शिकायतों के निस्तारण की भी की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज संभव जनसुनवाई का आयोजन किया गया। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने जनसुनवाई में आए लोगों की शिकायतों को सुना और अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि निस्तारण में कोई कोताही न बरते। जिनके अनुपालन में अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गयी। उन्होंने गत जनसुनवाई में आयी शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की।

जनसुनवाई संभव में आज कुल 19 संदर्भ प्राप्त हुए। सहारनपुर नगर निगम इन शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज आई 19 शिकायतों में से 12 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। जलकल की पाइप लाइन सम्बंधी शिकायतों पर उन्होंने जलकल अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जबकि अतिक्रमण सम्बंधी शिकायतों के लिए भी नगरायुक्त ने अतिक्रमण प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के लिए कहा। संभव के दौरान आज आई शिकायतों में स्वास्थय विभाग से सम्बंधित 2, जलकल की 3, निर्माण सम्बंधी 8, अतिक्रमण सम्बंधी 4 तथा पथ प्रकाश सम्बंधी 2 शिकायतें प्राप्त हुई। नगरायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर के विकास के लिए समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

नगरायुक्त ने गत जनसुनवाई में आयी 18 शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि सभी शिकायतों का निस्तारण किया गया है। निर्माण सम्बंधी आठ शिकायतों के सम्बंध में स्थलीय निरीक्षण कराकर 97.83 लाख का आगणन बनाया गया है।

अतिक्रमण तीन शिकायतों पर कार्रवाई के लिए तिथि निर्धारित कर दी गयी है। जबकि सफाई, टैक्स व पथ प्रकाश सम्बंधी शिकायतों का भी निस्तारण करा दिया गया है। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त राजेश यादव, एस के तिवारी, मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह व अशोक प्रिय गौतम सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## माध्यमिक विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग

**सहारनपुर।** सर्दी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए माध्यमिक विद्यालय में अवकाश घोषित कराए जाने की मांग को लेकर शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला और इस संबंध में आदेश जारी करने की भी मांग की।

आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षक नेता रजनीश चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र से उनके कार्यालय में मिला और उन्हें सौपें ज्ञापन में बताया कि शीत लहर के चलते सर्दी का प्रकोप निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे में ग्रामीण अंचल से आने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिला अधिकारी से मांग करते हुए कहा कि बच्चों की समस्याओं को देखते हुए माध्यमिक स्तर तक के सभी विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाए। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक को भी आदेश दिए जाएं ताकि बच्चों को सर्दी से राहत मिल सके। प्रतिनिधि मंडल में ज्ञानेंद्र सिंह पुंडीर, शिव कुमार राठौर, संजय शर्मा, अनिल कुमार, सोम प्रकाश शर्मा, राम नरेश शर्मा, कु.दीपा, अनीता रानी सहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# बस चालक संगठन द्वारा लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही हड़ताल



अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी खीरी।** हिट एंड रन कानून में नए प्रावधानों के विरोध में मोहम्मदी रोडवेज बस स्टैंड में सन्नाटा पसरा है। मोहम्मदी से सभी रूटो को जाने वाली बसों के ड्राइवर नही आए। बस चालक संगठन द्वारा लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी हड़ताल जारी रही। मोहम्मदी में प्राइवेट बस भी रहे बंद जेबी गंज रोड, बरवर रोड, पूबाया रोड हिट एंड रन कानून में नए प्रावधानों के विरोध में ड्राइवरों द्वारा लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी हड़ताल जारी रही।इस दौरान मोहम्मदी से चलने वाली सभी निजी व टैक्सी वाहनों का संचालन बंद रहा। हालांकि सभी मार्गों पर रोडवेज बसों का संचालन भी बन्द रहा राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बस ड्राइवर सरकार से नए प्रावधानों को खत्म करने की मांग कर रहे हैं।

# राष्ट्र कल्याण की कामना को लेकर संगीतमय किया हनुमान चालीसा पाठ



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सिद्ध पीठ प्राचीन बालाजी हनुमान मंदिर में नववर्ष के मंगलमय होने की कामना को लेकर राष्ट्र कल्याणर्थ मनोकामना पूर्ण संगीतमय श्रीहनुमान चालीसा पाठ का अनुष्ठान महायज्ञ किया गया।

आज मोहल्ला चौन्तला स्थित मंदिर परिसर में श्री बालाजी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार के तत्वाधान में आज नव वर्ष मंगलमय में होने की कामना को लेकर राष्ट्र कल्याणर्थ मनोकामना पूर्ण संगीत में पांच श्री हनुमान चालीसा पाठ अनुष्ठान महायज्ञ का आयोजन किया गया। प्रातः कालीन पूजा अर्चना के साथ श्री बालाजी महाराज को चोला अर्पण किया गया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण की कामना को लेकर राष्ट्र कल्याण मनोकामना पूर्ण संगीतमय पांच श्री हनुमान चालीसा पाठ का अनुष्ठान महायज्ञ किया। इस अवसर पर सभी लोगों ने नव वर्ष में सभी का जीवन सुखमय होने और सुख समृद्धि आने की कामना करते हुए श्री बालाजी महाराज से सामूहिक प्रार्थना की इस अवसर पर गरीब लोगों की मदद के लिए 300 निराश्रित लोगों को कंबल भी विकसित किए गए। श्री बालाजी महाराज की आरती के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया।

# सीआईएस व यातायात पुलिस ने वाहनों पर लगाये रिफलेक्टर स्टीकर

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** घने कोहरे के चलते सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने के लिए आज चैंबर ऑफइंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज एवं यातायात पुलिस प्रशासन के संयुक्त रूप से अभियान चलाते हुए 100 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाये और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित किया। एक जनवरी से सीआईएस व यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाये जाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत आज राकेश कैमिकल तिराहे, देहरादून रोड, सहारनपुर पर लगभग 100 वाहनों पर संस्था के रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाए गए। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा ने कहा कि संस्था द्वारा ट्रैक्टर ट्राली और पुराने वाहनों की बैकसाइड पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने का यह सराहनीय कार्य किया जा रहा है निश्चित रूप से ही कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में इससे कमी आएगी। अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी ने कहा कि चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज समाज के प्रति उत्तरदायी उद्यमियों की संस्था है जो कि अपने कर्तव्यों के प्रति सजग है और समाज हित के कार्यो के लिए तत्पर है। सर्दियों में कोहरा घना होने के कारण दिखाई देना कम हो जाता है जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ जाती हैं। क्योंकि पुराने वाहनों पर बैकलाइट न होने की वजह से सड़क किनारे खड़ा हुआ वहां दिखाई नहीं देता है जिसमें मुख्यतः ट्रैक्टर ट्राली और पुराने वाहन ज्यादा होते हैं। संस्था ने कोहरे के दौरान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए वाहनों की बैकसाइड पर रिफ्लेक्टर लगाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में आज वाहनों पर रिफ्लेक्टर स्टीकर वाहनों पर लगाए गए। कार्यक्रम में टी.एस.आई. अमित तोमर, राकेश कैमिकल पुलिस चौकी प्रभारी सोनू राणा एवं ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी पीयूष, संजय गुप्ता, सुनील सूरी, मयंक अग्रवाल, राजीव सचदेवा, एच.एस. चड्ढा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कपूर, महासचिव अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष रवि टंडन, उपाध्यक्ष दिनेश माहेश्वरी, सचिव रविंद्र कालड़ा, विजय वशिष्ठ, आर.के.गुप्ता, राजेंद्र भाटिया, ललित पोपली, रमन पोपली, मुकेश दत्ता, राजेश दुआ एवं पंकज हरजाई आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# सुनील गुप्ता बने अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने सुनील गुप्ता को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंप उन्हें संगठन में मजबूती में पूर्ण सहयोग देने की आशा जतायी है। अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने सुनील गुप्ता की कर्तव्य निष्ठ व कार्य शैली को देखते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष के साथ-साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी दी गयी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन एक संस्था ही नहीं बल्कि एक मिशन है समस्त वैश्य समाज के लोगों का एक साथ जोड़कर मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही प्रदेश स्तर पर प्रत्येक जिले में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा और जनपद की कार्यकारिणी भी घोषित की जाएगी। कार्यकारिणी में केवल आईवीएफके सदस्य ही मनोनीत किए जाएंगे। इस मौके पर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम राजीव सिंघल, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महावीर प्रसाद गुप्ता, विनीत मित्तल, निलेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, महिला इकाई की जिला अध्यक्ष संगीता गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, आदेश बिंदल, मयंक गर्ग, पार्षद संजय गर्ग, पार्षद दिनेश गोयल, विपुल गुप्ता, डीके बंसल, वैभव गुप्ता, मनोज तायल, विनोद गुप्ता, श्रवण गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, विनय गुप्ता, श्रीमती कल्पना अग्रवाल, अवनीश गर्ग आदि ने सुनील गुप्ता को शुभकामनाएं दी।

# ग्राम शेरपुर खाना जादपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

## विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित, दिये गये प्रमाण पत्र

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में विकासखण्ड मुजफ्फराबाद की ग्राम पंचायत शेरपुर खाना जादपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होने सभी को विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संबोधन एवं लाभार्थियों के साथ संवाद का सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण में लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के साथ अपने सुखद अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में एलईडी वीडियो वैन के माध्यम से सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर लाभान्वित किया गया। जिनमें छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन, किसान को अनुदान पर ट्रैक्टर, आयुष्मान कार्ड, घरौनी सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।



जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार के साथ-साथ आमजन की सहभागिता आवश्यक है। उन्होने सभी जनपदवासियों से अनुरोध किया कि वे यात्रा में भाग लें और शासकीय योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होने बताया कि विकसित भारत के लिए जो संकल्प लिया गया है उसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता एवं निरंतर प्रयास जरूरी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में 11 एलईडी वैन के माध्यम से गांव-गांव जाकर आमजन को शासकीय योजनाओं के बारे में जागरूक करने के साथ ही पात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह यात्रा गांव के साथ ही नगरीय क्षेत्रों में भी निरंतर चल रही है। योजनाओं का जन-जन तक लाभ पंहुचाने के साथ ही अनुभव भी साझा किये जा रहे है। आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना एवं नैनो उर्वरक से संबंधित लगाए गये स्टालों का राज्यमंत्री ने निरीक्षण किया। हमारा संकल्प विकसित भारत के संबंध में सेल्फी प्वाईट बनाया गया जिस पर राज्य मंत्री, जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों तथा आमजन ने सेल्फी ली। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री साहब सिंह सैनी, पूर्व विधायक नरेश सैनी, उपजिलाधिकारी बेहट दीपक कुमार, उप कृषि निदेशक डॉ.राकेश कुमार सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# कोतवाली प्रभारी ने होम गार्ड को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**महाराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली प्रभारी बालेंद्र गौतम ने एक होमगार्ड को उत्कृष्ट कार्य करने टर्न आउट वह अच्छी ड्यूटी करने के लिए सम्मानित किया तथा प्रशस्ति पत्र देकर हौसला अफजाई की बताते चलें कि 1 जनवरी 2024 को होमगार्ड कमला कांत शास्त्री कंपनी महाराजगंज रायबरेली को अच्छे टर्न आउट व अच्छी ड्यूटी करने के लिए कोतवाली महाराजगंज परिसर में प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र गौतम द्वारा प्रशंसा पत्र दिया गया कंपनी के अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया तथा समस्त गार्ड द्वारा कमलाकांत को मुंह मीठा करा कर व माला पहनकर सम्मानित किया गया तथा ए सी सी बुद्धि सेन शर्मा वा पीसी इंद्रमणि सिंह तथा वीओ राजेश कुमार तथा होमगार्ड राम यश मौर्य रामप्रताप रामदास राजेश सिंह सतीश सिंह प्रदीप सिंह रमापति लाल मोहम्मद रामराज इशा मोहम्मद दिनेश सिंह धर्मराज माताफेर धर्मेंद्र मौर्य आशीष द्विवेदी सहित अनेक होमगार्ड मौजूद रहे।

# स्कूलों पर बढ़ा ठंड का कहर

## प्री प्राइमरी से आठवीं तक के स्कूलों में छुट्टी, बड़ी कक्षाओं का बदला समय



- सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के लिए जारी हुआ आदेश
- कक्षा 9वीं से 12वीं कक्षा तक सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक कक्षाएं चलेंगी

**लखनऊ।** उत्तर भारत में शीतलहर ने अपना प्रकोप ढाना शुरू कर दिया है। दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में पड़ रही कड़ाके की सर्दी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। यूपी के कई जिलों में कड़ाके की ठंड के साथ-साथ घना कोहरा भी पड़ रहा है इसका सबसे ज्यादा असर सुबह-सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों पर दिखाई दे रहा है। इसी कारण से उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों को बंद रखने के आदेश दे दिए गए हैं. छुट्टियों की घोषणा होते ही बच्चों को राहत मिली है।

घने कोहरे व अत्यधिक ठंड के चलते बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतमबुद्धनगर में 6 जनवरी 2024 तक नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया है. साथ ही डीएम ने सभी स्कूलों को कड़ाई से इस आदेश का पालन करने को कहा गया है। शीतलहर को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने लखनऊ में प्री प्राइमरी से आठवीं कक्षाओं के बच्चों के लिए 6 जनवरी 2024 तक अवकाश घोषित किया गया है. इसके अलावा इंटरमीडिएट में संचालित कक्षाओं की समय अवधि में बदलाव के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं कक्षा तक सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक कक्षाएं चलेंगी. ये आदेश सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के लिए जारी किए गए हैं। इसके अलावा यूपी के गाजियाबाद में भी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बढ़ती सर्दी को देखते हुए जिले में प्री प्राइमरी लेकर कक्षा 8वीं तक सभी स्कूलों में 6 जनवरी 2024 तक स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए हैं. वहीं, जालौन में भी शीतलहर के चलते जिलाधिकारी ने भी सभी स्कूलों को 6 जनवरी तक बंद करने के आदेश जारी किए हैं। कुशीनगर में कड़ाके के ठंड के चलते कक्षा 1 से 8 तक स्कूल बंद रहेंगे. शीतलहर और कड़ाके की ठंड देखते हुए डीएम ने 14 जनवरी तक सरकारी और निजी स्कूलों में छुट्टी करने का आदेश जारी किया। घने कोहरे व अत्यधिक ठंड के चलते डीएम के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं. बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित स्कूलों में अवकाश रहेगा. बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 14 जनवरी तक अवकाश का आदेश जारी किया है. डीएम ने आदेश को कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए हैं. मौसम विभाग ने जिले में अत्यधिक ठंड और घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। दिल्ली के स्कूलों में विंटर वेकेशन का ऐलान कर दिया गया है।

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, श्री शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ, आज प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे संरक्षा को बहुत महत्व देता है । इसके लिए रेलपथों, चल स्टॉक, सिगनल एवं बिजली की ओवर हैड तारों के रख-रखाव पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए।

उन्होंने विभागों से रेल कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं पुनश्चर्या पाठयक्रम आयोजित करने का परामर्श दिया ताकि उन्हें जागरूक बनाए रखा जा सके और रेल प्रणाली में मानवीय त्रुटियों को कम किया जा सके। सर्दियों के मौसम में घने कोहरे से उत्तरी क्षेत्र में रेल परिचालन बहुत कठिन हो जाता है। उन्होंने सभी मंडलों को निर्देश दिया कि सिगनल प्रणाली को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। महाप्रबंधक ने रेल पटरियों में आने वाली दरारों पर चिंता प्रकट की और सिगनलों, रेल दरारों और रेल वेल्डों की व्यापक रूप से निगरानी के निर्देश दिये और कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की गलती नहीं रहनी चाहिये। महाप्रबंधक ने यात्री सुविधाओं में बढोतरी के कार्यों एवं नई लाइनों और दोहरीकरण परियोजनाओं के कार्य में तेजी लाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने, जहां भी आवश्यक है, वहां पेडों की छँटाई के लिए वन विभाग से अनुमोदन लेने की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए ताकि उनसे रेल पटरियों अथवा ओएचई तारों को कोई क्षति न पहुँचे। उन्होंने रेलपथों पर विद्युत संरक्षा के साथ-साथ रेलगाड़ियों के निर्बाध परिचालन के लिए रिले और पैनल रूमों की संरक्षा पर भी ध्यान केन्द्रित करने के निर्देश दिए । उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय त्रुटियों को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों को समयपालनबद्धता को बनाये रखने और माल लदान व संरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## समस्त चालको परिचालकों से यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन की अपील

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तेज बहादुर शर्मा महामंत्री यूपी रोडवेज एम्प्लाइज यूनियन ने कहा कि आप सभी साथियों को अवगत कराना है कि जो प्रस्तावित कानून चालकों से होने वाली दुर्धटना के संबंध में आप सब हड़ताल पर हैं क्योंकि अभी वह कानून के रूप में हम पर लागू नहीं हुआ है यद्यपि यह खतरनाक बात है ऐसे में चालकों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा परंतु यह नियम लागू होने से पूर्व हड़ताल करना उचित प्रतीत नहीं होता है अतः आप सभी से अनुरोध है की अपनी रोजी रोटी के आधार पर परिवहन निगम के अस्तित्व को संरक्षित करने के लिए वर्तमान हड़ताल को स्थगित कर संचालन करने का कष्ट करें यदि इसके बावजूद भी यह कानून लागू होता है तो हम सब एक जुटता के साथ आंदोलन करेंगे आशा है कि आप हमारी भावना को अंगीकार करते हुए संचालन प्रारंभ करने का कष्ट करेंगे।

## नए कानून के खिलाफ वाहन चालकों का प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** केंद्र सरकार द्वारा वाहन चालकों के खिलाफ आपराधिक और दंडात्मक नया कानून लागू कर दिया गया, इससे वाहन चालक भुखमरी की कगार पर आ गए हैं। वाहन चालकों ने सरकार द्वारा पारित नए कानून के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर वापस लेने की मांग का प्रधानमंत्री से सम्बोधित जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया है। केंद्र सरकार द्वारा वाहन चालकों के खिलाफ संसद में नया कानून पारित किया गया है। नए कानून के अंतर्गत वाहन चालक को दुर्घटना के दौरान किसी व्यक्ति की मौत होने पर 10 साल की सजा और 7 लाख के जुर्माना का प्रावधान किया गया है। इससे वाहन चालकों में आक्रोश व्याप्त है। हजारों की संख्या में छोटे-बड़े वाहनों के चालक नए कानून को वापस लेने के लिए सरकार के खिलाफ देश और प्रदेश मे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहन चालकों के धरना प्रदर्शन से चौथे दिन आवा गमन बाधित हो रहा है। वहीं पर माल भाड़े में भी किराया का इजाफा हो रहा है। इस मौके पर विक्रम अप्पे यूनियन के जिला अध्यक्ष नसीम मोहम्मद के साथ हजारों वाहन चालकों ने धरना प्रदर्शन में भाग लिया है। इस मौके पर मोहम्मद नसीम ऑटो ई रिक्शा के जिला अध्यक्ष ने वाहन चालकों के साथ जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर सरकार से कानून को वापस लिया जाए नहीं तो हमारी हड़ताल जारी रहेगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** पूर्व आई.आर. एस शम्भू दयाल व जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास खण्ड डकोर के ग्राम रिरुआ में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एलईडी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन का संजीव प्रशारण देखा गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पत्रों तक सीधे पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य शासकीय योजनाओं को घर-घर तक पहुंचना है। माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सरकार के साथ-साथ आम जनमानस की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी जनपद वासियों से अनुरोध किया है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग ले एवं शासकीय की योजनाओं का लाभ उठाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को जो दूरदर्शी निर्णय लिया है उसके गवाह हम सभी होंगे। उन्होंने कहा कि 2047 में भारत के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्माण करने के लिए सक्षम नागरिक के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए जो संकल्प लिया गया है उसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता एवं निरंतर प्रयास जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए एलईडी वैन के माध्यम से गांव-गांव जाकर आम जनमानस को शासकीय योजनाओं के बारे में जागरूक करने के साथ ही पत्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्म योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, गांव का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना एवं नैनो उर्वरक की विस्तृत जानकारी कैंप लगाकर आम जनमानस को दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र लाभार्थियों को आवास की चाबी वितरण की इसी प्रकार शौचालय प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड देकर लाभार्थियों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद गुप्ता, बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश, प्रधान आदि सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणी विवाह का हुआ आयोजन



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सर्वोदय नगर स्थित विंध्यवासिनी होटल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की छठे दिवस में कथा वाचक आचार्य उमेश मिश्रा ने आज रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनने के साथ ही भगवान कृष्ण के वृंदावन में बिताए हुए समय के बारे में भक्तों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा किकृष्ण के द्वारिका जाते समय नन्द बाबा ने बलदाऊ से बोला कृष्ण का हाथ पकड़ कर ले जाना क्योंकि तुम बड़े भाई हो कृष्ण का ध्यान रखना। तब बलदाऊ बोले बाबा कृष्ण का हाथ कौन पकड़ सकता है पूरे लोक के लोगों का हाथ तो कृष्ण ने पकड़ रखा है और सभी का वो ध्यान रखते हैं। ईश्वर को आपसे कुछ नही चाहिए क्योंकि वो तो सभी को देने वाले हैं, ईश्वर तो सिर्फ प्यार के भूखे हैं। कल श्रीमद् भागवत चल कथा के अंतिम दिवस पर पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया गया है आज के कथा के कार्यक्रम मेंसर्वश्री राम अवतार अग्रवाल, जगदीश प्रसाद, सत्यनारायण अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सर्व मित्र भट्ट , निवेदिता भट्ट सहित सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

## नरमू मंडल मंत्री और शाखा पदाधिकारियों के द्वारा नए पुराने कर्मचारियों से जनसंपर्क किया गया

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** दिनांक 02/01/2024 को शाखा आउट डोर || लखनऊ की ओर से एन ई रेलवे मजदूर यूनियन के मंडल मंत्री आर.एन. गर्ग जी के नेतृत्व में लखनऊ जं स्टेशन परिसर पर गार्ड लाबी, पार्सल आफिस, सी. टी. आई. आफिस, स्टेशन अधिक्षक, बुकिंग आफिस, टी.एल./ए. सी. आफिस, पावर आफिस, केविन आफिस, कैरेज पासिंग आफिस, पावर आफिस में जाकर कर्मचारियों एवं अधिकारियों से मिलकर नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं नये वर्ष के कलेण्डर रेल कर्मचारियों को बाटने का कार्य किया गया जिसमे मुख्य रूप से शाखा आउट डोर || के सभी पदाधिकारी संजीव चौधरी, राजन सक्सेना, नैयर अहमद, पी.के.सिंह, राजेश सिंह, अरुण पटेल, सुनील यादव, अमित पाल, विजेंद्र भारती, महेश सिंह शाखा आउट डोर शाखा मंत्री ए. के.रावत, शाखा अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, यू.पी. सिंह, भईया लाल, शानदार हुसैन, सरोज कुमार, युवा शाखा मंत्री प्रिया पुरवार,युवा कामरेड मंडल मिडिया प्रभारी मो. नसीम इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन 9 जनवरी से

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई ने बताया कि उ.प्र. कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जनपद के प्रत्येक विकासखंड स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, रोजगार मेले में प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों, सेवा प्रदाताओं से समन्वय स्थापित करते हुए गुणवत्तापूर्वक एवं अधिक मानदेय युक्त पंजीकृत एजेसियो, नियोक्ताओं तथा डी.डी.यू.-जी.के.वाई. उ.प्र. कौशल विकास मिशन के अंतर्गत कार्यरत पी.आई.ए., प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा भी सेवायोजन एजेंसियों, नियोक्ताओं को प्रतिभाग कराया जाएगा, उक्त रोजगार मेले में जनपद के 18 से 45 आयुवर्ग के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार प्रतिभाग कर सेवायोजन से लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि विकासखंड मैनपुरी में दि. 09 जनवरी को गवर्नमेंट आई.टी.आई. केंपस करहल रोड पर, विकासखंड किशनी में दि. 11 जनवरी को ब्लॉक किशनी परिसर में, विकासखंड करहल पर दि. 12 जनवरी को उप एस.डी.एम. सेंटर ग्रीनवाली करहल में, विकासखंड बेवर में दि. 15 जनवरी को डी.डी.यू.-जी.के.वाई. सेंटर जी.एस.एम. डिग्री कॉलेज बेवर में, विकासखंड बरनाहल में दि. 18 जनवरी को ब्लॉक बरनाहल परिसर में, विकासखंड कुरावली में दि. 20 जनवरी को ब्लॉक परिसर में, विकासखंड घिरोर में दि. 23 जनवरी को ब्लॉक परिसर में, विकासखंड जागीर में दि. 27 जनवरी को विकासखंड परिसर में तथा विकासखंड सुल्तानगंज में दि. 31 जनवरी को ब्लॉक सुल्तानगंज परिसर में रोजगार मेले का आयोजन प्रस्तावित है।

## भाजपा के वरिष्ठ प्रचारक हृदय नाथ सिंह का निधन

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, वरिष्ठ प्रचारक एवं पूर्व संगठन मंत्री हृदय नाथ सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए बीजेपी कार्यालय में रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या और सुरेश खन्ना समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक एवं भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री हृदयानाथ सिंह के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जताया शोक जताया है।

## मुख्यमंत्री द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों से संवाद किया गया

अवधनामा संवाददाता

- डीएम ने ग्राम पंचायत-जवई पड़री में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को कराया अन्नप्राशन

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने ग्राम पंचायत-जवई पड़री में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विभिन्न विभागों यथा-बेसिक शिक्षा, कृषि, दिव्यागजन सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य आदि विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को पात्र लाभार्थियां का पंजीकरण कराकर लाभान्वित करने के निर्देश दियें। उन्हांने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों को अन्नप्राशन कराया।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तथा उपस्थित ग्रामवासियों ने मा0 मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन को भी सुना। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं। यह कार्यक्रम 26 जनवरी 2024 तक संचालित किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ कार्यक्रम का उद्देश्य-सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन/ विशेषकर वंचित लोगों को जागरूक करना, विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लोगों को चिन्हित कर लाभान्वित करना तथा लाभान्वित लाभार्थियों से उनके अनुभव/फीडबैक प्राप्त करना है। उन्हांने ग्रामवासियों से कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हों तथा किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड एवं आवास आदि के लिए आवेदन/पंजीकरण करा लें, जिससे पात्रता की स्थिति में लाभान्वित किया जा सकें। उन्हांने कहा कि सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रहीं है, योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पंचायत सिराथू भोला यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा डी0सी0 मनरेगा मनोज वर्मा, उपायुक्त एनआरएलएम सुखराज बन्धु, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राकेश वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी भावेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## रोड़वेज व निजी बसों का संचालन शुरू, ट्रक चालकों की हड़ताल जारी

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** बीते दिन 'हिट ऐंड रन' कानून में बदलाव के विरोध में वाहन चालकों की हड़ताल जारी है। इसी के चलते रोडबेज चालकों की हड़ताल बीते दिन थी लेकिन मंगलवार से उनका संचालन शुरू कराया गया। बस अड्डे पर बीते सोमवार को बसों का संचालन बंद था। बस चालकों नें भी हड़ताल का समर्थन किया था। जिससे रोड़ को लगभग 15 लाख से अधिक का राजस्व नुकसान हुआ। वहीं यात्री भी भटकते रहे लेकिन मंगलवार को सुबह रोडबेज कर्मचारी नेताओं से वार्ता के बाद संचालन शुरू किया गया।

एआरएम आरसी यादव से रोडबेज नेताओं की वार्ता हुई उसके बाद रोडबेज चालक अपने काम पर लौट आये। चालक सुग्रीब पाल नें बताया कि कानून के विरोध में है द्य लेकिन दबाब विभाग पर बनाकर संचालन शुरू कराया है। रोडबेज कर्मचारी नेता योगेन्द्र सक्सेना का कहना है कि कानून के वह विरोध में है लेकिन अभी तक कानून बना नही है। लिहाजा उनके प्रदेश नेतृत्व से निर्देश मिलने परआगे की कार्यवाही जिला संगठन करेगा फिलहाल चालक काम पर आ गये है। बसों क संचालन शुरू क्र दिया गया है। एआरएम आरसी यादव ने कहा कि बसों का संचालन शुरू है दिल्ली मार्ग पर भी बसों को शुरू कर दिया गया है। कानून अभी बना नही है यदि कोई रोडबेज बस रोंकता है तो पुलिस प्रशासन एलर्ट है। हरपालपुर यूनियन के उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला नें बताया कि उनकी निजी बसों की अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी है।

## कोहरे व गलन से लोग बेहाल

**फर्रुखाबाद।** मौसम का मिजाज खासा परेशानी भरा है। मंगलवार को पूरे दिन ठंड व गलन ने लोगों को बेहाल रखा। सुबह घना कोहरा व धुंध छाई रही। गलन व ठिठुरन ने लोगों को बेहाल रखा। जिससे आमजन के अलावा बेजुबान भी ठंड की चपेट में नजर आये। कोहरे व गलन की वजह पहाड़ी इलाकों से आ रही हवाएं हैं। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला जारी है। उस ओर से आने वाली हवा वातावरण में गलन व ठिठुरन घोल दी। इसी वजह से वातावरण में नमी की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है। नमी के चलने की कोहरा हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार सात जनवरी तक सर्द हवाएं परेशान कर सकती हैं। सोमवार रात से ही कोहरा छाने लगा। मंगलवार सुबह कोहरे की चादर फिर फैल गई। कोहरा इतना घना था कि वाहन चालकों को लाइटें जलाकर चलना पड़ा। उधर सर्दी अधिक होनें से 1 से आठ तक के विद्यालय भी शासन के आदेश पर बंद कर दिये गये बीएसए गौतम प्रसाद नें बताया कि 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक 8 कक्षा तक के सभी विद्यालय बंद है।

# नमो ऐप पर जिले की जनता ने बढ़ाया युवा नेता का मान

## जिले में नंबर एक पर पहुंचे विकास राजपूत

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जनता की आवाज उठाने वाले जन सेवक युवा नेता विकास राजपूत इस वक्त फर्रुखाबाद की जनता के दिलों में छाए हुए हैं और जनता भी लोकसभा चुनाव के लिए रुक साफ कर रही है कि मुझे नेता चाहिए तो विकास राजपूत जैसा नमो ऐप के सर्वे में प्रथम स्थान पर नजर आए युवा नेता विकास राजपूत। नमो एप पर लोगों को जोड़ने के लिए भाजपा का बड़े स्तर पर अभियान चल रहा है।

कई पाठशाला भी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने को आयोजित हो चुकी है। खुद जिला प्रभारी शिव महेश दुबे पार्टी नेताओं को भी इस संबंध में गंभीरता से काम करने के निर्देश दे चुके हैं। फर्रुखाबाद में सोमवार से नमो एप पर लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट की दावेदारी कर रहे विकास राजपूत प्रथम स्थान पर चल रहे हैं। विकास राजपूत ने जिले के बड़े बीजेपी नेताओं, जन प्रतिनिधियों को पीछे छोड़ दिया है। आम जनता में विकास राजपूत को लेकर विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जिसका नतीजा भी अब दिखने लगा है। जहां सभी संसाधन होने के बाबजूद सांसद मुकेश राजपूत सिर्फ 334 सदस्यों को ही जोड़ सके है। वहीं अन्य नेताओं का तो लिस्ट में अता पता ही नहीं है। वहीं विकास राजपूत के साथ बड़ी संख्या में लोग जुड़ते नजर आ रहे है। गौर तलब है कि विकास राजपूत गैस सिलेंडर के दाम कम करने को सीएम योगी को पत्र भी लिख चुके है। इसके पहले भी विकास राजपूत ने सीएम योगी को पुलिस भर्ती में आयु सीमा में छूट को लेकर पत्र लिखा था जिसका सीएम ने संज्ञान में लेकर आयु सीमा में युवाओं छूट प्रदान की थी। भाजपा नेता विकास राजपूत ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। पीएम मोदी उनके आदर्श है। नमो एप पर उन्हें प्रथम स्थान पर पहुंचाने वाली जिले की जनता है व फर्रुखाबाद की जनता के लिए अंतिम सांस तक समर्पित रहेंगे। उन्होंने यह भी बताया की फर्रुखाबाद की बदहाली को एक दिन खुशहाली में बदलेंगे और जिले की जनता को विश्व स्तर की सुविधाएं मुहैया कराएंगे। इस बार जनता विकास के नाम पर वोट करेगी।

# पूजित अक्षत का घर-घर हुआ वितरण



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** नववर्ष के पहले महीने में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होना है। जिसके लिए नगर में अयोध्या से आए अक्षत का वितरण शुरू हो गया है। रामभक्त राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के पास एकत्रित हुए। राम भक्तों के साथ बजरंग बस्ती संयोजक त्रिलोकीनाथ गुप्ता, सह संयोजक शशिकांत वर्मा, पालक सीताराम हूंका ने श्रीमहादेव उपाध्याय के मंदिर में श्रीहनुमानजी महाराज का पूजन अर्चन कर अयोध्या धाम से भेजे गए पूजित अक्षत के घर-घर वितरण का श्रीगणेश किया। राम भक्तों ने बजरंग बस्ती के मोहल्ला पुरानी नझाई, पुरानी हाट व गणेशजी में श्रीराम जय राम, जय जय राम का नाद करते हुए श्रीराम जन्मभूमि भव्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में निमंत्रण के लिए श्रीअयोध्या धाम से भेजे गए पूजित अक्षत घर घर पहुचाए। रामभक्तों से अपील की गई कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस दिन आप सभी लोग अपने घर मे दीपावली मनाएं जालौन को अयोध्या बनाएं। घर के समीप के मंदिर में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड व रामरक्षा स्त्रोत का पाठ करें। श्रीराम जय राम जय जय राम विजय मंत्र का जप करे। इस मौके पर रमाकांत पुरवार, योगेंद्र राठौर, इंद्रजीत सिंह गुर्जर, निक्कू, वासु विश्नोई, राहुल यादव, कमल, कन्हैया, सन्तोष दिवेदी आदि मौजूद रहे।

# भाकियू अराजनैतिक कलेक्ट्रेट गेट का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक किसान संगठन ने पैदल मार्च कर गन्ना और झंडा लेकर कलेक्टर गेट का घेराव कर एसडीएम सदर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को सौंपा ज्ञापन 25 अक्टूबर 2023 को यूको गार्डन लखनऊ किसान महापंचायत मे लाखों किसनो की भीड़ इकट्ठा हुई थी किसान अपने हक पर अड़े थे तब मुख्यमंत्री जी ने किसानों से बैठक कर समस्या सुनी और कहां की आने वाले 2023,24 मे गन्ने का रेट बढ़ा दिया जाएगा और किसानों के ट्यूबवेल की बिल माफ कर दिया जाएगा लेकिन मुख्यमंत्री जी आज तक अपने वादे पर खरे नहीं उतरे जबकि कई प्रदेशों में गन्ने का रेट बढ़ा दिया गया है और किसानों के नलकूप की बिल माफ कर दी गई है लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार अभी तक किसानों के हित के लिए कोई कदम नहीं उठाया आज जिला अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में कलेक्टर गेट के सामने ज्ञापन सौंपा गया और वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि सरकार गन्ने का रेट ?500 कुंतल घोषित करें आंदोलन कारियों में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष देवनारायण सिंह वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद प्रदेश सचिव जगतपाल सिंह युवा जिला अध्यक्ष अनूप पांडे नकुल महिला जिला अध्यक्ष सविता मौर्या जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम अजय यादव राजू बाबा रेखा रावत राजमणि यादव लाजवती रामप्यारी धुरिया सुनील यादव जवाहरलाल तिवारी श्रीनाथ वर्मा राजू निषाद काशीराम दादा मगरू राम दादा रामबचन मौर्य राकेश यादव आसमा बेगम रमेश गुड़िया गोल्डी चौधरी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# योगी सरकार अयोध्या में सजाएगी वैश्विक राम दरबार

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम की वैभव का जितना भी बखान किया जाए, कम ही होगा। वह न केवल जनप्रिय युवराज थे, बल्कि परम आज्ञाकारी पुत्र, संन्यासी राजा, महा पराक्रमी योद्धा, मर्यादा पुरुषोत्तम उत्तम गुणवान पुरुष, पत्नीव्रता पति, परम अनुरागी ज्येष्ठ भ्राता और रिपुध्वंसक क्षमतावान होते हुए भी क्षमा, करुणा व शरणागत के संरक्षण को प्राथमिकता देने वाले करुणासागर थे। उनके इन्हीं सद्गुणों और उत्तम चरित्र से न केवल भारत बल्कि दुनिया के कई देश नसीहत लेते हैं और यही कारण है कि प्रभु श्रीराम न केवल भारत बल्कि वैश्विक आस्था का प्रतीक केंद्र भी हैं। इसी भावना को देश-विदेश में वृहद स्तर पर प्रचारित-प्रसारित करने की दिशा में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में विस्तृत कार्ययोजना बनाई गई है। मंगलवार को सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रभु श्रीराम को वैश्विक आस्था के केंद्र के तौर पर प्रचारित-प्रसारित करने के लिए अवधपुरी अयोध्या में देश-विदेश के 18 से ज्यादा रामलीला स्वरूपों का मंचन कराएगी। इसके अतिरिक्त प्रभु श्रीराम को केंद्र में रखकर विभिन्न सांस्कृतिक, पारंपरिक लोक कला व आध्यात्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। यूं तो रामलीला का मंचन भारत के विभिन्न प्रांतों में स्थानीय परंपरागत शैली के अनुरूप होता ही है, मगर विदेशों में भी रामलीला के कई प्रारूपों का मंचन होता है। ऐसे में, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए मकर संक्रांति (15 जनवरी) से 22 जनवरी के मध्य इन विभिन्न रामलीला प्रारूपों का मंचन अयोध्या के विभिन्न सांस्कृतिक केंद्रों में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अब जब 500 वर्षों के पश्चात नव्य अयोध्या सांस्कृतिक व आध्यात्मिक रूप से और समृद्ध दिखेगी, तो वहीं 22 जनवरी 2024 को पीएम नरेंद्र मोदी के करकमलों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विरामजान होंगे। इस अवसर को योगी सरकार अद्वितीय, अविस्मरणीय व अलौकिक बनाएगी। एक तरफ जहां देश-विदेश के कलाकार रामायण आधारित रामलीला की प्रस्तुति देंगे तो वहीं लोकपरंपराओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। योगी सरकार इस आयोजन के जरिए वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी समेत अयोध्या आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं को श्रीराम के आदर्शों व मूल्यों से अवगत कराने का अनुपम प्रयास करने जा रही है। रामोत्सव के लिए नेपाल, कंबोडिया, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि देशों के रामलीला मंडलियों के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, कर्नाटक, सिक्किम, केरल, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, लद्दाख और चंडीगढ़ की मंडली भी श्रीराम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रसंगों की प्रस्तुतियां देंगी। तुलसी भवन स्मारक स्थित तुलसी मंच पर देश व विदेश की विभिन्न रामलीलाओं का मंचन प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही, रामकथा पार्क के पुरुषोत्तम मंच, भजन-संध्या स्थल के सरयू मंच, तुलसी उद्यान के कागभुशुंडि मंच व तुलसी स्मारक भवन के तुलसी मंच पर रामलीला मंचन समेत विभिन्न सांस्कृतिक, आध्यात्मिक व लोक कला आधारित कार्यक्रमों का मंचन व संचालन किया जाएगा।



## सुबह में गरीबों को कम्बल ओढाकर मनाया नया सालः हनुमान सोनी

**गोसाईंगंज -अयोध्या।** नए साल सोमवार 1 जनवरी 2024 के स्वागत का धूम चारो ओर मचा हुआ है, हर कोई अपने अपने तरीके से नए वर्ष का स्वागत कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ समाजसेवी हनुमान सोनी ने नए वर्ष का स्वागत कुछ अलग अंदाज में किया। कड़ाके की गलन भारी ठंड और कोहरे में खुले आसमान के नीचे सो रहे गरीब, मजदूर और ज़रूरतमंदों को 2024 की सुबह में अपने कार से सड़क पर निकल कर खोज खोज कर कंबल दे कर नव वर्ष मनाया। गांवों में सड़क किनारे बैठे लोगों को कंबल ओढाया। समाजसेवी हनुमान सोनी ने बताया कि पिछले 5 सालों से 1 जनवरी की सुबह में हम अपने कार से रोड पर निकाल कर ऐसे लोगों को कंबल वितरण करते हैं जो खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है, ऐसी जरूरतमंदों कि हमें हमेशा मदद करते रहना चाहिए। वहीं समाजसेवी सोनी ने बताया कुछ साल पहले जब नववर्ष मना कर मैं घर वापस आ रहा था तो देखा कि रोड के किनारे बहुत सारे लोग बिना छत के सो रहे हैं।

# मोदी व योगी सरकार समाज के हर वर्ग की चिंतक : संजीव सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार जारी है। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटमपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार समाज के हर वर्ग का हित सोचने वाली पार्टी है। आज मोदी की गारंटी गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। यह गाड़ी युवाओं और महिला शक्ति दोनों को ही सशक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार जन-जन के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसका हर पात्र व्यक्ति लाभ उठा रहा है। अन्य सरकारों में जनता अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाती थी। लेकिन भाजपा की सरकार है कि आपके द्वार अधिकारी कर्मचारी खड़े होकर आपकी समस्याओं को सुनकर उसका निराकरण करा रहे हैं। तहसील व ब्लॉक के अलग-अलग 14 विभागों द्वारा संबंधित योजनाओं के स्टालों को लगाया गया और इन स्टालों पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गए पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया।




# डबल इंजन की सरकार में हो रहा अयोध्या का अभूतपूर्व विकास :प्रांशु दत्त द्विवेदी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी के अयोध्या आगमन पर पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने अंगवस्त्र व भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मंगलवार की सुबह उन्होनें अयोध्या में राम मंदिर, हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया।इस दौरान भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का अभूतपूर्व विकास हो रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक अवसर है। हम सब भाग्यशाली है कि हमारा जन्म उस पीढ़ी में हुआ जिसमें भगवान राम लला के दिव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता राम मंदिर ट्रस्ट के निर्देशानुसार अक्षत वितरण कार्यक्रम व अन्य कार्यक्रमों में सहयोग करें। प्रधानमंत्री के आवाहन के अनुसार 22 जनवरी को अपने घरों को रामज्योति से प्रकाशित अवश्य करें।पूर्व महापौर ने कहा प्राण प्रतिष्ठा का यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा जिसके साक्षी हम सभी होगें। अयोध्यावासी होने पर हम सभी को गर्व है। अयोध्या से निकले आध्यत्मिक प्रकाश से आज समूचा विश्व प्रकाशित हो रहा है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का अकल्पनीय विकास हो रहा है।इस दौरान युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष रवि शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुराग त्रिपाठी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



## स्व. डॉ0 कांतिलाल गुप्ता की पुण्यतिथि मनाई

**अयोध्या।** स्व0 डॉक्टर कांतिलाल गुप्ता की पुण्यतिथि आज नयाघाट अयोध्या पर भोजन करा जरूरतमंदो को कंबल वितरण के साथ संपन्न हुई।

नगर विधायक अयोध्या के स्वर्गीय पिता डॉक्टर कांतिलाल गुप्ता प्रसिद्ध होम्योपैथिक डॉक्टर के रूप में कार्यरत रहे और समाज के गरीबों, निचले तबके की हर संभव सहायता करते रहे।उन्होंने अपने जीवन काल में हजारों मरीजों का निशुल्क इलाज कर मानवता ही सेवा है का ध्येय चरितार्थ किया।नयाघाट पर आयोजित पुण्यतिथि में सैकड़ो गरीबों को भोजन कराया गया, तत्पश्चात जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि हमें हमेशा अपने पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताएं रास्ते पर चलना चाहिए, क्योंकि घर के जो वृद्ध होते हैं उनमें हमसे आपसे ज्यादा अनुभव होता है और उनके अनुभव के द्वारा हम अपने सामाजिक ताने-बाने को अच्छे से बुन सकते हैं।

# प्राण प्रतिष्ठा तक संचालित होंगे एलईडी वाहन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या ।** 22 जनवरी 2024 श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह आदि के लिए जनपद को 21 एल0ई0डी0 वाहन आगामी 25 जनवरी 2024 तक प्राप्त हुई है जो प्रचार एजेंसियों के माध्यम से संचालित होते है, इनका मुख्य कार्य प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कार्यक्रमो का सजीव प्रसारण तथा सांस्कृतिक एवं धार्मिक सीरियल पर आधारित कार्यक्रम व शासन की योजनाओं को प्रसारित करना है, इनकी प्रसारण की अवधि लगभग 08 से 09 घंटे तक होती है। इन एल0ई0डी0 वैनो को अयोध्या शहर के विभिन्न स्थानों यथा- गुप्तारघाट, कनक भवन, कारसेवकपुरम, रामकथा संग्रहालय, भजन संध्या स्थल, तुलसी उद्यान, अयोध्या धाम बस अड्डा, नगर निगम कार्यालय आदि के साथ-साथ तहसील यथा- मिल्कीपुर, बीकापुर, रूदौली व गोसाईगंज में तथा ब्लाक यथा- पूराबाजार, तारून, मयाबाजार, मिल्कीपुर, मवई, अमानीगंज, सोहावल, मसौधा, हरिंग्टनगंज व बीकापुर ब्लाक में तथा नगर पंचायत यथा-भरतकुण्ड, गोसाईगंज व कटरौली आदि के क्षेत्रो में प्रचार प्रसार हेतु संबंधित वाहनो को तैनात किया गया है। एल0ई0डी0 वैन के ऑपरेटर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों, सत्ताधारी पार्टी के जनप्रतिनिधियों के निर्देशानुसार संचालित करेंगे तथा वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के निर्देश पर इसमें कोई परिवर्तन होगा तो तत्काल इस व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से जानकारी दी जायेगी तथा इसमें विशिष्टजनो के आगमन प्रस्थान को ध्यान में रखते हुए किया जायेगा तथा आगामी दिनो में सूचना विभाग से और एल0ई0डी0 वाहन एल0ई0डी0 वाल आने की संभावना है। शहर के अन्य स्थानों पर मा0 जनप्रतिनिधिगणों व साधु-संतो की मांग पर स्थापित की जायेगी तथा पुनः निर्धारण किया जायेगा। पुलिस नगर ग्रामीण के निर्देशानुसार उसको निर्धारित किया जायेगा।

# लोकसभा चुनाव देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनावः पुनिया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा सरकार ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में देश में लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने का काम किया है। उनकी गलत आर्थिक नीतियों के चलते किसान, नौजवान सहित समाज का हर वर्ग तबाह हो गया है 2024 का लोकसभा का चुनाव देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डा पीएल पुनिया ने आज कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कांग्रेसजनो की बैठक में आए सभी कांग्रेसजनों को नववर्ष 2024 की बधाई देने के बाद व्यक्त किये। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तथा संचालन नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा फोटोवाला ने किया। इस अवसर पर संत शरण वर्मा को विकास खण्ड हरख, अमित कुमार त्रिवेदी को विकास खण्ड सिरौली गौसपुर, सौरभ पाण्डेय को विकास खंड रामनगर तथा शिवनारायण रावत को सुबेहा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष विकास खंड हरख पुत्तू लाल वर्मा तथा निवर्तमान अध्यक्ष रामनगर संतोष रावत को पदोन्नति कर जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव मनोनीत किया गया। प्रदेश कांग्रेस महासचिव का तनुज पुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार में समाज का कोई वर्ग सुरक्षित नहीं है हर तरफ अराजकता का माहौल है महिलाएं और बच्चियां दुष्कर्म का शिकार हो रही हैं, देश का संविधान तथा लोकतंत्र इस सरकार में खतरे में है। कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने नववर्ष की बधाई देते हुए पूरी ऊर्जा के साथ 2024 के लोकसभा के चुनाव में भाजपा को हटाने के लिए जुट जाने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव आदर्श पटेल, शिव बहादुर वर्मा, जंगबहादुर पटेल, श्रीमती गौरी यादव रामहरख रावत, रमेश कश्यप, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।5



## भरत तपस्थली के प्राचीन मंदिर पर प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के रुप में मनायेंगे

**बीकापुर- अयोध्या ।**प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा के चलते 22 जनवरी को नंदीग्राम भरत कुंड में भरत कुंड महोत्सव न्याय के अध्यक्ष अंजनी पांडेय एवं संस्थापक सचिव अमरीश पांडे ,मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी अरविंद तिवारी , अरुण तिवारी , पवन तिवारी आदि दर्जनो लोगों ने एक बैठक मंगलवार को करके यह तय किया कि प्रभु राम के अयोध्या में प्रतिष्ठा के समय इस प्राचीन भरत तपस्थली नंदीग्राम भरत कुंड के पावन मंदिर पर इक्कीस सौ दीप जलाने एवं सुबह यज्ञ दिन में भंडारा और शाम को संस्कृत कार्यक्रम उत्सव आतिशबाजी की जाएगी जिसमें पूर्ण रूप से दीपावली की तरह से धूमधाम से महोत्सव के रुप में मनाया जाएगा जिस तरह से 14 वर्ष बाद वनवास से वापस आने के बाद प्रभु श्री राम के लिए पूरा देश दीपावली मनाता है उसी तरह से पांच सौ वर्ष बीत जाने के बाद कोर्ट के आदेश पर मंदिर बने और उसमें प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने से उत्साहित क्षेत्र के लोग अयोध्या की तरह से ही नंदीग्राम भरतपुर के प्राचीन मंदिर पर महंत हनुमान दास के नेतृत्व में उत्सव मनाने का आयोजन उक्त लोक बैठक करके किए हैं।

# पीएम मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पर बढ़ रहा विश्वासः सांसद

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकास खण्ड सूरतगंज के ग्राम पंचायत कुतलूपुर व विकास खण्ड देवां के ग्राम पंचायत धरसंडा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत व भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्या ने लाभार्थियों और उपस्थित जनता-जनार्दन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी और लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि देशवासियों को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का यह अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहाँ भी जा रही है वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी एकता सिंह, ब्लाक प्रमुख धर्मेन्द्र यादव, ब्लाक प्रमुख लकी सिंह, जिला उपाध्यक्ष शेखर हरायण, पूर्व प्रमुख कुंवर आशीष सिंह, मण्डल अध्यक्ष सुनील वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## जिलाधिकारी के आदेश की अवहेलना कर संचालित कर रहे स्कूल

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सरकारी और निजी क्षेत्र के संचालित समस्त 12 तक के स्कूलों को तीन जनवरी तक बंद करने का आदेश दिया हैं। लेकिन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित विद्यालय के संचालकों ने इस आदेश का पालन करना उचित नहीं समझा। कुछ स्कूल संचालको ने मंगलवार को भी स्कूलों का संचालन किया। जिससे बच्चों को भीषण ठंड का सामना करते हुए स्कूल जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

बताते चले कि जिलाधिकारी अनुनय झा ने बीते 1 जनवरी को जनपद के समस्त बोर्ड के कक्षा 12 तक संचलित होने वाले स्कूलो को 3 जनवरी तक बंद करने का आदेश दिया था। बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार ने भी एक आदेश के माध्यम से 14 जनवरी तक कक्षा 8 तक के समस्त स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया था। साथ ही इस आदेश का कठोरता से पालन करने की भी बात कही गई। लेकिन 2 जनवरी दिन मंगलवार को अधिकारियों का यह आदेश कुछ स्कूल संचालक पालन करना उचित नहीं समझे। संचालकों ने भीषण ठंड में भी बच्चों को पढ़ाने के लिए विद्यालय बुला लिए। जिससे बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## नीरज राय को ठूठीबारी और निर्भय सिंह को पनियरा की मिली थानेदारी

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने पुलिस विभाग में फेरबदल करते हुए, दो थानेदार को किया लाईन हाजरि कर दिया। वहीं निरीक्षक पंकज कुमार गुप्ता को थानाप्रभारी भिठौली, निरीक्षक रामाज्ञा सिंह को पुलिस लाइन, निरीक्षक निर्भय सिंह को पुलिस लाइन से थानाप्रभारी पनियरा, उपनिरीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह को पनियरा से स्वाट प्रभारी, उप निरीक्षक योगेश सिंह स्वाट प्रभारी से थानाप्रभारी घुघली, घुघली थाना प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज राय को थानाप्रभारी ठूठीबारी, उप निरीक्षक कंचन राय को पुलिस लाइन, उप निरीक्षक सुधाकर को परसामलिक से थानाप्रभारी सोहगीबरवा, उप निरीक्षक प्रिंस कुमार को सोहगीबरवा से थानाप्रभारी परसामलिक का कमान एसपी ने सौंपा है।

## ड्राइवरों के हड़ताल से पेट्रोल पम्प पर उमड़ी भीड़

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** ट्रक चालकों के हड़ताल का असर मंगलवार को महराजगंज में भी दिखने लगा। पेट्रोल पंप पर वाहन चालको की लंबी लंबी कतारे लगी रही। वाहन चालकों को भय था कि ट्रक हड़ताल की वजह से पेट्रोलियम मिलना बंद हो जायेगा जिससे काफी समस्या होगी।

पेट्रोल पम्प पर खड़े लोगों ने बताया कि सरकार ने पूरे भारत में ड्राइवरों के लिए एक कानून लागू किया है जिसके अंतर्गत वाहन चलाते समय किसी ड्राइवर से यदि कोई दुर्घटना हो जाती है

अथवा किसी की मृत्यु हो जाती है तो ऐसी दशा में ड्राइवर को 10 लाख रुपये जुर्माना और 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है जिससे पूरे देश और प्रदेश के ड्राइवर जगह-जगह अपनी अपनी गाड़ियों को खड़ी करके स्ट्राइक पर चले गए हैं ,उनकी मांग है कि सरकार अपने फैसले को वापस ले। इस मामले को लेकर स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंदुरिया स्थित महाराजगंज रोड पर भारत पैट्रोलियम पर मंगलवार को सुबह से ही पेट्रोल डीजल भराने वालों की ताँता लग गया, लोग बड़े-बड़े गैलनो, जर्किनो तथा गाड़ियों में पेट्रोल और डीजल को फुल करा कर ले जाने लगे। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया लोगों की भीड़ बढ़ती गई हालात यह हो गया कि पेट्रोल और डीजल लेने के लिए लोगों को घंटो तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा।

# पुरस्कार वितरण के साथ दो दिवसीय वार्षिकोत्सव स्पोर्ट्स डे का समापन

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल मे चल रहे दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एव स्पोर्ट्स डे का समापन अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिभागी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए किया। अपर पुलिस अधीक्षक डा अखिलेश नरायण सिंह ने कहा कि बच्चो को अपने मन मुताबिक लक्ष्य प्राप्ति करने मे अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी है जब अभिभावकों से प्रेरणा मिलेगी तो बच्चे स्वयं अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर होंगे। कहा कि बच्चे देश के भविष्य है हम सब की जिम्मेदारी है बच्चो को उनके लक्ष्य के प्रति जागरूक करे। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में यु के जी के बच्चो द्वारा स्वास्थ्यवर्धक खाने की रेल बनाकर अदभुत प्रदर्शन किया कक्षा चार के छात्र छात्राओं ने हुला हुप एव कक्षा पांच के बच्चो ने भारतनाट्यम का प्रदर्शन कर उत्साह बढ़ाया। वार्षिकोत्सव का समापन कक्षा 9 की छात्राओं द्वारा राकिंग संगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम मे सौ मीटर, दो सौ मीटर एव चार सौ मीटर सहित हडर्ल रेस का आयोजन किया गया। बेस्ट एथलिट बालक वर्ग मे आयुष यादव एव बालिका वर्ग मे प्रज्ञा सिंह को मेडल देकर सम्मानित किया गया।



# रॉकेट उड़ाने की बाल वैज्ञानिकों की ख्वाहिश को लगे पंख




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** डॉ विक्रम साराभाई , डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जैसे राकेट वैज्ञानिकों की तरह अपने राकेट को आकाश में उड़ाने की बाल वैज्ञानिकों की ख्वाहिश को रिसोर्स पर्सन व वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने पंख लगा दिए। स्थानीय डब्ल्यूसीए इंटर कालेज कैंपस में मंगलवार को तीन दिवसीय रॉकेट्री कार्यशाला की शुरुआत हुई। प्रयागराज से पधारे प्रमोद कुमार ने उद्घाटन सत्र में विद्यार्थियों को रॉकेट निर्माण एवम लॉन्चिंग से जुड़ी बारीकियों से रूबरू कराया। द्वितीय सत्र में रॉकेट निर्माण शुरू हुआ। कार्यशाला में शामिल कक्षा 6 से 12 तक के 50 विद्यार्थियों को दस समूहों में बाटा गया है। मॉडल रॉकेट में इंजन लगने के बाद प्रशिक्षुओं के हौसलों ने उड़ान भरी। सभी के रॉकेट बुधवार को उड़ान की टेस्टिंग करेंगे। टेस्ट फ्लाइट सफल होने के उपरांत 4 जनवरी को समापन सत्र में लॉन्चिंग सेरेमनी में सभी रॉकेट आकाश की ओर उड़ान भरेंगे।

डब्लू सी ए इंटर कालेज में विद्यार्थियों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय से जोड़ने के लिए आयोजित तीन दिवसीय राकेट्री कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय प्रबन्धक विजय आनन्द बाजपेयी, जिला विज्ञान क्लब समन्वयक आशीष पाठक और रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रयागराज से पधारे विज्ञान संचारक प्रमोद कुमार मिश्रा ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण से किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन शुक्ला द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर के रिसोर्स पर्सन प्रमोद कुमार मिश्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर गिरिंद्र मिश्रा, अनिल वर्मा, आशुतोष अवस्थी, कृष्ण प्रताप वर्मा, नितेश वर्मा, रामकमल सिंह, रीनू वर्मा सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## बाजार जा रहे युवकों की जमकर पिटाई, दर्ज हुई रिपोर्ट

**बाराबंकी।** सब्जी लेने बाजार जा रहे युवको की कुछ लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि हमलावरो के पास कट्टा व धारदार हथियार भी थे। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार संतराम रावत पुत्र स्वर्गीय राम दुलारे निवासी ग्राम नरगिसमऊ, मुरादाबाद ने बताया कि उनका बेटा विपिन रावत अपने साथी शुभम पुत्र मयाराम निवासी ग्राम कैमई थाना देवा व अमित पुत्र चम्पालाल के साथ एक जनवरी की शाम 5 बजे सब्जी लेने के लिए माती जा रहे थे कि नरगिसमऊ गाँव के बाहर नहर के पास रास्ते में गाँव के आशीष, मुकेश व छोटू पुत्र धर्मपाल, बाबू पुत्र ओमकार तथा धर्मपाल व ओमकार पुत्र केशन तथा मुजफ्फरमऊ के टोटी उर्फ नितेश पुत्र राजेश ने इन्हें रोक लिया और घसीटकर मारना शुरू कर दिया, दो लोग कट्टा सर पर लगाये थे, जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हाथ पे वार किया और सरिया, डंडे से मारा। सभी को गम्भीर चोट आयी। विपिन व शुभम रावत मौके पर बेहोश हो गये जिन्हें बेहोशी हालत में थाना पर लाये है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एसडीएम ने किया रैन बसेरा व अलाव का निरीक्षण

## आदर्श नगर पंचायत डुमरियागंज में हुई अलाव की व्यवस्था





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार एवं तहसीलदार संतराज द्वारा अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव के साथ नगर पंचायत डुमरियागंज सीमांतर्गत नगर पंचायत द्वारा जलाए जा रहे अलाव का निरीक्षण सोमवार शाम को किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत डुमरियागंज के कार्यालय सभागार कक्ष में बने अस्थाई रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया गया। पिछले कई दिनों से पढ़ रही कड़ाके की ठंड के चलते आम लोगों के दिनचर्या पर काफी गहरा असर पड़ा है। लोगों द्वारा जगह-जगह अलाव जलवाने की मांग की जा रही थी। जानकारी के मुताबिक पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 35 से 40 जगहों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है। जिसमें तहसील परिसर, बस स्टैंड, मंदिर चौराहा, पुलिस बूथ, ब्लाक परिसर, स्टेट बैंक के सामने, बैदौला चौराहा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने, खैर टेक्निकल स्कूल के सामने, खीरा मंडी, शाहपुर चौराहा, बैदौला चौराहा सहित अन्य स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है जिससे गरीबों एवं आम लोगों को ठंड के प्रकोप से निजात दिलाया जा सके। इस मौके पर रैन बसेरा व अलाव का निरीक्षण करने के बाद उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार ने कहा कि इस भयंकर ठंड में हर व्यक्ति को ठंड से बचाना हमारी जिम्मेदारी है। जिसे लेकर काम किया जा रहा है। जहां कहीं भी अलाव जलाने की जरूरत है। हर उस जगह पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव, तहसीलदार संतराज सहित तहसील व नगर पंचायत के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 2 का सदर विधायक ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 2 का शुभारम्भ मंगलवार को सदर विधायक श्यामधनी राही ने किया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों के खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। मंगलवार को जेडीएस क्रिकेट क्लब कपिलवस्तु व अमित क्रिकेट तिलकपुर के बीच खेला गया। जिसमें टास जीतकर जेडिएस कपिलवस्तु के कैप्टन ने टास जीतकर पहले क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिया, तो वहीं तिलकपुर के खिलाड़ियों ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 15 ओवर में कुल 112 रन बनाए। जबाब में उतरी कपिलवस्तु की टीम के खिलाड़ियों ने 12 ओवर और 4 गेंद पर मैच जीत लिया। जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में आयोजित किया जा रहा। जे डी एस कपिलवस्तु टीम के अविनाश चौधरी ने सर्वाधिक 12 गेंद पर 31 रनों के साथ मैन आफ द मैच का खिताब अपने नाम कर लिया। जिन्हें चांदी का सिक्का दिया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि खेल के बड़े प्रतियोगिता ने बेहतर प्रदर्शन करने वालो को उत्साहित करने के लिए ऐसे खेल होने चाहिए। जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता रहे। उन्होंने उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को और ज्यादा मेहनत करके आगे जीत के लिए तैयारी करनी चाहिए। इस तरह की प्रतियोगिता से स्थानीय प्रतिभा को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। जो देश और प्रदेश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान सुद्दोधन चौकी इंचार्ज वीरेंद्र पासवान, आयोजक नितेश पांडेय, अध्यक्ष अमित उपाध्याय, उपाध्यक्ष अखिलेश जयसवाल, महामंत्री विवेक गोस्वामी, अंपायर सोनू गोस्वामी, ओंकार यादव, कैमेंट्रेटर ज़ाकिर हुसैन, वसीम, सहित शिवकुमार यादव, सुनील जयसवाल, अबू शामा खान, संतोष उपाध्याय, विनय वर्मा, राकेश कुमार, राजकुमार चौधरी, संदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीडीओ ने किया निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा मंगलवार को विकास खण्ड उसका बाजार के ग्राम पंचायत सेमरहना में महात्मा गांधी नरेगा योजना से वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय श्याम मुरली मनोहर मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी उसका बाजार, ग्राम सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम सेमरहना में अफजल के खेत शौकत के खेत तक नाला खुदाई व सफ़ाई कार्य का निरीक्षण किया गया। मस्टररोल के अनुसार दिनांक 21 दिसम्बर से 2 जनवरी तक 52 श्रमिक नियोजित किया गया है जिसके सापेक्ष निरीक्षण के समय श्रमिक उपस्थित थे। कार्यस्थल पर सी.आई.बी. बोर्ड नही लगाया गया है। तत्काल सीआइबी लगाने के निर्देश किया गया। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित गहराई में नाला की खुदाई कराना सुनिश्चित करें।



### नशीली गोलियों के साथ एक व्यक्ति गिरफतार

**लोटन सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम जाफरजोत में एक व्यक्ति को नशीली गोलियों के साथ पुलिस ने पकड़ा है। आरोपित का नाम आजाद बंजारा हैं वह गोपीजोत का रहने वाला है। मोहाना थानाध्यक्ष जीवन त्रिपाठी के अनुसार आजाद बंजारा ग्राम जाफरजोत में खडा था जो नेपाल में जाने के फ़िराक में था। यह नशीली गोलियों को बेचने का कार्य करता था। मुखबिर की सुचना पर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी लेने पर 72 गोलियां बरामद हुआ। जिसे एनडीपीएस एक्ट के तहत चलान कर दिया गया।

### ज़रूरतमंद गरीबो में एसडीएम ने वितरण किया कम्बल

**बांसी सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** तहसील कार्यालय परिसर में मंगलवार को एसडीएम कुणाल ने जरूरतमंद गरीबों में कम्बल वितरित किया।



कंबल पाकर गरीब असहाय, बेसहारा लोगों के चेहरे खिल उठे। कंबल मिलने से गरीबों को विशेष राहत मिलेगी। क्षेत्र में शीतलहर के साथ सर्दी बढ़ने से गरीब, असहाय लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कड़ाके की सर्दी, सर्द हवा से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। ऐसे में गरीब लोग भगवान भरोसे ठंड से बचाव कर रहे हैं। एसडीएम ने दर्जनों गरीब महिला पुरुषों में कंबल बांटे और कहा कि कंबल मिलने से गरीब,अभावग्रस्त,बेसहारा लोगों को सर्दी में बेहद राहत मिलेगी।आने वाले दिनों में शेष लोगों को भी कंबलों का वितरण किया जाएगा। कंबल वितरण में लेखपाल राहुल सागर,राजेश कुमार, अब्बू सहमां, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### विधायक ने वितरण किया फोन



**लोटन सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन बाजार परिसर मे 16 आशाबहुंओं कार्यकर्ताओं चयनित कर सदर विधायक श्यामधनी राही ने स्मार्टफोन वितरण किया।विधायक ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं की बहुत भूमिका होती है। कब किस महिला को जरुरत पड़ जाय जाना पड़ता है। संस्थागत प्रसव व टीकाकरण मे इनका काफी योगदान रहता है। इस दौरान अधीक्षक अमित कुमार चौधरी, बीसीपीएम रमाकांत चर्तुवेदी, बंदना चौधरी, रेखा, सत्यभामा त्रिपाठी, रीमा सिंह आदि मौजूद रहे।

### सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हुए रूबरू



**पौली अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड पौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुडाडिहा और बरगदवा में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बब्बन शर्मा ने लाभार्थियो के समक्ष सीधा संवाद करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियाँ दी। इसी क्रम मे ब्लाक प्रमुख राममिलन यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ जैसे प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, किसान सम्मान निधि जैसी तमाम कल्यकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस मौके पर ओमप्रकाश यादव, कपिल देव कनौजिया, उमेश सिंह भरत भुवाल चौधरी,बिनय पाण्डेय, राजकुमार चौरसिया, पिन्टू यादव, बिबेक त्रिपाठी,धनंजय पाण्डेय, कृष्ण जीवन यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बुके देकर नववर्ष की शुभकामनाए दी

**कुदरहा अवधनामा संवाददाता।** खण्ड विकास कार्यालय पर सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जंग बहादुर की अगुवाई में सैकड़ो सफाई कर्मियों ने एडीओ पंचायत सुभाष चंद्र से मुलाकात कर उन्हें बुके दे कर भेंट की और नव वर्ष की शुभकामनाए दी। मंगलवार को ब्लाक मुख्यालय पर सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अपने साथियों के साथ पहुचे और एडीओ पंचायत सुभाष चंद्र को बुके देकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। एडीओ पंचायत सुभाष चंद्र ने सफाई कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा और लगन से करें।

# 5 जनवरी को शौर्य एवं संकल्प दिवस मनाएंगे प्रदेश के माध्यमिक शिक्षक: संजय द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश के सभी विद्यालयों में 5 जनवरी 2024 को शौर्य एवं संकल्प दिवस मनाएगा। इस दिन प्रदेश के सभी विद्यालयों के अंतिम वादन में बैठक आयोजित कर संगठन के के संघर्ष व परिलब्धियों की चर्चा करेंगे। उसके उपरांत सरकार के कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में संघर्ष करने का संकल्प लेंगे।

इस आशय की जानकारी प्रदेश संयोजक आईटी सेल संजय द्विवेदी ने दी है। उन्होंने बताया कि 5 जनवरी 1978 को संघर्षो का इतिहास रचा था। उस दिन की याद दिलाते हुए वर्तमान परिस्थिति में सरकार के द्वारा लिये गये निर्णयों यथा- प्रदेश में 1989 के बाद से अद्यतन कार्यरत शिक्षकों को 9 नवम्बर 2023 के आदेश से कार्य से वंचित करने, केन्द्रीय सरकार का बहाना लेकर 30 मार्च 2005 के पूर्व के विज्ञापनो द्वारा नियुक्त शिक्षकों को ओपीएस में ना लेना, प्रदेश के शिक्षकों कर्मचारियों को सामान्य भविष्य निधि योजना (ओपीएस) लागू न करना, शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने में भेदभाव करना आदि की चर्चा की जाएगी। संकल्प पत्र में कहा गया है कि हम तदर्थ शिक्षकों के सेवा समाप्ति को वापस लेने, एनपीएस को समाप्त कर ओपीएस को लागू करने तथा राज्य कर्मचारियों एवं शिक्षकों की भांति कैसलेस चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के लिए अनवरत संघर्ष का संकल्प लेते है, और इसे प्राप्त करने तक हर प्रकार का त्याग करने की प्रतिज्ञा लेते है।

# कर्मचारियों के अच्छे कार्यो को कभी नहीं जा सकता भुलाया : एसडीएम



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** कर्मचारियों द्वारा किये गए अच्छे कार्यो को कभी भुलाया नही जा सकता उक्त बातें एसडीएम सदर डॉ0 ललित कुमार मिश्र ने कही। वह मंगलवार को तहसील नौगढ़ के सभागार में सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक श्रवण शुक्ल व उमेश श्रीवास्तव के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि हर कर्मचारियों को अच्छे से अच्छा कार्य करना चाहिए। सेवानिवृत्त होने के अवसर पर साथियों ने माल्यर्पण कर, अंगवस्त्र, दैनिक उपयोगी समान, धार्मिक पुस्तक भेट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन लेखपाल रामकरन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को तहसीलदार देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, राकसंप जिलाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, मंत्री राजेश मिश्रा, राजस्व निरीक्षक राम शंकर द्विवेदी, प्रमोद श्रीवास्तव, शीतल द्विवेदी, विजय गुप्ता, मथुरा प्रसाद, लेखपाल रामकरन गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, अनूप यादव,गिरीश चन्द्र मिश्र, विनय पाण्डेय, अब्दुल गफ्फार, सचिन्द्र श्रीवास्तव, अम्बरीश, अशोक गुप्ता, देवेन्द्र त्रिपाठी, राम सिंह, बिन्दुसार, ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, रमेश गुप्ता बबिता सिंह, श्रद्धा सुमन, आरती मिश्रा, प्रियंका आदि ने भी संबोधित किया।

# गोरखपुर से चोरी हुई बाइक बांसी में बरामद

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** गोरखपुर से चोरी गई बाइक के साथ बांसी के टेकधरनगर निवासी अतीकुर्रहमान खान पुत्र अब्दुल मन्नान को कोतवाली पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय भेज दिया।

क्षेत्राधिकारी सतीश चंद पाण्डेय के पर्यवेक्षण व बांसी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बांसी पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई। पुलिस ने चेकिंग के दौरान गोरखपुर से चोरी गई बाइक के साथ बांसी निवासी उपरोक्त अतीकुर्रहमान को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि अतीकुर्रहमान बांसी स्थित जामा मस्जिद के इमाम हैं। पुलिस के अनुसार उक्त मोटर साइकिल की चोरी के सम्बन्ध में थाना-खोराबार जनपद -गोरखपुर में मु0अ0सं0-440/2019 धारा-179 भ0द0वि0

■ चोरी की मोटर साइकिल के साथ मस्जिद का इमाम गिरफ्तार

पंजीकृत है, जो वादी अमरेन्द्र नारायण मिश्र पुत्र ध्रुव नारायण मिश्र निवासी प्रज्ञानगर कालोनी शिवपुर पादरी बाजार गोरखपुर द्वारा पंजीकृत कराया गया है। जिसके अनुसार मोटर साइकिल उपरोक्त 15 जून वर्ष 2019 को नौका विहार गोरखपुर से चोरी हुई थी। इस बावत प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने जानकारी दिया कि चोरी की मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार अतीकुर्रहमान उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 002/2024 धारा- 411 भा0द0वि0 बनाम अतीकुर्रहमान खान पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 हरिओम कुशवाहा, उ0नि0 मनोज श्रीवास्तव,कां0 पवन यादव तथा कां0 रोहित चौहान भी शामिल रहे।

# नोडल अधिकारियों की मिली भगत से किसान हो रहे परेशान

**अंबेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** जिले में किस तरीके से धान खरीद के मामले में खेल किया जा रहा है यह किसी से छिपा नहीं है लगातार बिचौलियों के माध्यम से धान की खरीदारी किया जा रहा है। इसके बावजूद मंडल में धान खरीद की प्रगति में अंबेडकर नगर सबसे कम धान की खरीद कर पाया है। धान खरीद के आंकड़े को किस तरीके से जनपद में बढ़ाया जा रहा है कही मिल पर धान पहुंचा दिया जा रहा है और बाद में किसी किसान का धान बेचने के लिये कागज सत्यापन कराकर सम्बंधित धान क्रय केंद्र पर अंगूठा लगवा लिया जा रहा है, तो कहीं रात के अंधेरे में बिचौलियों का धान नोडल अधिकारियों की मिली भगत से मानक के अनुरूप भरे धान के बोरे को ट्राली से उतार कर बिना तौल किये क्रय प्रभारी द्वारा खरीदे गए लाट में उतरवाकर शिफ्ट कर दिया जा रहा है। जिसका एक वीडियो शोसल मीडिया पर सामने आया है।

# शिद्दत से याद किया गया छठीं पुण्यतिथि पर अनवर जलालपुरी को

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध अदब साहित्य संगम के मंच संचालक पद्मश्री स्व0 अनवर जलालपुरी की छठी पुण्यतिथि पर नगर के साहित्यकारों, शिक्षाविदो व आमजनों ने उन्हें शिद्दत से याद किया।

नगर के मिर्ज़ा ग़ालिब इंटर कालेज में छात्रों व शिक्षकों ने नातिया मुशायरा कर उनके साहित्यिक योगदान को याद किया। मौलाना हबीबुर्रहमान नूरी ने अनवर जलालपुरी को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए कलाम पढ़ा छुरी की धार से कट सकती नही चिराग की लौ-आदमी मरता है किरदार नहीं मर सकता । विलक्षण प्रतिभा के धनी मरहूम अनवर का हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू के अलावा अन्य भाषाओं पर गहरी पकड़ थी। प्रधानाचार्य डॉ ज़ीशान हैदर ने मरहूम अनवर के साथ बिताए संस्मरण को साझा किया। अदब शाला अनवर जलालपुरी के संस्थापक डॉ हसन सईद ने कहा कि पद्मश्री स्व0 अनवर जलालपुरी ने श्रीमद्भागवत गीता का उर्दू भाषा में काव्यात्मक अनुवाद कर समूची दुनिया को सर्वधर्म समभाव का पैगाम दिया। इसके अलावा शाहकार जलालपुरी, साबिर जलालपुरी, सादात जलालपुरी, सरवर जलालपुरी, मास्टर इसरार अहमद, अहमद व गुलरेज ने अनवर की साहित्यिक योगदान का जिक्र किया। संचालन मास्टर अली अकबर ने किया। उक्त अवसर पर बाकर जहीर, मोहम्मद आकिब,शाबाना अंजुमन, एकता सिंह, फूल चंद आदि मौजूद रहे। मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद इंटर कालेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मरहूम अनवर जलालपुरी को खिराज-ए-अकीदत पेश किया गया। शिक्षकों ने स्व0 अनवर को मानवीय मूल्यों का खजाना बताया। वहीं स्व0 अनवर जलालपुरी के स्वजनों की तरफ से मोहल्ला दलाल टोला स्थित मस्जिद में कुरआन ख्वानी का आयोजन किया गया।

# गरीबों की सेवा से बड़ा इस धरा पर कोई दूसरा पुनीत कार्य नहीं : सांसद

अवधनामा संवाददाता



■ सांसद द्वारा अनील अग्रहरि के अगुवाई में गरीबों में वितरित किए गए कंबल

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ विधानसभा क्षेत्र के तुलसियापुर चौराहे पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी युवा समाजसेवी अनिल अग्रहरि के नेतृत्व में सांसद जगदंबिका पाल के जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंद गरीब लोगों में कंबल वितरित किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में मौजूद रहे मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा इस धरातल पर कोई दूसरा पुनीत कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे छोटे भाई सामान युवा समाजसेवी अनील अग्रहरि द्वारा यह कार्य हर वर्ष ठंडक प्रारंभ होने से पूर्व विगत कई वर्षो से किया जा रहा हैं। उनके द्वारा प्रारंभ किए गए इस कार्य को क्षेत्रीय लोगों के प्रयास से आजीवन चलता रहेगा। विशिष्ट अतिथि रहे भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि इंसनियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। समाज के आर्थिक रूप से संपन्न लोगो को गरीबों के मदद हेतु संकल्प लेना होगा तभी समतामूलक समाज की स्थापना हो सकेगी। अंत में कार्यक्रम के आयोजक युवा समाजसेवी अनील अग्रहरि ने कंबल वितरण कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कंबल वितरण के दौरान औदही कलां, खैरहनिया, अहिरौला, तुलसियापुर, मनिकौरा, तालकुण्डा, मदरहिया, मानपुर, पिकौरा, मटियार उर्फ भुतहवां, खैरी शीतल प्रसाद, पचऊध, रेडवरिया, ढ़ेबरुआ, शिव भारी, रोइनिहवा, कोटिया सहित दर्जनों गांव के जरूरतमंद महिला, पुरुष और बुजुर्ग शामिल रहे।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, खण्ड विकास अधिकारी धंनन्जय सिंह, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, साधना चौधरी, पप्पू पाठक, नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, राधेश्याम तिवारी संतोष पासवान, प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र चौबे उर्फ बब्लू चौबे, चिन्कू चौधरी, बब्लू यादव, गुलाम हैदर, राज़ कुमार, दिलीप, अशोक, रामसरन सहित अनेक लोग सांसद जगदंबिका पाल के जन्मदिन पर दीर्घायु होने की कामना किया।

### नववर्ष पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में नव वर्ष 2024 के शुभ अवसर पर बैठक आयोजित की गई बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद वासियों तथा उपस्थित सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही साथ उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी के प्रयास से वर्ष 2023 में सीएम डेशबोर्ड जो एकीकृत पोर्टल है में जनपद की रैंकिंग ओवरऑल व विकास कार्यों में प्रथम रही है। आप सभी से अपेक्षा है कि नए वर्ष में भी मेहनत और लगन से कार्य करेंगे जिससे जनपद का इसी प्रकार स्थान प्रदेश में बना रहेगा।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लोग समय से अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं को सुने और उसका गुणवत्तापूर्ण व समय से निस्तारण सुनिश्चित करें।

# आधा दर्जन पैथोलॉजी एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरो के खिलाफ कार्रवाई शुरू



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** शहर में मानक के विपरीत संचालित हो रहे आधा दर्जन पैथोलॉजी एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरो के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। जिससे शहर में पैथोलॉजी व अल्ट्रासाउंड संचालको में हड़कंप मच गया है। मंगलवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सदर गुलाब चंद्र, सीओ विनय चौहान व एसीएमओ डा एके गुप्ता ने अभियान चलाकर केंद्र को सील कर विधिक कार्रवाई की। छापेमारी में एस पैथोलॉजी सेंटर के संचालक डा विनोद कुमार सचान, साई पैथालोजी, रेडिकल एक्स रे, डा सलीम अहमद अल्ट्रा सांउड सेंटर, लाइफ केयर पैथोलॉजी सेंटर सहित अन्य जांच केदो पर छापेमारी की गई है। एसडीएम सदर गुलाब चंद्र ने बताया कि जांच अभियान लगातार चलेगा। मानक विहीन सेंट्रो को किसी भी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा। सील की गई सेंटरो के खिलाफ विधि कार्रवाई की जा रही है।

## राममय होती अयोध्या

प्रभु राम के बिना भारत और लोकतंत्र की कल्पना ही नहीं की जा सकती। नया साल शुरू हुआ है, तो उससे पहले ही भारत और अयोध्या 'राममय' होने लगे हैं। दरअसल यह हिंदुओं का ही नहीं, राष्ट्र के उत्सव का दौर है। देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का दौर है। ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद के मंत्रोच्चार को सुनें और यज्ञों को देखें, तो वैदिक काल लौटता लगता है। यही हमारी सनातन परंपरा है। अयोध्या में उन कारसेवकों की आत्मा की शांति के लिए भी पूजन किए गए हैं, जिन्हें 'राममय' मान कर गोलियों से भून दिया गया था। बहरहाल उस अध्याय को हम विस्मृत करने के पक्ष में हैं, क्योंकि यह प्रभु राम की वापसी का सकारात्मक काल है। नववर्ष पर अयोध्या का नया, सजा-संवरा और समर्पित रूप देखकर मन गदगद होता है। अयोध्या देवनगरी थी, प्रभु राम की जन्मस्थली थी और आज भी उसका स्थान बैकुंठ से कम नहीं है। प्रभु राम के जयघोष हैं, मंत्रोच्चार, शंखनाद और फूलों की बरसात भी है, क्योंकि राम अयोध्या में अपने महलनुमा मंदिर में प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। अयोध्या को कभी 'अभिशप्त नगरी' भी मान लिया गया था। वह राजनेताओं की दुर्बुद्धि और आसुरी कर्म था। वे अयोध्या में प्रवेश करने से हिचकते थे, क्योंकि एक निश्चित वोट बैंक के खोने की आशंका थी। अदालत ने भी कुछ पाबंदियां थोप दी थीं। मीडिया के कैमरे भी बंद करा दिए गए थे। अयोध्या में एक जमात 'बाबरी-बाबरी' के राग अलापती थी। आज उसके लिए भी प्रभु राम कण-कण में व्याप्त हैं। आज बाबरी मस्जिद के पक्षकार इकबाल अंसारी सरीखे भी अयोध्या में पुष्प-वर्षा कर रहे हैं। अब अयोध्या का परिसंस्कार किया जा रहा है।

अयोध्या को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा मिला है। रेलवे का जंक्शन स्टेशन भी लोकार्पित किया गया है, जहां रेलगाडियां अयोध्या को देश के दूसरे महत्त्वपूर्ण हिस्सों से जोड़ेंगी। विमान और ट्रेन में 'जय श्रीराम' के उद्घोष गूंजते हुए सुनाई दिए। अयोध्या में पहले ही कुछ होटल थे। उनके अलावा, 20 और पंचतारा होटल निर्माणाधीन हैं। एक अनुमान है कि प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा, यानी 22 जनवरी, के बाद औसतन 3 लाख श्रद्धालु और पर्यटक हररोज अयोध्या में आएंगे। हिसाब लगाएं कि यदि इतने श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या आएंगे, तो उस नगरी और आसपास के इलाकों की अर्थव्यवस्था कितनी होगी? अयोध्या को भी, अर्थव्यवस्था के लिहाज से, रोम, मक्का-मदीना और तिरुपति मंदिर की जमात में रखा जा सकेगा। अयोध्या का वाकई कायाकल्प हो रहा है। आलेख के आरंभ में हमने प्रभु राम और भारत-लोकतंत्र के आपसी कल्पना का जिक्र किया था। भारत के संविधान में भी प्रभु राम और माता सीता का चित्र है। देश के प्रधान न्यायाधीश की सीट पर धर्म की व्याख्या है, लिहाजा राजनीति को प्रभु राम से अलग नहीं कर सकते। राजनीति लोकतंत्र का ही प्रारूप है, लेकिन शिवसेना (उद्धव गुट) के संजय राउत का कहना है कि अब भगवान राम को चुनाव प्रत्याशी बनाना ही शेष रह गया है। भाजपा वह भी कर सकती है। यह कुत्सित, नफरती और निंदनीय बयान है। राउत ने गोधरा से भी भयानक दंगों की आशंका किस आधार पर जताई है? हालांकि डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने फिर भी ठीक कहा है कि वह सिर्फ हिंदुओं के ही राम नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व के राम हैं।

धारा 104(2) हिट एंड रन को समझने की करें तो, ऐसे मामले जिनमें गाड़ी की टक्कर के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो जाता है, उन मामलों को हिट एंड रन केस माना जाता है। हिट एंड रन के मामलों में कई बार घायल शख्स को अगर समय रहते अस्पताल पहुंचाने या प्राथमिक इलाज मिलनेपर बचाया भी जा सकता है।पुराने कानून के मुताबिक हिट एंड रन केस में दो साल की सजा का प्रावधान था और जमानत भी मिल जाती थी। अब नया नियम कहता है कि अगर सड़क दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक पुलिस को टक्कर की सूचना दिए बिना मौके से फरार होता है तो उसे 10 साल की जेल और जुर्माना देना पड़ेगा।

# हिट एंड रन पर आठ राज्यों में बवाल

वैश्विक स्तरपर देश दुनियां में भले ही लोग नए वर्ष के पहले दिन खुशियों का जश्न मना रहे हैं पार्टियों कर रहे हैं पिकनिक मना रहे हैं, तो कई लोग वर्ष 2024 के प्रथम दिन ईश्वरअल्लाह की ओर मंदिरों मस्जिदों में जाकर प्रार्थना फरियाद कर रहे हैं के हमारे पूरे वर्ष खुशियों की बागबाहर में भीग रहे दुखों का पल पूरे वर्ष कभी नहीं आए


किशन भावनानी

वही एक तबका ऐसा भी है जिनका नए वर्ष का पहला दिन ही विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम में से शुरू हुआ और देखते ही देखते यह सिलसिला, आगे की तरह पूरे देश में फैल गया और करीब आठ राज्यों में यह हवा फैल गई और ट्रांसपोर्ट ऑटो बस इत्यादि सभी ट्रांसपोर्ट के साधन चक्का जाम शुरू हो गया जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना या वर्ष के प्रथम दिन ही करना पड़ा जबकि उनका कुछ भी कसूर नहीं है, मामले को समझने की करें तो कुछ दिन पूर्व ही नए तीन आपराधिक कानून का दोनों सदनो में पारित कर लिए गए थे जिसे माननीय राष्ट्रपति महोदय ने 31 दिसंबर 2023 को हस्ताक्षर कर कानून बनने का दर्जा प्रदान किया। बस फिर क्या था! उनमें से एक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 की एक धारा 104(2)कानून को पूरी प्रक्रिया के साथ हर स्टेप को फॉलो करके बनाया गया है, जो यह आर्गुमेंट करना कि इस कानून को बनाते समय स्टेट होल्डर से सुझाव नहीं लिए गए थे, यह ठीक नहीं है, क्योंकि बाकायता अधिसूचना जारी कर सभी दर्जे के लोगों से सुझाव मांगे जाते हैं फिर विधेयकों को बनाया जाता है। चूंकि नए साल 2024 के प्रथम दिन ही अनेक राज्यों की जनता का हाल बेहाल हुआ इसलिए आज हम मीडिया यह उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 104 (2)हिट एंड रन पर 8 राज्यों बवाल ट्रांसपोर्ट की हड़ताल।

साथियों बात अगर हम भारतीय न्याय संहिता कानून 2023 की धारा 104(2) हिट एंड रन को समझने की करें तो, ऐसे मामले जिनमें गाड़ी की टक्कर के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो जाता है, उन मामलों को हिट एंड रन केस माना जाता है। हिट एंड रन के मामलों में कई बार घायल शख्स को अगर समय रहते अस्पताल पहुंचाने या प्राथमिक इलाज मिलनेपर बचाया भी जा सकता है।पुराने कानून के मुताबिक हिट एंड रन केस में दो साल की सजा का प्रावधान था और जमानत भी मिल जाती थी। अब नया नियम कहता है कि अगर सड़क दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक पुलिस को टक्कर की सूचना दिए बिना मौके से फरार होता है तो उसे 10 साल की जेल और जुर्माना देना पड़ेगा। कई राज्यों में ट्रक ड्राइवर इसका विरोध कर रहे हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में ट्रक ड्राइवरों ने हड़ताल और चक्काजाम कर दिया है। न सिर्फ ट्रक ड्राइवर बल्कि बस, टैक्सी और ऑटो चालक भी इसका



विरोध कर रहे हैं। नए नियम निजी वाहन चालकों पर भी समान रूप से लागू होंगे। उनका कहना है कि नए कानून के प्रावधान कुछ ज्यादा ही सख्त हैं। इन्हें नरम किया जाए। आंकड़ों पर नजर डालें तो नए कानून की सख्ती का कारण समझ आता है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि हिट एंड रन के मामलों में हर साल 50 हजार लोग जान गंवाते हैं। विरोध करने वाले ड्राइवरों का तर्क है किटक्कर के बाद अगर वे भागते हैं तो उन्हें नए कानून के तहत सख्त सजा मिलेगा और अगर वे रुकते हैं तो मौके पर मौजूद भीड़ उन पर हमला कर सकती है। अक्सर सड़क दुर्घटना के मामले में मौके पर मौजूद भीड़ उग्र हो जाती है और गाड़ी चालक पर हमला कर देती है।कई बार यह हिंसक भीड़ सिर्फ पिटाई तक नहीं रुकती और मामला मॉब लिंचिंग का रूप ले लेता है। हालांकि नए कानून में ड्राइवरों को कुछ मामलों में राहत भी मिलेगी। अगर गाड़ी से टकराने वाला शख्स गलत तरीके से सड़क को पार करता है या गाड़ी के सामने आ जाता है तो ड्राइवर को अधिकतम पांच साल की सजा और जुर्माना भरना पड़ेगा। लेकिन अगर टक्कर गलत ढंग से गाड़ी चलाने की वजह से होती है तो ड्राइवर को 10 साल जेल की सजा काटनी होगी। अब तक हिट एंड रन मामले में आईपीसी की धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाना), 304ए(लापरवाही के कारण मौत) और 338 (जान जोखिम में डालना) के तहत केस दर्ज किया जाता है। इसमें दो साल की सजा का प्रावधान है। खास मामलों में आईपीसी की धारा 302 भी जोड़ी जाती है।बदलाव के बाद सेक्शन 104(2) के तहत हिट एंड रन के बाद अगर आरोपी ड्राइवर घटनास्थल से भागता है या पुलिस या मजिस्ट्रेट को सूचित नहीं करता है तो उसे 10 साल तक की सजा भुगतनी पड़ेगी। 7 लाख रुपये का जुर्माना भी देना होगा।

साथियों बात अगर हा हम इस कानून का भारत के ट्रांसपोर्ट क्षेत्र से संबंध रखने वाले संगठनों के विरोध की करें तो केंद्र सरकार द्वारा लाये जा रहे हिट एंड रन के नए कानून को लेकर कई राज्यों में ट्रक ड्राइवरों और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स द्वारा चक्काजाम किया जा रहा है। नए कानून के विरोध में राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और यूपी, बिहार के ड्राइवरों ने शनिवार से ही चक्काजाम करना शुरू कर दिया है। केंद्र सरकार द्वारा सड़क हादसों पर नियंत्रण करने के लिए हिट एंड रन कानून में बदलाव किया जा रहा है। ड्राइवर इस कानून को लाने का विरोध कर रहे हैं। विरोध करने वाले ड्राइवरों का तर्क है कि टक्कर के बाद अगर वे भागते हैं तो उन्हें नए कानून के तहत सख्त सजा मिलेगा और अगर वे रुकते हैं तो मौके पर मौजूद भीड़ उन पर हमला कर सकती है। सोमवार को महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में ट्रक ड्राइवरों और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स द्वारा विरोध जताया गया। विरोध करने वाले ड्राइवरों का कहना है कि कोई भी जानबूझकर दुर्घटना नहीं करता है और वे मौके से भागने को मजबूर हैं क्योंकि गुस्साई भीड़ उन्हें जान से मारने की धमकी देती है. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नए प्रावधान ड्राइवरों को हतोत्साहित करेंगे और उन्हें अपनी नौकरी को लेकर डर में डाल देंगे।उनका कहना है कि किसी दुर्घटना में बहुत सारे कारक शामिल होते हैं और उनमें से कुछ ड्राइवर के नियंत्रण से परे होते हैं। अगर कोहरे आदि के चलते दृश्यता के कारण कोई एक्सीडेंट होती है, तो ड्राइवरों को बिना किसी गलती के जेल में सड़ना पड़ेगा. ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस भी नए कानून के विरोध में हैं, इसका कहना है कि कानूनों के संदर्भ में हितधारकों से परामर्श नहीं लिया गया है।हड़ताल के दौरान देश के 8 राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, यूपी, उत्तराखंड, पंजाब और गुजरात में ड्राइवरों ने विरोध प्रदर्शन किया। कहीं, चक्का जाम हुए तो कहीं मुख्य मार्ग रोक दिए गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मध्य प्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर आदि शहरों में बसें नहीं चलने दी गईं। राजस्थान में भी आधे दिन निजी गाड़ियां नहीं चलीं, वहीं, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में ट्रक ड्राइवरों ने सड़क पर वाहन खड़े कर आग लगा दी. इससे टायर जलने लगे और उनका धुआं दूर-दूर तक फैल गया।

## नये वर्ष में खोजने होंगे अनुत्तरित सवालों के जवाब

नया साल प्रारंभ हो गया है तो हर बार की तरह इस बार भी नई उम्मीदें, नया विश्वास एवं नया धरातल लाया है। बीत गया एक और साल। नये की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कह देने की सामान्य सोच रही है। यह समझ देखी गयी है कि नयेपन के जादुई आकर्षण के जागते ही हम पुरानेपन को उतार फेंकना चाहते हैं। हमने बीते वर्ष में श्रेष्ठताओं की उपलब्धि पर सात्विक गर्व करने की अनेक स्थितियों को रचा है लेकिन हम सबके लिए और देश के लिए भी आने वाले वर्ष कुछ महत्वपूर्ण करणीय कार्य है। निश्चित ही नया साल हमेशा की तरह कुछ सवाल भी लेकर आया है। ऐसे सवाल जिनका हल निकाले बिना शायद हम संतुष्ट न हो पाएं और नये भारत-सशक्त भारत का सपना आधा-अधूरा ही कहा जायेगा। ऐसे नए-पुराने सवाल हर नए साल में सामने आते रहे हैं। कुछ सवालों को हल करने में हम सफल रहे, लेकिन कुछ सवाल हमेशा की तरह अनुत्तरित ही रह गए। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरुआत ही नया वर्ष है। यह पुरुषार्थ का सन्देश है, अधूरे रहे कामों एवं संकल्पों को पूरा करने का। इन क्षण जड़ताओं को तोड़कर मुक्त होती है हमारे विकास की उजली संभावनाएं। यह अच्छाइयों एवं अधूरे रहे कार्यों को पूरा करने की ओर मुड़ने की प्रेरणा है। अर्धशून्य ढर्रे की जीवनशैली एवं विकास योजनाओं को बदलने का बुजुर्गी सुझाव है। समस्या जब बहुत चिन्तनीय बन जाती है तो उसे बड़ी गंभीरता से नया मोड़ एवं रफ्तार देने की जरूरत है। शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं से जुड़े ऐसे ही अफसोस के अहसास हमारे लिये गंभीर होने चाहिए।


ललित गर्ग

आजादी के अमृत काल में भी शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी चिन्ताओं का गहन बना रहना हमारी विकास यात्रा पर एक सवालिया निशान है। शिक्षा जगत से जुड़ी एक खबर सामने आई है, वह यह कि बढ़ती महंगाई और बदलते नियमों से विदेशों में पढ़ाई मुश्किल हुई है। सब जानते हैं कि शिक्षा हर परिवार के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। हर मां-बाप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहते हैं। कई बार अच्छी शिक्षा के लिए बच्चों को विदेश भी भेजना पड़ता है। सवाल यह है कि आबादी के हिसाब से दुनिया का पहले नंबर वाला देश क्या अपने यहां ही बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया नहीं करा सकता? यह सवाल करोड़ों बच्चों की जिंदगी से जुड़ा हुआ है। सरकार के अनूठे एवं व्यापक प्रयत्नों के बावजूद शिक्षा और चिकित्सा के लगातार महंगे होने की चिन्ता से हर कोई परेशान है। शिक्षा और चिकित्सा को व्यवसाय बना देने एवं निजी हाथों में सौंप देने से ही दोनों महंगी हुई है, आम आदमी तक उसकी पहुंच जटिल होती गयी है। इस बात पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने चिन्ता जताते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही हर व्यक्ति की मूलभूत जरूरत है पर दोनों ही महंगी और दुर्लभ हो रही हैं। इसकी वजह जनसंख्या के मुताबिक उपलब्धता की कमी और व्यावसायिकता है।' नये भारत के निर्माण के साथ समय की इस दस्तक को सुनें। निश्चित ही यह भारत की समृद्धि एवं विश्व प्रतिष्ठा की दृष्टि से एक अनूठा उपक्रम हो सकता हैं, लेकिन प्रश्न भारतीय छात्रों का है, उनकी शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का है। महंगी होती शिक्षा आम जनजीवन से दूर होती जा रही है, ऐसे में भारतीय छात्रों की सूध कौन लेगा?

शिक्षा पर लंबे-लंबे भाषण देने वाले राजनेता, शिक्षाविद, अधिकारी और मंत्री भी देश की इन स्थितियों से परिचित हैं। बसों में मूंगफली बेचते हुए, स्टेशनों पर भीख मांगते हुए, चौराहों पर भुट्टा भूजते हुए, फैक्ट्रियों में बिसलरी की बोतलों में पानी भरते हुए, सड़क के किनारे टाट पर सब्जी बेचते या चाट का ढेला लगाते हुए इन बच्चों को कौन नहीं देखता है। ऐसा इन्हें क्यों करना पड़ता है? यह जानने की कोशिश कितने लोग करते हैं? रिक्शा, ऑटोरिक्शा, बस चलाने वाले ड्राइवरों के पीछे की भी कहानी ऐसी ही होती है। नीति-नियंता लोग अपने निजी ड्राइवर, नौकर या कामवाली बाई की पारिवारिक स्थिति के बारे भी विचार कर लेते तो भी इस तरह की स्थितियों के बारे में बहुत कुछ आसानी से समझ लेते। कहीं-कहीं ये भी देखने को मिलता है कि जिन बच्चों की खिलौनों से खेलने की उम्र होती है वही बच्चे मेला, हाट-बाजार में खिलौना बेचते हुए मिलते हैं। किताबों से तो उनका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं होता।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़्वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

# आखिर क्या चाहता है विपक्ष जातिगत जनगणना से

भाजपा सरकार जाति आधारित जनगणना के पक्ष में नहीं है क्योंकि शायद इससे उसके सवर्णमतदाता टूट सकते हैं तथा उसके सामूहिक हिंदू वोट बैंक में बिखराव आ सकता है। वहीं विपक्ष सामाजिक विकास के नाम पर जातिगत जनगणना को चुनाव में मुद्दा बनाना चाहता है जिससे वह दलितों तथा पिछड़ों को अपनी तरफ कर सके और उनका वोट पास के। जातीय जनगणना की मांग के बीच राम मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम भले ही एक संयोग मात्र हो लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में यह मंडल बनाम कमंडल पार्ट 2 का भी रूप ले सकता है। मंडल बनाम कमंडल 1990 ई की लड़ाई में एक तरफ मंडल रिपोर्ट थी तो दूसरी तरफ राम मंदिर का उग्र हिंदुत्व मुद्दा।

कांग्रेस के 139 वे स्थापना दिवस पर इसकेसम्मेलन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दोहराया कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडिया सत्तामें आया तो जातिगत जनगणना कराई जाएगी। उनका आरोप था कि केंद्र सरकार जातिगत जनगणना से बचना चाहती है। उसने देश में कई क्षेत्रों में ओबीसी, दलित और आदिवासियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया है। इससे पहले भी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार में जाति आधारित सर्वे कराकर जातिगत जनगणना को हवा दे चुके हैं


सुनील यादव

विपक्ष रह रह कर जातिगत जनगणना की मांग करता रहा है लेकिन केंद्र सरकार इसेनजरअंदाज करती चली आ रही है। आखिर विपक्ष जाति आधारित जनगणना से क्या चाहता है और केंद्र सरकार जाति आधारित जनगणना से क्यों बचना चाहती है।

भारतीय राजनीति में जाति का प्रभाव शुरू से ही देखा जा सकता है। 1980 के दशक से ही जातिगत जनगणना की पहल हो रही है। इसका मूल उद्देश्य तो गरीब जातियों को उसकी जनसंख्या के आधार पर सरकारी नौकरी में आरक्षण देना और जरूरतमंद लोगों को सरकारी सुविधाएं प्रदान करना होता है। लेकिन संकीर्ण राजनीति ने इसे जातिआधारित राजनीति एवं सामाजिक अलगावका रूप दे दिया है।

ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार जाति आधारित जनगणना के पक्ष में नहीं है क्योंकि शायद इससे उसके सवर्णमतदाता टूट सकते हैं तथा उसके सामूहिक हिंदू वोट बैंक में बिखराव आ सकता है। वहीं विपक्ष सामाजिक विकास के नाम पर जातिगत जनगणना को चुनाव में मुद्दा बनाना चाहता है जिससे वह दलितों तथा पिछड़ों को अपनी तरफ कर सके और उनकावोटपासके।जातीय जनगणना की मांग के बीच राम मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम भले ही एक संयोग मात्र हो लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में यह मंडल बनाम कमंडल पार्ट 2 का भी रूप ले सकता है। मंडल बनाम कमंडल 1990 ई की लड़ाई में एक तरफ मंडल रिपोर्ट थी तो दूसरी तरफ राम मंदिर का उग्र हिंदुत्व मुद्दा। इससे देश में कई राजनीतिक परिवर्तन आए। इस बार कथित मंडल बनाम कमंडलपार्ट 2 से क्या परिवर्तन होंगे। जातिगत राजनीति का यह मुद्दा क्या मंडल राजनीति का ही अवतार है या केवल भाजपा को रोकने का चक्रव्यूह। यह तो 2024 के आम चुनाव के बाद ही पता चलेगा। लेकिनजातिगत जनगणना केमुद्दे का असर हाल ही के पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में नहीं दिखा। जातिगत राजनीति की बजाय भाजपा के हिंदुत्व कार्ड ने लोगों का मन जीत लिया।ऐसा लगता है कि जातिकी राजनीति पर धर्म की राजनीतिक भारी पड़ रही है। अब क्षेत्रीय दलों को सोचना पड़ेगा की जाति क्षेत्र एवं भाषा के आधार पर अपना राजनीतिक अस्तित्व बनाए




रखना कठिन है। क्योंकि अब जनता पहले से कुछ अधिक समझदार हो गई है लेकिन जिस दिन जनता पूर्ण समझदार हो जाएगी उस दिन से जातिगत राजनीति पर वर्तमान में भारी पड़ने वाली सांप्रदायिक राजनीति भी नहीं चलेगी। तब केवल विकास चलेगा। जनता सोचनेलगेगी कि बिहार में जातिगत जनगणना से अधिक जरूरी पूर्ण जमीदारी उन्मूलन है। जाति धर्म भाषा और क्षेत्र आधारित राजनीति को हमें नकारना चाहिए क्योंकि ऐसी संकीर्णराजनीति से देश के विकास में बाधा पहुंचती है।जातिकी राजनीति करने वाली सपाबसपा जैसी मंडल पार्टियाअबअपना जनाधार खोने लगी है।लेकिन जोभी कुछ हो जाति आधारित जनगणना के मुद्दे ने राष्ट्रीय जनगणना के सवाल को भी जिंदा कर दिया है। आखिर कोरोना के कारण अपने समय पर न हो पाई राष्ट्रीय जनगणना अब कब होगी। इतना तो स्पष्ट है कि अगले लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यह संभव नहीं है।2011 की जनगणना के बाद राज्यों में काफी बदलाव आया है। 2011 के आंकड़ों से तरक्की की धारा में पीछे रह गए लोगों की सही-सही पहचान करना कठिन है जबकि उनकी पहचान करके उनके लिए विकास कार्यक्रम चलाना राज्यों का दायित्व है। इसलिए जब दसकीयराष्ट्रीय जनगणना में धर्म आधारित जनगणना से हमारे समाज में कोई समस्या नहीं खड़ी होती है तो फिर जातिगत जनगणना से कैसे किसी प्रकार की समस्या खड़ीहो सकती है।बेहतर होता कि जातिगत जनगणना को राजनीतिक फुटबॉल न बनाकर एक ईमानदार पहल के रूप में इसे स्वीकार कर लिया जाता। जाति और समुदाय सामाजिक सच्चाइयां हैं। इनके आधार पर हमारे देश में आरक्षण का वैधानिक प्रावधान है। जाति आधारित सटीक आंकड़े, सही और सटीक आरक्षण व्यवस्था के लिए जरूरी हैं। इससे पहले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार ने वर्ष 2010-11 में आर्थिक, सामाजिक और जातिगत जनगणना करवाई थी लेकिन इसके आंकड़े जारी नहीं कियेजा सके। इसी प्रकार 2015 में कर्नाटक की सरकार ने भीजातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए थे। क्योंकि जातिगत जनगणना की मात्र चर्चा शुरू होते ही बहुत सी उलझने और प्रश्न हलचल मचाने लगते हैं। इसमें एक प्रमुख समस्या यह है कि इसके आंकड़ों के आधार पर पूरे देश में आरक्षण की नई हिंसात्मक मांग प्रारंभ हो जाएगी। जैसा कि अभी बिना जातिगत जनगणना के ही 2015 ई के पटेल आरक्षण आंदोलन में देखा जा चुका है। पिछड़े एवं दलित जातियों की जनसंख्या के अनुसार आरक्षण की वकालत सबसे पहले 1980 के दशक में बसपा के नेता कांशीराम ने की थी।उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टीतथादक्षिण की कई पार्टियों भी जातिगत जनगणना के लिए आवाज उठाती रहती हैं। लेकिन जानकार मानते हैं कि जाति आधारित जनगणना की बातें केवल पिछडी जनता को उद्वेलित करने के लिए हैं।पिछड़ोंको बर्तन में पानी भरकर केवलचांद दिखाया जाता है क्योंकि बच्चा इस तरह केचांद से खेलते खेलते सो जाता है। मोहम्मद इकबाल की येपंक्तियां जातिगत जनगणना के पीछे पार्टियों की वोट बैंक की असल मंशासे मेल खाती है :

जम्हूरियत वह तर्ज ए हुकूमत है कि जिसमें,
बंदों कोगिना करते हैं तौलानहीं करते।

गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान इलाहाबाद के प्रोफेसर बद्री नारायण के अनुसार, ÷अधिकांश, गरीब दलित,पिछड़ों के लिए दैनिक जिंदगी की आवश्यकताएं और रोजी-रोटी का प्रश्न ज्यादा मायने रखता है जिसे सरकार कीयोजनाएं जैसे राशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान निधि, पेंशन योजना आदि पूरा करती हैं, नौकरीऔरजातिगत आरक्षण नहीं।एक अन्य विशेषज्ञ कहते हैं कि जनगणना करने से बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य,किसानोकी आत्महत्या, कोविड में जान माल की हानि,नोटबंदी और इसका देश की अर्थव्यवस्था पर पड़े असर के वास्तविक नकारात्मक आंकड़े भी बाहर आ सकते हैं।

# दहेज प्रथा नहीं, कलंक है

दहेज़ के कारण लड़की पर होने वाले अत्याचार का ज़िक्र करते हुए 48 वर्षीय मालती देवी बताती हैं कि उनके पड़ोस में एक नवब्याहता के साथ उसके ससुराल वाले कम दहेज़ लाने के कारण आये दिन हिंसा करते रहते हैं। आर्थिक रूप से कमज़ोर होने के कारण लड़की के घर वाले ससुराल पक्ष की उम्मीद से कम दहेज़ दिए थे। जिसका बदला वह लड़की से लेते थे। उन्होंने बताया कि गांव की औरतों से उसे सलाह दी कि वह इसकी शिकायत थाने में करे लेकिन लड़की ने माता-पिता की इज़्ज़त का हवाला देते हुए कोई भी शिकायत नहीं करने का फैसला किया था।

पिछले वर्ष के आखिरी महीने में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने साल 2022 का आपराधिक आंकड़ा जारी किया। जिसमें बताया गया है कि 2022 में दहेज़ के नाम पर देश भर में 6516 महिलाओं को मार दिया गया यानी प्रतिदिन लगभग 17 महिलाओं को केवल दहेज़ की लालच में मौत के घाट उतार दिया गया था। जबकि 2022 में ही देश भर के विभिन्न थानों में दहेज़ प्रताड़ना के करीब 14 लाख 4 हज़ार 593 केस दर्ज हुए हैं। यह भारत में अन्य अपराधों का 20.9 प्रतिशत है। यह आंकड़ा प्रति वर्ष बढ़ता ही जा रहा है। इसका अर्थ यह हुआ कि समाज की यह बुराई ख़त्म होने की बजाए बढ़ती जा रही है। शहरों की तरह यह सामाजिक बुराई गांवों तक नासूर बन कर फ़ैल चुकी है। देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी दहेज के नाम पर लड़की का शारीरिक और मानसिक शोषण होता है। उसे इतना टॉर्चर किया जाता है कि वह आत्महत्या जैसा संगीन कदम उठा लेती है।


सीमा मेहता

कहा जाता है कि गांव का ताना-बाना इस तरह का होता है कि शहरों की बुराई गांव तक नहीं पहुंचती है। लेकिन दहेज़ एक ऐसी गंदगी बन गया है जो शहरों से लेकर देश के दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्रों तक की फ़िज़ा को दूषित कर चुका है। गांव-गांव तक यह बुराई आम हो चुकी है। इसी बुराई से पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का पोथिंग गांव भी ग्रसित हो चुका है। राज्य के बागेश्वर जिला स्थित कपकोट ब्लॉक से लगभग 25 किमी दूर यह गांव पहाड़ की घाटियों में बसा हुआ है। जिसकी प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनती है। ऐसा लगता है कि प्रकृति ने जैसे अपने हाथों से इस गांव को बनाया है। लेकिन करीब दो हज़ार की आबादी वाले इस गांव में भी दहेज जैसी बुराई ने अपने पांव पसार लिया है। जिसकी वजह से गांव का सामाजिक ताना-बाना बिखरने लगा है। जहां दहेज की लालच में लड़कियों के साथ अन्याय किया जाता है। उन्हें परेशान किया जाता है। उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है। उन पर शारीरिक और मानसिक रूप से अत्याचार किया जाता है। उसे इस कदर परेशान किया जाता है कि वह अपनी जीवन लीला को ही समाप्त कर लेती है। लेकिन इसके बावजूद पोथिंग गांव में यह बुराई ख़त्म होने की जगह बढ़ती जा रही है।

इस संबंध में गांव की एक 18 वर्षीय किशोरी पूजा गड़िया कहती है कि दहेज एक ऐसी बुराई है जिससे लड़की के परिवार वालों को अनेक परिस्थितियों से गुज़रना पड़ता है। वे लड़की की शादी के बारे में जब भी सोचते हैं उससे पहले उन्हें दहेज के बारे में सोचना पड़ता है। इसकी वजह से कई लड़कियों की



ज़िन्दगी बर्बाद हो जाती है। केवल दहेज़ का इंतज़ाम नहीं होने की वजह से एक लड़की का रिश्ता टूट जाता है। लड़के वाले पहले लड़की के घर वालों से दहेज देने की उनकी हैसियत पूछते हैं। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि लड़की के घर वाले किस आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं? इसी बुराई के कारण कई गरीब मां-बाप लड़की के जन्म नहीं लेने की कामना करते हैं। पूजा कहती है कि अक्सर माता-पिता अपनी हैसियत से बढ़ कर वर पक्ष को दहेज़ देते हैं, लेकिन यदि लड़के के घर वालों की मांग के अनुसार वह पूरी नहीं होती है तो वह इसका बदला लड़की का शारीरिक और मानसिक शोषण के माध्यम से लेते हैं। वहीं 17 वर्षीय एक अन्य किशोरी तनुजा कहती है कि इसी दहेज़ के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के माता-पिता अपनी लड़की की शिक्षा पर पैसा खर्च करने से कतराते हैं। उनका मानना होता है कि पढ़ाने में खर्च करने से कहीं बेहतर उसके दहेज़ के लिए सामान खरीदना अच्छा होगा।

दहेज़ के कारण लड़की पर होने वाले अत्याचार का ज़िक्र करते हुए 48 वर्षीय मालती देवी बताती हैं कि उनके पड़ोस में एक नवब्याहता के साथ उसके ससुराल वाले कम दहेज़ लाने के कारण आये दिन हिंसा करते रहते हैं। आर्थिक रूप से कमज़ोर होने के कारण लड़की के घर वाले ससुराल पक्ष की उम्मीद से कम दहेज़ दिए थे। जिसका बदला वह लड़की से लेते थे। उन्होंने बताया कि गांव की औरतों से उसे सलाह दी कि वह इसकी शिकायत थाने में करे लेकिन लड़की ने माता-पिता की इज़्ज़त का हवाला देते हुए कोई भी शिकायत नहीं करने का फैसला किया था। मालती देवी कहती हैं कि यह दहेज़ लड़कियों की शिक्षा में बाधक बनता जा रहा है। पहले माता-पिता अपनी लड़की को शादी में जो कुछ देते थे वर पक्ष उसे सहर्ष स्वीकार कर लेते थे, लेकिन अब वह न केवल शादी से पहले दहेज की भारी भरकम डिमांड करते हैं बल्कि नहीं मिलने पर लड़की के साथ अत्याचार भी करते हैं और समाज इसके विरुद्ध आवाज़ भी नहीं उठाता है। इस संबंध में गांव के एक शिक्षक कहते हैं कि इस बुराई को जागरूकता के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। जिसमें स्वयं समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए। यदि गांव वाले दहेज लेने वाले परिवार का सामूहिक बहिष्कार करने लगे तो इस बुराई को रोका जा सकता है। भले ही इसमें समय लगेगा लेकिन यह समाप्त हो सकता है।

बहरहाल, समाज हो या परिवार, सभी दहेज को ख़त्म करने की जगह इसे शान से अपनाने और बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। इस पर शर्मिंदा होने की जगह इसे स्टेटस सिंबल मान कर प्रोत्साहित कर रहे हैं। ऐसा कर वह इस बात का ज़रा भी ख्याल नहीं करते हैं कि इससे एक गरीब परिवार की लड़की पर कितना नकारात्मक प्रभाव पड़ता होगा। वह लड़की किस मानसिक प्रताड़ना से गुज़रती होगी जब उसके माता-पिता अपनी सारी जमा पूंजी उसकी शिक्षा पर खर्च कर देते होंगे और जब उसकी शादी की बारी आती होगी तो लड़के वाले उसकी शिक्षा को देखने की जगह दहेज के लिए उसके परिवार की हैसियत देखने लगते हैं। अफ़सोस की बात यह है कि जैसे जैसे साक्षरता की दर बढ़ती जा रही है उसी रफ़्तार से दहेज़ लेने का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। इसका अर्थ यह हुआ कि समाज शिक्षित तो हो रहा है लेकिन दहेज़ जैसी बुराई के खिलाफ जागरूक नहीं हुआ है। दहेज़, दरअसल कोई प्रथा नहीं बल्कि एक कलंक है। सभ्य समाज के माथे पर एक बदनुमा दाग़ है। जिसे मिटाने के लिए स्वयं समाज को ही पहल करनी होगी। (चरखा फीचर)

# लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा ट्रक टैक्सी चालकों का विरोध

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** भारत सरकार द्वारा नए हिट एण्ड रन कानून के विरोध में दूसरे दिन मंगलवार को भी ट्रक, बस व टैक्सी यूनियन का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को आम जनता को ज्यादा परेशानी का सामना करना पडा। ऐसे में ई-रिक्शा ने रोजमर्रा के काम पर जाने वाले लोगों को काफी सहारा दिया, लेकिन सोमवार की तरह कल भी कानपुर की सडकों पर टैक्सी यूनियन के लोगों द्वारा ऑटो, टैक्सी और ईरिक्शा को रोका गया।

इतना ही नही जहां ईरिक्शा चालकों के साथ हांथापाई की गयी तो वहीं सवारियों के साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए उनका हाथ पकडकर ऑटो और ईरिक्शा से उतार दिया गया। इसी के साथ ही अब इस हडताल का व्यापक असर दिखाई देने लगा है। कानपुर के साथ ही पूरे उत्तर प्रदेश और अन्य कई राज्यों से लगातार चालकों के विरोध की खबरे आती रही। दूसरी तरफ बाजार पर भी इसका प्रभाव कल से देखने को मिलने लगा। कुछ ही सही लेकिन आम दिन के जरूरत के सामानों के दाम मंहगे होने लगे तो पेट्रोलपंपो पर भी हजारो की संख्या में बाईको की भीड दिखी। शहर के कई पेट्रोल पंपो पर पेट्रोल देना ही बंद कर दिया गया। हिट एंड रन कानून का विरोध अब तेज होने लगा है और इसका व्यापक असर आम जिंदगी को प्रभावित करने लगा है। जहां लोगों को आने-जाने में परेशानी होने लगी है तो वहीं फल, सब्जी, दूध और अन्य सामानो के दामों में वृद्धि होने लगी है। प्रशासन द्वारा ट्रासपोर्टर्स से लगातार बात कर स्थिति संभालने का काम किया जा रहा है। बतादें कि इस नए कानून के तहत चालक की लापरवाही से होने वाली मौत पर कुछ प्रावधान किए गऐ है, जिसमें यदि हादसे में चालक की लापरवाही सामने आती है और वह पुलिस या मजिस्ट्रेट को बिना सूचना दिए भाग जाता है तो सात लाख रूपए जुर्माने के साथ दस वर्ष की सजा का प्रावधान है। यह बी बतातें चले कि देश में 95 लाख से ज्यादा ट्रक सडकों पर दौड रहे है, जो व्यवस्थाओं की रीढ माने जाते है और प्रति वर्ष 100 अरब किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करते हुए यह ट्रक आम आदमी की जरूरतों का सामान एक राज्य से दूसरे राज्यो तक पहुंचाते हे। देश में 80 लाख से अधिक ट्रक चालक है और इस विरोध तथा हडताल के कारण आने वाले समय में कोई निष्कर्ष निकलने पर आम जिंदगी पर इसका सीधा और व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। नए कानून के तहत मंगलवार को भी सडकों पर टैक्सी, ऑटो नही दौडे। सुबह से ही टैक्सी यूनियन के लोग जत्थे में सडकों पर उतर आये और जो टैक्सी या ऑटो सडक पर दिखाई दिये उन्हे रोकर उन चालाकों के साथ अभद्रता की गयी साथ ही कई स्थानो पर ईरिक्शा चालकों केसाथ मार-पीट भी की गयी तथा सवारियों का हाथ पकड कर बाहर खींच लिया गया।

# चक्काजाम उपद्रव में बदला विरोध-प्रदर्शन

**लखनऊ।** पूरे उत्तर प्रदेश के साथ कानपुर में दूसरे दिन भी हड़ताल जारी है। धरमपुर बंबा और सजेती थाना इलाके के गुजेला के पास कानपुर सागर मार्ग पर दूसरे दिन भी ट्रक चालकों ने चक्का जाम किया। रोडवेज बसों को भी रोका। प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार (मजिस्ट्रेट) तक की गाड़ी रोक दी। हालांकि पुलिस ने बसों और मजिस्ट्रेट की गाड़ी को निकलवाया। इससे पहले, सड़क हादसे के बाद भागने पर ड्राइवरों पर पांच लाख रुपये का जुर्माना और 10 साल की सजा के प्रस्तावित कानून के विरोध में शहर में चक्का जाम हो गया। इससे रोडवेज बसों, ई-बसों, ऑटो, टेंपो का पहिया नहीं घूमा। इससे लोगों को पैदल ही गंतव्य को जाना पड़ा। लोग पीठ पर बैग लादकर पैदल चलने को मजबूर हुए।

करीब 75 हजार ऐसे वाहनों की हड़ताल से यात्रा करने वाले लोग दिन भर परेशान हुए। नए साल पर घूमने आने जाने वाले लोगों को भी वाहन न मिलने से पैदल आना जाना पड़ा। जो वाहन चालक सड़क पर निकले, उन्हें यूनियन के दबंगों ने पीटा। यात्रियों को वाहनों से उतारकर गालियां दीं और वाहनों पर तोड़फोड़ की। यहां तक की ऊबर, ओला के चार पहिया वाहन भी नहीं चले। हालांकि बाइक सर्विस जारी रही। यूपी मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने एक से तीन जनवरी तक हड़ताल कर विरोध जताने का आह्वान किया है। हड़ताल का असर दूध की आपूर्ति पर भी असर पड़ा। सुबह दुग्ध वाहन सेंटरों तक आ गए, लेकिन शाम को गाड़ी नहीं आई। दुकानों से लोग बिना दूध के ही वापस लौटे। करीब 100 बड़े वाहनों से दूध की आपूर्ति शहर और आसपास के क्षेत्रों में की जाती है। हड़ताल इसी तरह से रही तो मंगलवार को संकट बढ़ सकता है। कानपुर से ही प्रयागराज और वाराणसी के लिए भी दूध की आपूर्ति होती है। इन जनपदों में भी दूध नहीं पहुंच पा रहा है। अमूल प्लांट के अधिकारी किशन यादव ने बताया कि हड़ताल से दिक्कत आ रही है।

## नवनियुक्त मुख्य अभियंता का भव्य स्वागत



**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** सिंचाई संघ अध्यक्ष अजय द्विवेदी एवं विनय कुमार मंत्री सिंचाई संघ अन्य सम्मानित सदस्य सिंचाई संघ कानपुर प्रखंड निचली गंगा नहर कानपुर द्वारा नव नियुक्त मुख्य अभियंता रामगंगा सिंचाई विभाग राजेंद्र कुमार जैन को पुष्प एवं अंग वस्त्र देकर शिष्टाचार भेंट एवं भव्य स्वागत किया जिसमें सिंचाई संघ के संदर्भ में आने वाली परेशानियों एवं उनके निराकरण करने की परिचर्चा की गई जिसमें मुख्य अभियंता द्वारा तुरंत कार्रवाई करने का श्वसन दिया गया उक्त शिष्टाचार भेंट में विजय करण सिंह संरक्षक सिंचाई संघ एवं दिनेश यादव संरक्षक सिंचाई संघ एवं वरिष्ठ सदस्य उमाशंकर शाह अभय राज पांडे कुलदीप त्रिवेदी ताजामुल अहमद अमित मिश्रा रितेश बाजपेई आशीष शुक्ला सुमित मित्तल अनुज कुशवाहा शैलेंद्र सविता अनूप शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## गुरजिंदर सिंह का जन्मदिन मनाया गया



**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कानपुर महानगर अध्यक्ष गुरजिंदर सिंह का नौबस्ता,जी एस टावर कोपरगंज, टिम्बर बाजार कोपरगंज,अफीम कोठी लोहा बाजार कई बाज़ारो सहित बैंक अधिकारियो द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया और केक काटकर कई बाज़ारो मे जन्मदिन मनाया गया इस मौके पर गुरुजिन्दर सिंह ने कहा कि महानगर के व्यापारियों का प्यार और समर्थन है जो आज दिखाई दे रहा है इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने व्यापारियो को व्यापारी हित मे संघर्ष करने का संकल्प दिलवाया इस मौके पर प्रमुख रूप मे महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, रमाकांत शर्मा,विजय गुप्ता गोरे,राजेश आहूजा,प्रवीन दिक्षित, सुरेश अग्रवाल, जीतेन्द्र सिंह, मनोज विश्वकर्मा, राकेश शर्मा नितिन टेकवानी, हरीश रामचंदानी,रमेश डुसेजा भूपिंदर सिंह राजा, गिरीश पैगोरिया, हुकूमत राय, संदीप सिंह, मनदीप सिंह,शंकरलाल डुसेजा, खेमचंद डुसेजा,गंगा राम तेजवानी, सुरेश तेजवानी,रवि आदि थे।

# क्षेत्रीय कार्यालय 17 जिलों में 14 जनवरी से मठ मंदिरों में चलायी स्वच्छता अभियान

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 संगठतत्मक जिलों मे 14 से 22 जनवरी तक सभी मठ मंदिरों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाएगी। उक्त बात भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्रीय कार्यालय मे आगमी अभियानों से जुड़े पदाधिकारियों की एक अति महत्वपूर्ण बैठक में कही।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा की 22 जनवरी श्रीराम मंदिर अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा तक किसी भी जिले का कोई मठ/मंदिर न शेष रह जाये जहाँ पार्टी के पदाधिकारी सांसद विधायक सभी जनप्रतिनिधि भाग लें। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलों के सभी बाजारों मे साज सज्जा की जिम्मेदारी संभालेगा। बूथ सशक्तिकरण अभियान से जुड़े पदाधिकारी 5 जनवरी से 10 जनवरी के मध्य भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के 20788 बूथों पर सत्यापन का कार्य करेंगे। जिसमे बूथ समिति के सदस्य,पन्ना प्रमुख आदि सभी सदस्यों से बुलाकर संवाद करेंगे।24 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है भाजपा सभी जिलों मे नव मतदाता सम्मेलन आयोजित करेगी। जनवरी के अंतिम सप्ताह तक भाजपा अपने सभी जिलों मे सामाजिक सम्मेलन व लाभार्थी सम्मेलन भी आयोजित होंगे।पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत सभी 52 विधानसभाओं की प्रत्येक विधानसभा से 1000 लोग चयनित होंगे। जिनको प्रशिक्षण देकर इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा श्री पाल ने बैठक मे आगामी कार्यक्रमों के लिए क्षेत्रीय पदाधिकारियों बूथ सशक्तिकरण अभियान - पूनम द्विवेदी, पवन प्रताप सिंह,अलोक शुक्ला, लोकसभा/ विधानसभा संचालन समिति/वोटर चेतना/नव मतदाता सम्मेलन -सुनील तिवारी, राम कुमार द्विवेदी, जॉइनिंग कमेटी प्रमुख राम किशोर साहू, अनूप अवस्थी, संदीप सिंह, सामाजिक सम्मेलन एवं मोर्चा प्रकोष्ठ अभियान- अनिता गुप्ता, जय प्रकाश कुशवाहा, उपेंद्र पासवान, लाभार्थी सम्पर्क अभियान - अनिल यादव,अंचल गुप्ता, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना - सुधीर सिंह, स्वच्छता अभियान -अलोक मिश्रा, परमानंद शुक्ला आदि क्षेत्रीय अभियान प्रमुख बनाएं गये है।

# पूर्व सैनिको ने कलश पर पुष्पाजंलि अर्पित किया, शहीद सैनिको को याद किया

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** एंटी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया कानपुर टीम व आल इंडिया फिल्म एण्ड फ्रेटरनिटी एसोसिएशन के तत्वावधान मे नगर मे अपनी कलम की ताकत से एक नई पहचान बनाने वाले पत्रकारो को आज एंटी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया की कानपुर टीम ने ग्लोबल विलियम्स अवार्ड-2024 से सम्मानित किया है।

यह अवार्ड समारोह मे सिद्धनाथ मंदिर के महामण्डलेश्वर अरूण चैतन्य पुरी महराज व शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार विनय प्रकाश मिश्रा (ब्यूरो चीफ) इंडियन एक्टिव जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री, के के साहू,चंदन जायसवाल, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद निसार, घर्मेन्द अवस्थी सहित 11 पत्रकारो को ग्लोबल विलियम्स अवार्ड व तिरंगा रूपटटा पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। नव वर्ष -2024 के उपलक्ष्य मे आज सैनिको को श्रध्दांजलि व सम्मान समारोह का भव्य आयोजन चाय- वाय रेस्टोरेंट सनिगवा मे किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि सिद्धनाथ मंदिर के महामण्डलेश्वर अरूण चैतन्य पुरी महराज व शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने शिरकत किया। विशिष्ठ अतिथि महेश मिश्रा क्षेत्रीय संयोजक सैनिक प्रकोष्ठ व रतन राठौर ने अमर शहीद जवान के कलश पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। शहीद सिपाही वर्मा की पत्नी दीक्षा वर्मा व शहीद दीपक के पिताजी को सम्मानित करते हुए सम्मानित अतिथि तथा प्रांगण में उपस्थित सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। गायक भानु शुक्ल के गीत चिट्ठी ना कोई संदेश को सुनकर प्रांगण में सभी की आंखें छलक उठी। इस मौके पर पूर्व सैनिकों वाई के सिंह , एम पी शर्मा,बी एन पांडेय वेटरन यादव, वेटरन मिश्रा, आर बी सिंह को भी सम्मानित किया गया।

## 21 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** श्रीरामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली चित्रकूट के राजापुर का समग्र पर्यटन विकास होगा। प्रदेश सरकार ने इसके लिए लगभग 21 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसमें पहली किशत के रूप में 4.50 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि रामचरित मानस हमारा पवित्र ग्रंथ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था इसके साथ जुड़ी है। यही श्रद्धा राम चरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास के साथ भी जुड़ी है। बड़ी संख्या में लोग उनकी जन्मस्थली भ्रमण करने जाते हैं। हमारा प्रयास है कि इस स्थल का समग्र पर्यटन विकास किया जाएए जिससे पर्यटकों को कोई असुविधा न हो। उनके लिए भ्रमण के साथ साथ ठहरने की अच्छी व्यवस्था हो। यहां डिजिटल माध्यम से लोगों को रामचरितमानस पढने् और गोस्वामी तुलसीदास के जीवन से परिचित कराने की व्यवस्था भी की गई है। जयवीर सिंह ने कहा कि चित्रकूट जनपद स्थित राजापुर में तुलसी स्मारक के पास करीब ढाई एकड़ में विकास कार्य कराए जायेंगे। स्मारक के किनारे सुंदरीकरण कराया जायेगा। पार्क बनाया जायेगा, औषधीय पौधे लगाये जायेंगे। बच्चों के खेलने के लिए झूलों की व्यवस्था की जायेगी। डोरमेट्री बनाई जायेगी। डिजिटल लाइब्रेरी और इंटरप्रटेशन सेंटर बनाया जायेगा। यहां लोग डिजिटल रूप से रामायण पढ़ सकेंगे और गोस्वामी तुलसीदास के जीवन से परिचित हो सकेंगे। इसके अलावा ओपन थिएटर व लैंडस्केप सहित कई और कार्य कराए जायेंगे।

# रामलला की मूर्ति फाइनल होने पर चंपत राय बोले मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा

**लखनऊ।** भव्य राम मंदिर में स्थापित करने के लिए रामलला की तीन मूर्तियों में से एक मूर्ति का चयन हो गया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। तीन मूर्तिकारों में से कर्नाटक के जानेमाने मूर्तिकार योगीराज अरुण की बनाई मूर्ति पर मुहर लगी है।

हालांकि, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंगलवार को कहा कि इस मामले में मैं अभी कुछ नहीं बोलूंगा। मूर्तिकार मंदिर समिति ही इस पर अंतिम फैसला लेगी। जानकारी मिली है कि मूर्ति पर मुहर तो गई है, लेकिन ट्रस्ट 17 जनवरी को इस बारे में राम भक्तों को जानकारी देगा। आपको बता दें कि इस दिन रामनगरी में नगर यात्रा निकाली जाएगी। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक्स पर लिखा कि %जहां राम हैं, वहां हनुमान हैं। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्ति का चयन हो गया है। हमारे देश के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार, हमारे गौरव अरुण योगीराज के द्वारा बनाई गई भगवान राम की मूर्ति अयोध्या में स्थापित की जाएगी। यह राम और हनुमान के अटूट रिश्ते का एक और उदाहरण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हनुमान की भूमि कर्नाटक से रामलला के लिए यह एक महत्वपूर्ण सेवा है। रामलला की अचल मूर्ति निर्माण के लिए नेपाल की गंडकी नदी समेत कर्नाटक, राजस्थान व उड़ीसा के उच्च गुणवत्ता वाले 12 पत्थर ट्रस्ट ने मंगाए थे। इन सभी पत्थरों को परखा गया तो राजस्थान व कर्नाटक की शिला ही मूर्ति निर्माण के लायक मिली। कर्नाटक की श्याम शिला व राजस्थान के मकराना के संगमरमर शिला को इनकी विशेष खासियतों के चलते चुना गया। मकराना की शिला बहुत कठोर होती है और नक्काशी के लिए सर्वोत्तम होती है। इसकी चमक सदियों तक रहती है।

# हिट एंड रन मामले में प्रस्तावित संसोधन वापस ले पुराना कानून बहल रखे सरकार

अवधनामा संवाददाता



**कानपुर।** पं रवीन्द्र शर्मा अध्यक्ष द लायर्स एसोसिएशन कानपुर के नेतृत्व में अधिवक्तागण ने अमित शाह गृहमंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी को देते हुए बताया कि हिट एंड रन मामले में प्रस्तावित संशोधन जिसमे दुर्घटना के गंभीर मामले में पुलिस या प्रशासनिक अधिकारी को सूचना न देने पर 10 वर्ष की सजा और रु 7 लाख जुर्माना निर्धारित किया जा रहा है जो हम अधिवक्ताओं सहित आम जनमानस और ड्राइवरी कर अपने व अपने परिवार का भरण पोषण करने वालों के लिए एक तरह से मौत का फरमान है से यह है कि स्कूटर मोटर साइकिल कार बस ट्रक चलाने वाला किसी को भी जानबूझकर किसी भी तरह की क्षति नहीं पहुंचाता है प्रस्तावित कानून से हम अधिवक्ताओं सहित आम जनमानस विशेषता ड्राइवरो में अपने जीवन को लेकर ऐसा भय व्याप्त हुआ कि ड्राइवर अपनी जान तक दे रहे हैं हमारी गृहमंत्री जी से मांग है कि हिट एंड रन मामले में दण्ड पर प्रस्तावित संशोधन को तत्काल वापस ले और पुराने कानून को यथावत रखने की घोषणा कर व्याप्त भय को समाप्त करें। प्रतिवेदन प्राप्त कर संयुक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि हम आपका प्रतिवेदन आवश्यक कार्रवाई हेतु तत्काल गृह मंत्रालय भारत सरकार को भेज देंगे। अंत में शर्मा ने विश्वास जताया कि हमारे प्रतिवेदन पर गृहमंत्री जनहित में प्रस्तावित संशोधन वापस ले हम सबको अनुग्रहित करेंगे। प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता भानु प्रताप द्विवेदी नरेश त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष बार पवन अवस्थी अरविंद दीक्षित पूर्व उपाध्यक्ष बार संजीव कपूर शिशिर पांडे सर्वेश त्रिपाठी इनामुल हक सिद्दीकी विजय सागर अभिषेक तिवारी अतुल सिंह आयुष शुक्ला राजकुमार त्रिपाठी अनिल चौधरी आलोक मिश्रा जय राजावत संदीप वर्मा मो उजान शाहनवाज शिवम गंगवार के के यादव आदि रहे।

## किसानों को दी गई प्राकृतिक एवं जैविक खेती की जानकारी

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के वैज्ञानिकों द्वारा आज ग्राम टोडरपुर शेखपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान किसान भाइयों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती विषयक जानकारी दी गई।इस अवसर पर किसानों को मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने बताया कि मृदा में जीवांश कार्बन की कमी हो रही है। इसलिए मिट्टी में केंचुआ खाद एवं गोबर की खाद मिलाना नितांत आवश्यक है। जिससे मिट्टी की जीवांश क्षमता को बढ़ाया जा सके और गुणवत्ता परक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने किसान भाइयों को गेहूं की फसल में खरपतवार नियंत्रण जैसे विषयों पर जानकारी दी तथा उन्होंने कहा की इसी तरीके का मौसम रहा तो आलू फसल में पंचायती झुलसा लगने की प्रबल संभावना है जिसका नियंत्रण करना भी आवश्यक है।

## मेट्रो स्टाफ व सुरक्षाकर्मियों की सराहना की

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार सुबह श्रृंगारनगर में एक महिला यात्री तलाशी के दौरान अपना लाल रंग का बैग उठाना भूल गई। जिसमें 25300 रुपये, कपड़े और सौंदर्य प्रसाधन के सामान थे। जब वह मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन पहुंची तो उसे उस लाल रंग के बैग के बारे में याद आया जो वह जल्दबाजी में श्रृंगारनगर नगर मेट्रो स्टेशन पर छोड़ आई थी। उसने मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन के स्टेशन नियंत्रक से सम्पर्क किया। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद 25300 रुपये और अन्य सामान रखे हुए बैग दावेदार को सौंप दिया गया। लखनऊ मेट्रो की खोया पाया सेल ने सेवा शुरू होने के बाद से यात्रियों को लगभग 35 लाख नकद, 155 लैपटॉप और 800 से अधिक मोबाइल फोन सुरक्षित लौटाये हैं। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने मेट्रो स्टाफ और मेट्रो सुरक्षा कर्मियों की तत्परता की सराहना की। उन्होंने कहा कि लखनऊ मेट्रो की हाईटेक तकनीक और हाई रेजोल्यूशन पीटीजी सुरक्षा कैमरे अतीत में खोये हुए बच्चों और सामान को ट्रैक करने में कारगर साबित हुए हैं। लखनऊ मेट्रो के हर स्टेशन पर 60 से 70 सीसीटीवी कैमरे हैं, इसके अलावा मेट्रो ट्रेन के अंदर 24 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। ये कैमरे मेट्रो प्रणाली के हर कोने की सुरक्षा निगरानी बनाये रखते हैं।

## कर्मचारियों से मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** एनई रेलवे मजदूर यूनियन ने मंडल मंत्री आरएन. गर्ग के नेतृत्व में मंगलवार को लखनऊ जंक्शन स्टेशन परिसर पर गार्ड लॉबी, पार्सल आफिस, सीटीआई आफिस, स्टेशन अधिक्षक, बुकिंग आफिस, टीएलसी आफिस पॉवर आफिस, केबिन आफिस, कैरेज पासिंग आफिस, पॉवर आफिस में जाकर कर्मचारियों एवं अधिकारियों से मिलकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। जिसमें शाखा आउट डोर के संजीव चौधरी, राजन सक्सेना, नैयर अहमद, पीके. सिंह, राजेश सिंह, अरुण पटेल, सुनील यादव, अमित पाल, विजेंद्र भारती, शानदार हुसैन व मंडल मीडिया प्रभारी मो.नसीम इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# पीड़ित छात्रा के लिए न्याय की मांग को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन, पुलिस बल तैनात







**लखनऊ।** आईआईटी बीएचयू की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार तीनों भाजपा नेताओं की चर्चा हर तरफ हो रही है। उधर, कांग्रेस नेताओं की ओर से मंगलवार की सुबह आईआईटी बीएचयू की पीड़ित छात्रा के लिए न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी है।

बता दें कि प्रदर्शन को लेकर पहले ही गुरुधाम चौराहे से प्रधानमंत्री संसदीय कार्यालय तक छावनी में तब्दील कर दिया गया। वहीं चप्पे- चप्पे पर पुलिस फोर्स बल तैनात रही। कांग्रेस नेताओं से पुलिस की नोकझोंक भी हुई।

उधर, आईआईटी बीएचयू की घटना में पकड़े गए आरोपियों की भाजपा नेताओं के साथ बीएचयू परिसर में जगह- जगह पोस्टर चस्पा किया गया है। प्रदर्शन कर रहे लोगों को काबू करने के लिए प्रधानमंत्री संसदीय कार्यालय तक भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग की गई है। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। उन्होंने छात्रा के लिए न्याय की मांग करते हुए आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की। उधर, पुलिस मामले को शांत करने में जुटी रही। बता दें कि आईआईटी बीएचयू की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार तीनों भाजपा नेताओं के खिलाफ लंका थाने की पुलिस एक सप्ताह में अदालत में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। पुलिस का दावा है कि तीनों के खिलाफ सर्विलांस और सीसी फुटेज सहित अन्य माध्यमों से इतने पर्याप्त वैज्ञानिक साक्ष्य हैं कि उन्हें अदालत से कठोर सजा मिलेगी। भाजपा आईटी सेल के तीन पदाधिकारियों के सामूहिक दुष्कर्म में शामिल होने की घटना के बाद पार्टी मामले की आंतरिक जांच कराएगी। मामले में पार्टी के स्थानीय नेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

# ट्रक ड्राइवर और पुलिस के बीच झड़प, पथराव से मची भगदड़



**लखनऊ।** मैनपुरी के करहल थाना क्षेत्र में केन्द्र सरकार के नए कानून के विरोध में प्रदर्शन कर रहे वाहन चालकों ने एक्सप्रेस-वे पर पथराव कर दिया। वाहनों पर हुए पथराव से दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस टीम पर भी पथराव कर दिया गया।

हालात बिगड़ते देख प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने भी लाठियां पटकना शुरू कर दीं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे गए। पथराव के दौरान एक्सप्रेस-वे पर वाहनों के पहिये थम गए, जिसकी वजह से यहां लंबा जाम लग गया। एक्सप्रेस-वे पर हुए बवाल की सूचना मिलते ही घिरोर और दन्नाहार से भी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ते हुए हालतों पर काबू पाया। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि कुछ ट्रक ड्राइवरों ने जाम लगा दिया था। इस दौरान कुछ ड्राइवरों एक्सप्रेस वे पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने इन ट्रक ड्राइवरों को हल्का बल प्रयोग कर खदेड़ दिया। किसी भी यात्री के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

## बकाया ऋण ब्याज सहित 31 तक जमा कराना अनिवार्य

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय ने उ0प्र0 अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम लि0 द्वारा संचालित टर्मलोन ऋण योजना, मार्जिनमनी एवं शैक्षिक ऋण योजना के अन्तर्गत समस्त ऋण प्राप्त अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, इसाई, बौद्ध, पारसी, जैन) समुदाय को अवगत कराया है कि अब तक का देय बकाया ऋण ब्याज सहित 31 जनवरी तक कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी देवरिया में जमा कराकर या बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा-देवरिया के बचत खाता संख्या-12120100017360 में जमा कराकर जमा पर्ची की छायाप्रति कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, देवरिया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उपरोक्त तिथि तक देय धनराशि जमा न करने पर भू-राजस्व की भांति वसूली (जिसमें अधिभार पृथक रूप से देय होगा) की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी ऋण बकायेदार की होगी।

## घर घर अक्षत और निमंत्रण पत्रक वितरण

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** अयोध्या में राम मंदिर का चित्र के सभी ग्राम पंचायत व नगर मे -घर अक्षत और निमंत्रण पत्रक वितरण किया जा रहा है।जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देवरिया नगर की अपनी शाखा राम-कृष्ण प्रभात की अपनी टोली ने आज प्रातःकाल अपने शाखा क्षेत्र रामनाथ देवरिया में निकल कर 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि, अयोध्या धाम में होने वाले भगवान श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की सूचना व निमन्त्रण स्वरूप अक्षत, चित्र व पत्रक को परिवारों में दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रामनाथ देवरिया के वीरेन्द्र कुमार सिंह, अजय नारायण तिवारी, राधारमण मिश्र, संतोष शुक्ल, रामचन्द्र मणि, शक्तिधर पाण्डेय, राजेश प्रजापति, पप्पू पाण्डेय बबलू पाण्डेय रोहन मणि आदि आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# इरॉस सैलून एण्ड एकेडमी का हुआ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

इटावा। शहर के बलराम सिंह चौराहे पर इरॉस सैलून एण्ड एकेडमी का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी नीलम राय ने फीता काट कर किया। नीलम राय ने उद्घाटन की मौके पर कहा कि सैलून में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया है और बहुत सारे ब्रांड रखे गए हैं सैलून का इंटीरियर भी बहुत आधुनिक है। एरोस सैलून एण्ड एकेडमी की ऑनर सबिया शमीम ने कहा की सैलून की सर्विस उच्च क्वालिटी की है जो ट्रेंड्स स्टाफ द्वारा दी जा रही है साथ ही एकेडमी के माध्यम से शहर के लोगों के लिए रोजगार भी उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन,जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी, युवा महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## छूटी हुई प्रायोगिक एवम मौखिक परीक्षा देने एक लिए 5 जनवरी तक करें आवेदन- प्रो.महेन्द्र सिंह



इटावा। (अवधनामा संवाददाता) के के कालेज के प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने बताया कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्विद्यालय कानपुर के परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार के दिनांक 02 जनवरी 2024 के पत्र द्वारा अधिसूचित किया गया है कि विश्विद्यालय से संबद्ध सत्र 2022-2023 में संपन्न हुई मुख्य वार्षिक परीक्षा एवम पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठक्रमो(मेडिकल पाठ्यक्रमों को छोड़कर),के ऐसे छात्र छात्राएं जिनका किसी कारणवश प्रायोगिक व मौखिक परीक्षा छूट गई या वे अनुपस्थित हो गए हैं।ऐसे छात्र छात्राओं को विश्विद्यालय द्वारा एक अवसर प्रदान करते हुए पुनः प्रायोगिक एवम मौखिकी परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है।अहर्ता रखने वाले छात्र छात्राएं दिनाक़ 5 जनवरी तक विश्विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर प्रायोगिक एवम मौखिक परीक्षा हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करे।साथ ही जिन छात्र छात्राओं ने पूर्व से ही 2022-2023 की छूटी हुई प्रायोगिक व मौखिक परीक्षा हेतु आवेदन किया हुआ है,उनको पुनःआवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

## रात के भोर में नहीं मिल रही है विद्युत लाइट

रामपुर भगन- अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता) बीकापुर तहसील क्षेत्र के तीनों विद्युत उपकेंद्रों की कटौती से लाइट कनेक्शन धारकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लाइट कनेक्शन धारक बताते हैं की भोर में यानी लगभग 4:00 बजे लाइट कट जाती है क्षेत्र की महिलाओं का आरोप है कि बच्चों की पढ़ाई लिखाई चौपट हो रही है और ग्रामीण महिलाओं को सुबह का घरेलू काम करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है गांव की गरीब तबके की महिलाओं का कहना है की मोदी व योगी सरकार मिटटी का तेल किरोसिन लगभग 5 साल पूर्व ही बंद कर दिया था और अब भोर में लाइट भी नहीं मिल रही है जिससे ग्रामीण महिलाओं को मोदी सरकार में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## ठंड से ठिठुर कर साधु की मौत

गोवर्धन (मथुरा)। (अवधनामा संवाददाता) सर्दी के प्रकोप से बचाने के लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने बेसहारा मजदूर वर्ग के लोगों को कंवल वितरण कराने एवं रेन बसेरा बनाने के आदेश जिला प्रशासन को दिए थे। लेकिन प्रशासन के द्वारा मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। गिरिराज परिक्रमा मार्ग पर सैकड़ों बे सहारा साधु भेषधारी खुले आसमान के नीचे रात बिताने को विवश हैं। राधाकुण्ड नगर पंचायत ने परिक्रमा मार्ग में अभी तक रेन बसेरा नहीं बनाये है। रेन बसेरा के अभाव में आए दिन भिक्षुक और साधुभेषधारियों की मौत हो रही है।

# महोत्सव मंच दिखा फैशन का जलवा, कैटवॉक करने उतरे मॉडल

## डिजाइनर के साथ मॉडल ने पायें पुरस्कार, रैम्प पर उतरे सितारें



अवधनामा संवाददाता
वहाज अली निहाल

इटावा। इटावा महोत्सव पंडाल में देर शाम फैशन का जलवा गीत संगीत के साथ मॉडल के कैटवॉक के साथ देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक सदर सरिता भदौरिया व एसएसपी की पत्नी नीलम राय ने दीप प्रजव्वलन के साथ किया।फैशन शो में प्रथम प्रस्तुति में डिजाइनर नमिता तिवारी एवं उत्कर्ष के मॉडल्स में से विशेष स्थान अयात, इशाना ने,प्रथम स्थान पूजा सिंह, ऋतु, शिवम यादव ने द्वितीय स्थान अमृषा सक्सेना, खुशबु शर्मा,संध्या सक्सेना,पलक,अंशिका राज ने,तृतीय स्थान हर्ष पुरवार,प्रिया राठौर,सुमित इस्माइली,फरीद मॉडल्स ने प्राप्त किया। द्वितीय प्रस्तुति में डिजाइनर शिल्पी एवं सुप्रिया के मॉडल्स में से प्रथम स्थान श्रेष्ठ, परी ने,द्वितीय स्थान अंजलि चौहान, इच्छा यादव ने,तृतीय स्थान अनिका, अवंतिका, दिव्यान्शी शर्मा मॉडल्स ने प्राप्त किया।तृतीय प्रस्तुति में सेल्फ बॉयज़ ग्रुप के मॉडल्स में से विशेष पुरस्कार अजहर ने, प्रथम स्थान हार्दिक मिश्रा,मोक्ष श्रीवास्तव, कार्तिक, समीर खान ने, द्वितीय स्थान सुहेल ने,तृतीय स्थान सूर्या,राघव रावत,राघव मिश्रा, जैक्सन,यश कश्यप ने प्राप्त किया।चतुर्थ प्रस्तुति में सेल्फ गर्ल्स ग्रुप की मॉडल्स में से प्रथम स्थान अर्शी वारिश,काजल गौतम,दिया शर्मा ने, द्वितीय स्थान प्रियांजली, ललिता, तनिशा,आकृति पांडे ने, तृतीय स्थान अर्चना वाजपेयी मॉडल्स ने प्राप्त किया।पंचम प्रस्तुति में डिजाइनर कुनाल एवं सोना ठाकुर के मॉडल्स में से प्रथम स्थान सारवी यादव, अंजलि सक्सेना, गरिमा, सोनाक्षी, खुशबु, महिमा, शुभी सिंह, भूमि राठौर, अन्नू रावत ने, द्वितीय स्थान अभिनव राठौर, नाजनीन, अनामिका चौहान ने, तृतीय स्थान अनुष्का दीक्षित, सिमरन ने प्राप्त किया। षष्ठम् प्रस्तुति में डिजाइनर हार्दिक झा के मॉडल्स में से प्रथम स्थान अंश ठाकुर, अवनि, आन्या गुप्ता ने, द्वितीय स्थान दक्षराज गुप्ता, हार्दिक झा, अंजनि झा, लावण्या ने, तृतीय स्थान मन्नत,वैष्णवी मॉडल्स ने प्राप्त किया। सप्तम् प्रस्तुति में डिजाइनर आरुष पटेल एवं खुशी गुप्ता के मॉडल्स में से प्रथम स्थान कुलदीप, श्रेया सोनी, आमिर, फैजान, मानसी दुबे, नंदिनी शर्मा, प्रतिभा मिश्रा, आशीष ने, द्वितीय स्थान नवनीत,जया सिन्हा, हैदर, वर्षा राजपूत ने, तृतीय स्थान कैफ,वर्तिका पुरवार मॉडल्स ने प्राप्त किया।सभी डिजाइनर शिल्पी जैन,सुप्रिया,हार्दिक झा, उत्कर्ष, कुनाल,सोना ठाकुर, आरुष पटेल एवं खुशी गुप्ता को पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र शर्मा, नीतू मिश्र, शिव प्रताप, अशोक चौहान, विनीत तिवारी,आलोक गुप्ता उपस्थित रहे सभी का स्वागत कार्यक्रम संयोजक नमिता तिवारी,संजीव अग्रवाल, शिशिर तिवारी, रिशु दीक्षित ने बुके देकर, माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुश चतुर्वेदी व अनामिका वर्मा ने किया। इस मौके पर शिवम अग्रवाल, अदनान, जय कुशवाह, संदीप यादव, फरमान, शालिनी दुबे, अफजाल, शिवम कुशवाह शामिल रहे।


# इरॉस सैलून एण्ड एकेडमी का हुआ शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। शहर के बलराम सिंह चौराहे पर इरॉस सैलून एण्ड एकेडमी का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की धर्मपत्नी नीलम राय ने फीता काट कर किया। नीलम राय ने उद्घाटन की मौके पर कहा कि सैलून में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया है और बहुत सारे ब्रांड रखे गए हैं सैलून का इंटीरियर भी बहुत आधुनिक है।एरोस सैलून एण्ड एकेडमी की ऑनर सबिया शमीम ने कहा की सैलून की सर्विस उच्च क्वालिटी की है जो ट्रेंड्स स्टाफ द्वारा दी जा रही है साथ ही एकेडमी के माध्यम से शहर के लोगों के लिए रोजगार भी उपलब्ध होंगे।इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल,जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन,जिला प्रवक्ता इकरार अहमद,जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी,युवा महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।


# लोकतांत्रिक सेनानी की पुण्यतिथि पर लगा स्वास्थ्य शिविर

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। प्रख्यात शिक्षाविद् एवं लोकतांत्रिक सेनानी स्वर्गीय शिवराज सिंह की पुण्यतिथि व उनके बेटे डॉ आलोक सिंह नीलू की पुष्प स्मृति पर जूनियर हाइ स्कूल मल्लावां में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष आए। यहां एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य से जुड़ी कई योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, मिशन शक्ति से लेकर शिक्षा विभाग तक के दर्जनों स्टॉल लगे रहे। मेले में रजिस्ट्रेशन काउंटर भी खोला गया था जहां लोग पहुंचकर तरह-तरह की बीमारियों के उपचार के बारे में जानकारी ली। तमाम बड़े बड़े डॉक्टरों ने मरीजो का इलाज किया। झोलाछाप और नर्सिंग होम के नोडल डॉ मनोज सिंह ने बताया कि बिलग्राम, माधौगंज और मल्लावां की 13 टीमें इस आयोजन में लगी है। लोगों का इलाज, दवा के साथ साथ टीकाकरण से लेकर सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में बताया गया। सैकड़ों लोगों का इलाज किया गया। इस मौके पर बिलग्राम सीएचसी इन्चार्ज डॉ राजेन्द्र कुमार, माधौगंज इन्चार्ज डॉ संजय कुमार, मल्लावां सीएचसी इन्चार्ज डॉ संजय सिंह, डॉ विमलेश पटेल, डॉ एसके सिंह, डॉ विवेक सिंह, डॉ राहुल भार्गव, डॉ सुमित रूंगटा, डॉ विवेक वर्मा, डॉ अमित यादव, डॉ शैलेश दीक्षित, केके त्रिपाठी, संजीव कुमार,




अनिरूद्ध मिश्रा, मनोज कुमार, अनिल अबस्थी, शराफत खां, ताजुद्दीन अंसारी, जीतू बाबू आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने राजीव भवन स्थित कार्यालयों का किया निरीक्षण

मथुरा। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने आज राजीव भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अर्थ एवं संख्याधिकारी, परियोजना निदेशक , मुख्य विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीसी एनआरएलएम सहित अन्य अधिकारियों के कार्यालयों का जायजा लिया।

पीड़ी को निर्देश दिए कि जो जजर्र कार्यालय है, उन्हे प्राथमिकता के आधार पर सर्वप्रथम ठीक कराया जाए। शासन से राजीव भवन की मरम्मत के लिए बजट मांगा जाए और इसके लिए अधोहस्तक्षरी के माध्यम से पत्राचार कराया जाए। मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय से कार्यालय में उपस्थित होकर जनता की जनसुनवाई करें, उनकी प्राप्त शिकायतों पर गुणवत्तापरक जांच कराकर समय से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यालय परिसर एवं आस पास साफ सफाई के निर्देश दिए। राजीव भवन के पीछे स्थित तालाब की साफ सफाई की जाए।

# बसपा के दर्जन भर नेता राष्ट्रीय लोक दल में शामिल

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की विधानसभा की बैठक जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर व डॉक्टर अशोक अग्रवाल की अध्यक्षता में राधापुरम जिला कार्यालय पर हुई।

जिसमें बहुजन समाज पार्टी के कद्दावर नेता आगरा मंडल कोऑर्डिनेटर एवं महानगर अध्यक्ष रहे जितेंद्र प्रजापति ने काफी संख्या में पदाधिकारी को लेकर राष्ट्रीय लोक दल पार्टी मैं शामिल हुए। जिसमें पूर्व पार्षद नवल सिंह गोला, आयुष अग्रवाल, संजय कुमार पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य , आनंद गोला, गोपाल सैनी पूर्व पार्षद, शिशुपाल गोला, अंकित अग्रवाल,सभी को ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण कर ली है। बैठक में लोकसभा के चुनावों को देखते सभी को जल्द जिम्मेदारी दी जाएगी।

डॉ0 अशोक अग्रवाल जी ने पार्टी संगठन पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि शहर में वार्ड वाइज और ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय पंचायत बार कमेटी गठित कर बूथ कमेटियों का गठन किया जाय जिससे पार्टी लोकसभा का चुनाव मजबूती से लड़ सके । योगेश नोहवार, बाबूलाल प्रमुख, रविंद्र नरवार, इंजी0 बलवीर सिंह ने भी पार्टी संगठन पर विचार व्यक्त किए।इस मीटिंग में बॉबी अग्रवाल, बच्चू सिंह चाहर, रूप सिंह नेताजी, बने सिंह, विवेक पारासर कुंतल, मंगल सिंह, विधानसभा अध्यक्ष निर्दोष सोनी, गौरव चतुर्वेदी मुन्ना तोमर, डॉ हरिओम सिंह, एडवोकेट गौरव चतुर्वेदी, केशव सिंह, गौरव तोमर नीरज ठाकुर, कन्हैया, हर्ष चौधरी, भूरी सिंह चौधरी, मो0 वसीम सभी ने उपस्थित रहे।

# देर रात अचानक उप जिलाधिकारी सदर अपने आवास से अचानक शहर के मार्गो पर चल पड़ीं

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। जिलाधिकारी के निर्देश पर, एसडीएम सदर स्वाती शुक्ला ने, रात्रि में शहर में भ्रमण कर, ठंड से



ठिठुर रहे गरीब निर्धन लोगों को बांटे कंबल, रैन बसेरों का किया निरीक्षण, सर्दी से ठिठुर रहे लोगों को कंबल मिलने के बाद चेहरे पर आई मुस्कान बीती रात इस ठिठुरती ठंड में, जिलाधिकारी के निर्देश पर, शहर में निकल पड़ीं एसडीएम सदर स्वाति शुक्ला, उन्होंने नगर पालिका के द्वारा बनाए गए रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को देखा, तथा शहर में विभिन्न चौराहों पर जलाए गए अलावो को चेक किया, एसडीएम ने पूरे शहर में घूम घूम कर ठंड से ठिठुर रहे गरीब असहायों को कंबल बांटे, इस कड़कती ठंड में कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। देर रात अचानक उप जिलाधिकारी सदर अपने आवास से अचानक शहर के मार्गो पर चल पड़ीं। कैनाल रोड होते हुए रेलवे गंज, रेलवे स्टेशन, नॉनवानी कोल्ड स्टोरेज मार्ग, मंडी मार्ग, लखनऊ मार्ग, मेडिकल कॉलेज मार्ग, सिनेमा चौराहा, पीडी मार्ग सहित, अन्य मार्गो तथा चौराहों पर जाकर, ऐसे निराश्रित असहाय वृद्धि जनों, तथा पात्र लोगों को, जो कि भयंकर शीतलहर में ठंड से सिकुड़ रहे थे, उनको उन्होंने स्वयं कंबल ओढ़ाया, कुछ वृद्ध जनों को जब एसडीएम सदर श्रीमती स्वाति शुक्ला ने अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया, तो उनकी आंखें नम हो गईं, तथा उनके मुख से आशीर्वाद निकला जीती रहो।

## पांडव सेना ने शहीदों के सम्मान में निकाली शौर्य यात्रा

मथुरा। मुगल काल में मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए जंग में शहीद हुए वीरों की कथाएं आज धूमिल होती जा रही हैं । इतिहास में कहीं भी उनका जिक्र नहीं होता है इनमें से वीर शिरोमणि भरतपुर गुनसारा के पुष्कर सिंह उर्फ पखारिया वीर और तथा वीर गोकुल सिंह का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। गोकुल सिंह को औरंगजेब द्वारा आगरा में जिंदा ही काट दिया गया था तथा दिल्ली की लड़ाई में वीर पखारिया ने गेट के सामने खुद को खड़ा कर दिल्ली गेट तोड़ने में हाथियों की मदद की थी आज ऐसे वीरों का सम्मान खतरे में आ गया है दूधोला फरीदाबाद के रहने वाले एडवोकेट राजेंद्र सिंह खूटेंल कैप्टन नेत्रपाल सिंह एवं क्षेत्रीय समाज द्वारा पांडव सेना के बैनर तले शौर्य यात्रा निकाली गई जिसमें गुनसारा पहुंचकर वीर पखारिया की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर जनसमूह को संबोधित किया गया कैप्टन नेत्रपाल ने बताया इस मुहिम के द्वारा हम समाज और युवाओं को प्रेरित करना चाहते हैं ताकि वह वीरों की शौर्य गाथाओं को याद रखें और देश के लिए सेवा में समर्पित हो।

# नेशनल लेवल पर बेस्ट फैशन आर्ट इंस्टालेशन अवार्ड्स को जीत के किया नाम रोशन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। दिशा इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी मथुरा ने दिल्ली में वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम, द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल डिज़ाइनर अवार्ड्स के छठे संस्करण का अनावरण हुआ, जिसमे देश के अलग-अलग हिस्सों से इंस्टिट्यूट, एक्डेमी, और यूनिवर्सिटी के साथ विश्व स्तर के 700 डिज़ाइनर्स के बीच प्रतियोगिता कर बेस्ट फैशन आर्ट इंस्टालेशन का अवार्ड अपने नाम कराया और मथुरा का नाम रोशन किया। इस मौके पर दिशा इंस्टिट्यूट मथुरा के 10 डिज़ाइनर छात्राओ द्वारा अलग अलग वेस्टर्न, इंडो वेस्टर्न, इथनिक, गाउन ड्रेस का प्रदर्शन कर सब लोगो का मन मोह लिया। जिसमे कुछ ड्रेसस अलग अंदाज़ में प्रदर्शित किये गये साथ ही ड्रेसेस के द्वारा के पीछे का उद्देश्य ब्रज संस्कृति का



प्रतिनिधित्व किया और भगवान कृष्ण की ब्रज में की गई लीलाओं का एक संक्षिप्त वर्णन प्रदर्शित किया। ब्रज संस्कृति को देखकर वहां बैठे लोगों का मन मुग्ध हो गया। साथ ही वहां उपस्थित सेलिब्रिटी गेस्ट सब्यासांची, शांति प्रिया, केन फर्न्स, अमित त्यागी ने ब्रज की कला को सराहा और फैशन के क्षेत्र में मथुरा को आगे ले जाने को कहा। दिशा इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर शिखा अग्रवाल ने बताया की हमारे और मथुरा के लिए सबसे बड़ी बात ये रही की वह इतने बड़े कार्यक्रम के बीच सेलिब्रिटी डिज़ाइनरो ने इंस्टीट्यूट के छात्राओ द्वारा बनाये गये ड्रेसस को पर्सनली डिज़ाइनर रूम मे आकर देख सब्यासांची ने बोला की अगर अभी से इन बच्चों के हाथों मे ये कला है तो आगे इनका भविष्य उज्जवल होने वाला है, इसका पूरा श्रेय इंस्टिट्यूट की फैकल्टी को दिया। इसके बाद आज तक न्यूज़ चैनल के एग्जीक्यूटिव एडिटर अमित त्यागी जी ने बोला की इन बच्चों की ड्रेसस बहुत ही शानदार और अविश्वनीय है की आने वाले भविष्य मे इनको सेलिब्रिटी डिज़ाइनर बनने से कोई नही रोक सकता और आगे आने वाली युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करेगी। वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम के तत्वावधान में यह कार्यक्रम फैशन के एक नए युग को अपनाने और हमारी विरासत को जीवित रखने वाले डिजाइन के दूरदर्शी लोगों को स्वीकार करने के लिए आमंत्रित करता है और साथ ही वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम के संस्थापक अंकुश अनामी जी का धन्यवाद किया जिन्होंने मथुरा जैसे शहर को इतना भव्य और विशाल मंच प्रदान किया। वही मौजूद इंस्टिट्यूट की हेड ऑफ डिपार्टमेन्ट अंकिता शर्मा ने बताया की इंस्टिट्यूट से 10 छात्राओ एनाक्षी, ज्योति, प्रियंका, अंजली, नूपुर, आयुषी, सुरभि, सिमरन, दीपाली, मिथलेश ने इन ड्रेसों को यहां सभी के समक्ष प्रस्तुत किया साथ ही इंस्टिट्यूट सृष्टि कुलश्रेष्ठ, रजत चौहान एवं वर्ल्ड डिजाइनिंग फोरम के सभी साथियो का धन्यवाद करता है जिन्होंने बच्चों को इतना बेहतरीन मंच प्रदान किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई पोषण समिति की बैठक



अवधनामा संवाददाता

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी समन्वय अपने विकास खण्डों में ही तैनात रखे जाए। किसी भी समन्वय को जिला मुख्यालय पर न रखा जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित रूप से बच्चों का वजन किया जाए। प्रत्येक माह के तीसरे सप्ताह उपकरणों की उपलब्धता के संबंध में सभी सीडीपीओ से प्रमाणपत्र लिया जाए। सप्ताह में तीन दिन वजन दिवस किया जाए। उन्होंने पोषाहार की आपूर्ति करने वाले समूहों को निर्देश दिए कि समय पर पोषाहार की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि सैम व मैम बच्चों को सुपोषित की श्रेणी में लाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जायें। जूम मीट के माध्यम से जुड़े खण्ड विकास अधिकारियों को उन्होंने निर्देश दिए कि हाल में चयनित 101 आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जाए। लर्निंग लैब का समस्त कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गोवर्धन मैं बाई पास पर ड्राइवरो ने किया रोड जाम

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। गोवर्धन में नये कानून के विरोध में देश के कई राज्यों में बस और ट्रक ड्राइवर सड़क पर उतर आए हैं, नए कानून के मुताबिक हिट एंड रन मामले में अगर बस या ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से गाड़ी चलाने से किसी की मौत होती है और चालक पुलिस या मजिस्ट्रेट को बिना बताए भागता है तो 10 साल तक कैद और 7 लाख रुपए का जुर्माने का प्रावधान है. नया प्रावधान सभी दोपहिया वाहन, कार, बस, ट्रक, टैंकर चालकों पर लागू होगा।

हिट एंड रन पर अभी तक क्या है कानून आईपीसी की धारा 279 (लापरवाही से वाहन चलाने), 304, (लापरवाही से मौत), 338 (जान जोखिम में डालना) के तहत ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज होता है तो इसमें अभी तक 2 साल की सजा का प्रावधान है. वहीं, विशेष मामलों में आईपीसी की धारा 302 भी जोड़ी जाती है. अब इसे बढ़ाकर 10 साल सजा और 7 लाख रुपए जुर्माना भी कर दिया गया है, जिससे वाहन चालकों में में भारी नाराजगी है।

ड्राइवर इस कानून का विरोध कर रहे बस और ट्रक चालकों की दलील है कि हादसे के बाद अगर वे मौके पर रहे तो उन्हें भीड़ का सामना करना पड़ सकता है।

बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि जो चालक दुर्घटना के बाद पुलिस को सूचना देंगे और घायलों को अस्पताल पहुंचाएंगे उनके प्रति नरमी बरती जाएगी।

बावजूद इसके ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट इस नए कानून के विरोध में हैं. ड्राइवरों की मांग है कि जब तक सरकार नए हिट एंड रन कानून को वापस नहीं ले लेती तब तक वे बस और ट्रक व अन्य वहान नहीं चलाएंगे।



## आपदाओं से बचाव को लेकर दिया जा रहा है प्रशिक्षण

हरदोई। जनसामान्य को आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, हरदोई के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल/डिग्री कॉलेज एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दसवें दिन आज विकास खण्ड बावन और भरखनी में बावन के 324, भरखनी के 290 ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, आशा बहुओ को ब्लॉक सभागार में मास्टर सौरभ गुप्ता, इतिशा गुप्ता, पंकज त्रिवेदी और अभिषेक पाठक द्वारा आपदा प्रबंधन चक्र, भारत में आपदा प्रबंधन का तंत्र, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, पेरिस समझौता, सेंडई फेमवर्क के संबंध में और विभिन्न आपदाओं जैसे आकाशीय विद्युत, डूबना, अग्निकांड, बाढ़, शीतलहर, लू सर्पदंश, आधी तूफान, भूकम्प, ओलावृष्टि आदि विभिन्न आपदाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम का किया गया आयोजन

हरदोई। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम कुईया में माननीय सांसद जय प्रकाश रावत जी द्वारा यात्रा कार्यकम का शुभारम्भ किया गया। माननीय सांसद जी द्वारा कार्यकम स्थल पर कृषि, आगनवाडी, स्वास्थ्य विभाग के स्टालो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। इसको ध्यान में रखते हुये माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कई योजनाये संचालित की गई । पी0एम0 किसान योजना देकर किसानो का सम्मान बढाया है। तो वहीं उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन व सिलेण्डर देकर महिलाओं का भी सम्मान बढाया गया है तो वहीं आयुष्मान कार्ड योजना से गरीबो का निशुल्क उपचार हो रहा है। कार्यकम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी। यात्रा कार्यकम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। उनके द्वारा केन्द्र व राज्य सरकर द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। विकास खण्ड हरपालपुर के ग्राम दयालपुर व टिकार में माननीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू व माननीय ब्लाक प्रमुख अनोखे लाल कश्यप जी द्वारा यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया । उनके द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि गरीबों, महिलायों, किसानो, नौजावानो के उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। महिला, किसान, नौजवान के सशक्तीकरण होने पर ही विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा। किसान आधारित प्रदेश में जब किसान खुशहाल होगा तब देश खुशहाल होगा।

# सीरीज गंवाने से बचने के लिये भारतीय गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना होगा ताकि विश्व चैम्पियनशिप अंक तालिका में ऊपर आने का रास्ता बन सके। हरफनमौला रविंद्र जडेजा की वापसी से मध्यक्रम संतुलित होगा और बीच के ओवरों में पुरानी कूकाबूरा से वह प्रभावी साबित होंगे।

पहले टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद वापसी के लिये भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना होगा ताकि विश्व चैम्पियनशिप अंक तालिका में ऊपर आने का रास्ता बन सके।

इस समय विश्व टेस्ट चैम्पियन शिप 2023 . 25 चक्र में दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर है जबकि भारत छठे स्थान पर है। हरफनमौला रविंद्र जडेजा की वापसी से मध्यक्रम संतुलित होगा और बीच के ओवरों में पुरानी कूकाबूरा से वह प्रभावी साबित होंगे। भारत के लिये तीसरे और चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका अहम होगी। प्रसिद्ध कृष्णा अभी टेस्ट क्रिकेट के लिये तैयार नहीं हैं और शार्दुल ठाकुर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। बल्लेबाजों में शीर्ष तीन यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर के खराब फॉर्म ने टीम की चिंता बढा दी है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों के बाउंसर झेलने होंगे।

पहले टेस्ट की पहली पारी में केएल राहुल और दूसरी पारी में विराट कोहली को छोड़कर भारत का कोई बल्लेबाज सेंचुरियन में अतिरिक्त उछाल का सामना नहीं कर सका। नये विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में एक हार और एक ड्रॉ के बाद भारत जीत के लिये बेताब होगा। इस मैदान पर हालांकि पिछले छह में से चार मैच भारत गंवा चुका है। पिछले छह सप्ताह कप्तान रोहित शर्मा के लिये अच्छे नहीं रहे हैं जो




वनडे विश्व कप फाइनल की हार के बाद उबरने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद सेंचुरियन में ढाई दिन के भीतर टेस्ट में पारी और 32 रन के अंतर से हार ने उनकी समस्यायें बढा दी है।

अब ऐसे में नये साल की शुरूआत यहां न्यूलैंड्स पर जीत के साथ करने के लिये वह बेताब होंगे। इस मैदान पर दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। इस टेस्ट के बाद विदा ले रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर नहीं चाहेंगे कि महेंद्र सिंह धोनी के बाद यहां टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ कराने वाले रोहित भारत के दूसरे कप्तान बनें। यहां टॉस की भूमिका अहम होगी क्योंकि तापमान 33 . 34 के बीच है और पिच पर हरी घास है। यह पिच बल्लेबाजों की मददगार हो सकती है जिस पर स्पिनरों को ज्यादा मदद नहीं मिलेगी। ऐसे में जडेजा के फिट होने पर टीम में रविचंद्रन अश्विन को रखने के कोई मायने नहीं है।

रोहित को यह भी देखना होगा कि वह अपने विशेषज्ञ बल्लेबाजों पर भरोसा करके शार्दुल और प्रसिद्ध की जगह मुकेश कुमार या आवेश खान को जगह देंगे। मुकेश ने नेट पर अतिरिक्त अभ्यास किया और वह शार्दुल से अधिक प्रभावी है। वहीं आवेश लाल गेंद से अतिरिक्त उछाल का फायदा उठा सकते हैं। बल्लेबाजों की मददगार पिच पर एल्गर, एडेन मार्कराम, टोनी डि जोर्जी, कीगन पीटरसन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। ऐसे में नयी गेंद की भूमिका अहम होगी।

जसप्रीत बुमराह दुआ करेंगे कि आसमान में बादल घिरे हों और पहले टेस्ट की तरह वह बदकिस्मत साबित नहीं हो जब भारत की फील्डिंग भी लचर साबित हुई थी। कप्तान रोहित को बल्लेबाजी में अपना हुनर दिखाना होगा। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने उन्हें बार बार परेशान किया है। लुंगी एंगिडि भी उतने ही खतरनाक गेंदबाज हैं। विराट कोहली पहले टेस्ट में अच्छे फॉर्म में दिखे और यहां उन्हें टिककर पारी के सूत्रधार की भूमिका निभानी होगी।

**टीमें**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन (दूसरा टेस्ट)।

**दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, टोनी डी ज़ोरज़ी, डीन एल्गर, कीगन पीटरसन, काइल वेरिन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन, वियान मुल्डर, गेराल्ड कोएत्ज़ी, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, डेविड बेडिंघम।

## आखिरी टेस्ट मैच से पहले डेविड वॉर्नर की डेब्यू कैप हुई चोरी, ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ने की भावुक अपील

नए साल पर वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने वाले डेविड वॉर्नर के साथ आखिरी टेस्ट से पहले एक घटना हो गई। दरअसल, वॉर्नर की टेस्ट कैप ही चोरी हो गई है। इसके लिए उन्होंने एक भावुक अपील भी की है। उन्होंने अपील की है कि जिसे ही ये मिले वह उसे लौटा दे। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 3 जनवरी से अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलेंगे। ये मुकाबला सिडनी के क्रिकेट ग्राउंड पर पाकिस्तान के खिलाफ खेला जाएगा। नए साल पर वनडे क्रिकेट को अलविदा कहने वाले डेविड वॉर्नर के साथ आखिरी टेस्ट से पहले एक घटना हो गई। दरअसल, वॉर्नर की टेस्ट कैप ही चोरी हो गई है। इसके लिए उन्होंने एक भावुक अपील भी की है। उन्होंने अपील की है कि जिसे ही ये मिले वह उसे लौटा दे। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर डेविड वॉर्नर ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उन्होंने बताया कि उनके आखिरी टेस्ट से पहले सिडनी जाते समय उनकी कुछ चीजें गायब हो गई हैं, जिसमें उनकी बेशकीमती बैगी ग्रीन कैप भी है।

## टी20 क्रिकेट में रोहित शर्मा की होगी वापसी! कुछ दिन में हो सकता है स्क्वॉड का ऐलान

अफगानिस्तान के खिलाफ इसी महीने से शुरू होने वाली टी20 सीरीज से रोहित शर्मा टीम इंडिया में वापसी करेंगे। अगर इस सीरीज में रोहित की वापसी होती है तो इसका मतलब साफ है कि बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड में उन्हें टीम इंडिया की कमान देने की तैयारी में है।



एक साल के लंबे ब्रेक के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की टी20 क्रिकेट में जल्द ही वापसी हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के खिलाफ इसी महीने से शुरू होने वाली टी20 सीरीज से रोहित शर्मा टीम इंडिया में वापसी करेंगे। अगर इस सीरीज में रोहित की वापसी होती है तो इसका मतलब साफ है कि बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड में उन्हें टीम इंडिया की कमान देने की तैयारी में है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा ही करेंगे। इस रिपोर्ट में बोर्ड अधिकारी के हवाले से ये भी लिखा गया है कि हमने रोहित शर्मा से लंबी बातचीत की है। वह टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी करने को तैयार है।

साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज के ठीक बाद भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। टी20 वर्ल्ड कप के पहले टीम इंडिया की आखिरी टी20 सीरीज है। ऐसे में भारत को वर्ल्ड कप के लिहाज से टीम कॉन्बिनेशन समेत अन्य चीजों को ट्राय करने की संभवत ये आखिरी मौका होगा। यही कारण है कि ये सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है।

बता दें कि, अब तक माना जा रहा था कि रोहित अफगानिस्तान सीरीज का हिस्सा शायद ही बने। ये भी दावे किए जा रहे थे कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भी रोहित शर्मा नहीं होंगे। ऐसे कयास इसलिए भी लगाए जा रहे थे क्योंकि रोहित पिछले टी20 वर्ल्ड कप के बाद से ही किसी भी टी20 इंटरनेशनल का हिस्सा नहीं रहे हैं। हार्दिक पंड्या की दावेदारी भी इसकी बड़ी वजह थी।

हालांकि, कुछ ही दिनों में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम के स्क्वॉड का ऐलान हो सकता है। जिसमें कप्तानी की जिम्मेदारी रोहित शर्मा के कंधों पर हो सकती है।

## रामजी के बेहतरीन प्रदर्शन से चेन्नई क्विक गन्स ने गुजरात जाइंट्स को दी मात

अल्टीमेट खो-खो के दूसरे सत्र में सोमवार को चेन्नई क्विक गन्स ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए गुजरात जाइंट्स को 35-29 से हराया। गुजरात जाइंट्स की यह पहली हार है। चेन्नई क्विक गन्स की ओर से रामजी कश्यप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 अंक जुटाए। चेन्नई क्विक गन्स ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए अल्टीमेट खो-खो के दूसरे सत्र में सोमवार को यहां गुजरात जाइंट्स को 35-29 से हराया। गुजरात जाइंट्स की यह पहली हार है। विजेता टीम की ओर से रामजी कश्यप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 अंक जुटाए। उन्होंने मैट पर चार मिनट से अधिक समय बिताकर अपनी टीम के लिए बोनस अंक भी जुटाया। चेन्नई की टीम अपने अगले मैच में गत चैंपियन ओडिशा जगरनॉट्स से भिड़ेगी जबकि गुजरात जाइंट्स का सामना मुंबई खिलाड़ीज से होगा। एक अन्य मैच में तेलुगू योद्धाज ने राजस्थान वॉरियर्स को 34.27 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

## दक्षिण अफ्रीका में चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

दक्षिण अफ्रीका में 14 जनवरी से शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष हॉकी टीम भाग लेगी जिसमें उसका सामना मेजबान देश के अलावा फ्रांस और नीदरलैंड से होगा। इस टूर्नामेंट से पहले 39 सदस्यीय कोर ग्रुप राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग लेगा जो बुधवार से भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरू स्थित परिसर में शुरू होगा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका में 14 जनवरी से शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेगी जिसमें उसका सामना मेजबान देश के अलावा फ्रांस और नीदरलैंड से होगा।

हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार इस टूर्नामेंट से पहले 39 सदस्यीय कोर ग्रुप राष्ट्रीय कोचिंग शिविर में भाग लेगा जो बुधवार से भारतीय खेल प्राधिकरण के बेंगलुरू स्थित परिसर में शुरू होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी भारतीय टीम 11 दिन के शिविर के बाद केपटाउन रवाना होगी। दक्षिण अफ्रीका में 28 जनवरी तक चलने वाले टूर्नामेंट से भारतीय टीम को फरवरी में ओडीशा में होने वाले प्रो लीग की तैयारी करने का भी मौका मिलेगा।



भारत को प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, स्पेन और आयरलैंड का सामना करना है। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा,''हमारे खिलाड़ी अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के बाद तरोताजा होकर वापसी कर रहे हैं। हम दक्षिण अफ्रीका के दौरे से हॉकी सत्र की शुरुआत करेंगे। यहां से पेरिस ओलंपिक तक हमारा कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा। हमारे कोर ग्रुप में अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं।''

जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप ज़ेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत।

मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह।

एस कार्ति, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर।

## 4 साल बाद शाहरुख खान ने बॉलीवुड में वापसी करके रचा डाला इतिहास, लगातार तीसरी फिल्म डंकी ने भी गाड़े बॉक्स ऑफिस पर झंडे

राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित शाहरुख खान की डंकी दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म के लिए सप्ताहांत और नया साल शानदार रहा क्योंकि इसकी कमाई में उछाल देखा गया। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित शाहरुख खान की डंकी दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म के लिए सप्ताहांत और नया साल शानदार रहा क्योंकि इसकी कमाई में उछाल देखा गया। भारत में, फिल्म अब 200 करोड़ रुपये की कमाई की ओर बढ़ रही है और आज, 2 जनवरी को इसे हासिल करने की संभावना है। डंकी सिनेमाघरों में अपने दूसरे सप्ताह में है और बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाए हुए है।

शाहरुख खान-स्टारर फिल्म 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। सिद्धार्थ आनंद की पठान और एटली की जवान के बाद यह 2023 में उनकी तीसरी रिलीज थी। शाहरुख खान की डंकी बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म अब भारत में 200 करोड़ रुपये की कमाई की ओर दौड़ रही है। नए साल 1 जनवरी को फिल्म ने भारत में 9.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन करने का अनुमान लगाया है। रविवार (31 दिसंबर) के कलेक्शन की तुलना में यह कलेक्शन में मामूली गिरावट है।

डंकी का भारत में 12 दिनों का कलेक्शन अब 196.97 करोड़ रुपये हो गया है। 1 जनवरी को फिल्म को भारत में 30.80 फीसदी की ऑक्यूपेंसी मिली थी।



डंकी में शाहरुख खान के साथ असाधारण प्रतिभाशाली अभिनेता बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर और अनिल ग्रोवर द्वारा निभाए गए दिलचस्प किरदारों के साथ कलाकारों की टोली शामिल है। स्टूडियोज, रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और राजकुमार हिरानी फिल्म्स की प्रस्तुति, यह फिल्म राजकुमार हिरानी और गौरी खान द्वारा निर्मित है। फिल्म अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखी गई है।

## जापान में नये साल की छुट्टियां मनाने गये थे जूनियर एनटीआर, तेज भूकंप और सुनामी के बीच वापस लौटे हैदराबाद

जूनियर एनटीआर, जिन्हें आखिरी बार एसएस राजामौली की ऑस्कर पुरस्कार विजेता आरआरआर में देखा गया था, पिछले हफ्ते से जापान में छुट्टियां मना रहे थे। 2 जनवरी को उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक बयान साझा किया कि वह घर वापस आ गए हैं।

जूनियर एनटीआर, जिन्हें आखिरी बार एसएस राजामौली की ऑस्कर पुरस्कार विजेता आरआरआर में देखा गया था, पिछले हफ्ते से जापान में छुट्टियां मना रहे थे। 2 जनवरी को उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक बयान साझा किया कि वह घर वापस आ गए हैं। उन्होंने यह भी लिखा कि वह जापान में आए भूकंप से बहुत दुखी हैं। 1 जनवरी को जापान में कई तेज़ भूकंप आए, जिसके परिणाम स्वरूप 12 लोगों की मौत हो गई। देश में सुनामी लहरों के बाद हजारों लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है। जूनियर एनटीआर और उनके परिवार के सदस्य एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए अक्सर देश से बाहर जाते रहते हैं। इस साल, उन्होंने



अपनी पत्नी, लक्ष्मी प्रणति और अपने दो बच्चों, अभय और भार्गव के साथ, जापान में क्रिसमस और नया साल बिताया।

2 जनवरी को, जूनियर एनटीआर ने एक्स को लिखा और लिखा, जापान से आज घर वापस आया और भूकंप के झटकों से बहुत सदमे में हूं। पिछला पूरा सप्ताह वहां बिताया, और मेरा दिल उन सभी प्रभावित लोगों के लिए दुखी है। लोगों के लचीलेपन के लिए आभारी हूं और तेजी से सुधार की उम्मीद है। मजबूत बने रहें, जापान। 1 जनवरी को जूनियर एनटीआर, उनकी पत्नी और दो बेटों को हैदराबाद हवाई अड्डे पर आते देखा गया। जूनियर एनटीआर निर्देशक कोराटाला शिवा की देवरा में व्यस्त हैं, जो दो भागों में रिलीज होगी। अभिनेता ने क्रिसमस 2023 और नए साल के दौरान काम से एक छोटा सा ब्रेक लिया था। 1 जनवरी को देवरा के निर्माताओं ने एक नया पोस्टर उपहार में दिया और वादा किया कि पहली झलक 8 जनवरी को जारी की जाएगी। देवरा का पहला भाग 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगा। फिल्म में जूनियर एनटीआर के अलावा जान्हवी कपूर और सैफ अली खान मुख्य भूमिका में हैं।

## इसलिए नहीं पनप रहा भोजपुरी सिनेमा, अवॉर्ड्स के नाम पर मजाक की यह खबर सच बताएगी...

भोजपुरी सिनेमा में पहली बार अवॉर्ड्स का आयोजन साल 2005 में हुआ। अगर कोरोना महामारी से साल को छोड़ दे तो इस अवॉर्ड्स का आयोजन हर साल होता है। इस बार 18वें भोजपुरी अवॉर्ड्स का आयोजन अथर्वा कॉलेज, मलाड में हुआ, जिसमें भोजपुरी सिनेमा का कोई बड़ा सितारा नजारा नहीं आया। समारोह की खासियत यह रही है कि इसके आयोजक विनोद गुप्ता ने अपनी ही फिल्म आन बान शान को छह मुख्य अवॉर्ड देकर आयोजकों, जूरी और भोजपुरी अवॉर्ड्स का मजाक बना दिया। इन अवॉर्ड्स के आयोजक विनोद गुप्ता खुद भी भोजपुरी निर्माता के रूप में सक्रिय हैं। उन्होंने अपनी ही फिल्म आन बान शान को मुख्य कैटेगरी के छह अवॉर्ड्स देकर न सिर्फ अपने आयोजन की, बल्कि भोजपुरी अवॉर्ड्स की भी विश्वसनीयता खो दी। वैसे भी भोजपुरी सिनेमा में अब तक जितने भी अवॉर्ड्स हुए हैं उनमें भी हिंदी सिनेमा के अवॉर्ड्स की



तरह यही बात नजर आई कि जो सितारे अवॉर्ड कार्यक्रम में शिरकत करने आते हैं, उनको ही अवॉर्ड दे दिया जाता है। शनिवार को आयोजित भोजपुरी अवॉर्ड कार्यक्रम में अभिनेता अरविंद अकेला कल्लू उपस्थित रहे, उन्होंने अभिनेत्री काजल यादव के साथ मंच पर परफॉर्मेंस दी। इस अवॉर्ड शो मेजबानी भी भोजपुरी सिनेमा का कोई स्टार नहीं, बल्कि हिंदी सिनेमा के अभिनेता राजा गुरु ने की। बताया जाता है कि अवॉर्ड शो की मेजबानी के लिए जब कोई स्टार राजी नहीं हुआ तो आनन फानन में आयोजक ने एक दिन पहले राजा गुरु को अवॉर्ड शो की मेजबानी करने की जिम्मेदारी दी। राजा गुरु ने विनोद गुप्ता की फिल्म आन बान शान से भोजपुरी सिनेमा में डेब्यू किया है। अवॉर्ड शो के दौरान कुणाल सिंह, रानी चटर्जी, संभावना सेठ, सुरेंद्र पाल, रंजन सिंह, अशोक पंडित और अली खान आदि मौजूद रहे।

## इंद्र को अपने नृत्य से रिझाने वाली सती माता की कहानी, बड़े पर्दे पर ये अभिनेत्री बनेगी सती बिहुला

पौराणिक कथाओं में सती सावित्री और सत्यवान की कथा बहुत ही प्रचलित है। सती सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण की रक्षा यमराज से की थी। सती बिहुला की भी कहानी कुछ ऐसी ही हैं, जो स्वर्ग से अपने पति के प्राण को वापस लाती है। सती बिहुला के जीवन पर फिल्म सती बिहुला का निर्माण हो रहा है, जिसकी शूटिंग इन दिन दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार की लोक कथाओ में सती बिहुला की कहानी बहुत प्रचलित हैं। लोक कथाओ की मान्यताओं के अनुसार सती बिहुला लक्ष्मीपुर के राजा की बेटी थी। उनकी शादी हुई, वह अपने ससुराल नेवला, बिल्ली, गरुड़ के साथ पहुंचती है। लेकिन तमाम सावधानी के बावजूद एक तांत्रिक उनके पति लखंदर को सांप से डसवाने में कामयाब हो जाता है और लखंदर की मौत हो जाती है। ससुराल वाले बिहुला को अपशगुनी मानते हैं। बिहुला अपने पति का शव लेकर गंगा में कूद जाती है, जहां पर उसकी मुलाकात इंद्र के कपड़े धोने वाली एक महिला से होती है। वह साथ इंद्रलोक पहुंचती है। इंद्र के दरबार में वह नृत्य करती है, जिसे देखकर इंद्र बहुत खुश होते हैं। और, बिहुला से वरदान मांगने को कहते हैं। बिहुला अपने पति के जीवन के साथ साथ उसके भाइयों को जीवित करने का वरदान मांगती है, जिन्हें तांत्रिक ने उनके पति से पहले मार दिया था।

सती बिहुला पर बन रही भोजपुरी फिल्म में सती बिहुला की शीर्षक भूमिका निभा रही अभिनेत्री पायस पंडित कहती हैं, लोक संस्कृति की अमर किरदार सती बिहुला के किरदार को निभाना मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है। सती बिहुला की कहानी महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रमाण है। इससे पता चलता है कि चलता है कि महिलाएं हर युग में मजबूत रही हैं, लेकिन बस उसे अपनी शक्ति को पहचानने की जरूरत है। सबसे बड़ा प्रमाण सती सावित्री और सती बिहुला की कथा है। मेरी कोशिश है



कि सती बिहुला की भूमिका को इमानदारी से निभाऊं।

फिल्म में सती बिहुला के पति लखंदर की भूमिका निभा रहे अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत कहते हैं, यह फिल्म महिलाओं के समर्पण की लोकगाथा पर आधारित फिल्म है। यह लोकगाथा अब अपनी जातीय सीमाओं से परे पूरे बिहार में पसंद की जाती है। यह कहानी सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं के समर्पण और महत्व को रेखांकित करती है। इस फिल्म में लखंदर की भूमिका निभा कर बहुत ही उत्साहित हूं, उम्मीद करता हूं कि दर्शक मेरे इस किरदार को पसंद करेंगे।

भोजपुरी फिल्म सती बिहुला का निर्देशन कर रहे रितेश ठाकुर कहते हैं, सती बिहुला की कहानी लोक कथाओं में बहुत ही प्रचलित है। इस कहानी को परदे पर लाने का सिर्फ एक ही मकसद है कि यह कहानी और लोगों तक पहुंचे। इस फिल्म की शूटिंग उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हो रही है,मुझे लगता है शूटिंग के लिए यह समय बहुत ही उपयुक्त है। इस फिल्म में हमने भोजपुरी के किसी बड़े सितारे को इसलिए नहीं लिया, क्योंकि उनकी पहले से एक छवि स्थापित हो चुकी है। मुझे ऐसे कलाकार की जरूरत थी, जिनकी कोई छवि ना हो। उन्हें फिल्म में सती बिहुला और लखंदर की नजर आएं।

# रेल हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, केंद्र से मांगा ब्योरा

## कवच प्रणाली को पूरे भारत में लागू करने पर कितना वित्तीय प्रभाव पड़ेगा?

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रेल हादसों को रोकने के सुरक्षा उपायों पर केंद्र सरकार से ब्योरा मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र से ब्योरा मांगते हुए कहा कि देश में ट्रेन हादसों को रोकने के लिए स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच लागू या लागू करने के लिए प्रस्तावित सुरक्षात्मक उपायों के बारे में जानना चाहते हैं।

**याचिका**

पीठ ने याचिकाकर्ता विशाल तिवारी से कहा कि वह अपनी याचिका की एक प्रति अटॉर्नी जनरल के कार्यालय को सौंपें।

जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की खण्डपीठ में एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी,



जिसमें ट्रेन हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों का मुद्दा उठाया गया था। पीठ ने याचिकाकर्ता विशाल तिवारी से कहा कि वह अपनी याचिका की एक प्रति अटॉर्नी जनरल के कार्यालय को सौंपें। वहीं पीठ ने मामले को चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता विशाल तिवारी ने अदालत से कहा कि यह याचिका सार्वजनिक सुरक्षा उपायों का मुद्दा उठाती है।

पिछले वर्ष जून में ओडिशा के बालासोर जिले में ट्रेन हादसे का जिक्र करते हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार द्वारा एक सुरक्षा प्रणाली शुरू की गई थी ताकि ट्रेनों की टक्कर को रोका जा सके, बावजूद इसके पिछले वर्ष में ट्रेनों से जुड़े कई हादसे हुए हैं। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि क्या इस बारे में कोई कवायद की गई है कि कवच प्रणाली को पूरे भारत में लागू करने पर कितना वित्तीय प्रभाव पड़ेगा। हर चीज का वित्तीय पहलू से सह-संबंध होता है क्योंकि अंततः इसका बोझ यात्रियों पर डाला जाएगा।

बता दें याचिका में रेलवे प्रणाली में जोखिम और सुरक्षा मापंदडों का विश्लेषण और समीक्षा करने समेत कई सुझाव देने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में तकनीकी सदस्यों से युक्त विशेषज्ञ आयोग गठित करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की गई हैं। साथ ही याचिका में दावा किया गया कि कवच प्रणाली जल्द से जल्द लागू न करने के चलते बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान हुआ हैं।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने पंडित नेहरू की चीन नीति को कोसा, बोले- पंचशील एग्रीमेंट समझ से परे

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की चीन नीति की आलोचना की है। एक इंटरव्यू में विदेश मंत्री ने कहा कि चीन नीति से जुड़ी पहले की बातों को समझना आज बेहद मुश्किल है। पंचशील समझौता भी इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि चीन से रिश्ते हकीकत के आधार पर होने चाहिए और उन्होंने पंडित नेहरू के चीन से लगाव पर भी सवाल उठाए।



दरअसल न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ एक इंटरव्यू में विदेश मंत्री एस जयशंकर से पूछा गया कि क्या भारत हमेशा माइंड गेम में चीन से हारा है? इस पर विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे ऐसा नहीं लगता कि हम हमेशा हारे हैं लेकिन पूर्व में ऐसी कई घटनाएं हुईं, जिन्हें आज समझना बहुत मुश्किल है। पंचशील समझौता भी इसका उदाहरण है। हम सदियों पुरानी सभ्यताएं हैं और जब हम एक दूसरे से रिश्तें आगे बढ़ाएं तो इस बात का भी ख्याल रखा जाना चाहिए।

## ओडिशा में पति के मौत से दुखी पत्नी ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** ओडिशा के खुर्दा जिले में एक 24 वर्षीय महिला की आत्महत्या से मौत हो गई। महिला ने भुवनेश्वर के एक प्राइवेट अस्पताल में विस्फोट के कारण पति की मौत होने के बाद यह कदम उठाया।

महिला की पहचान सौम्यश्री सामंतराय के तौर हुई है। जटनी के पास नुआगांव में अपने पिता के घर पर महिला ने फांसी लगा ली। पति के मौत की वजह से महिला सदमे में थी। उसका पति दिलीप एक एसी मैकेनिक था, जिसकी मौत शुक्रवार को अस्पताल में एसी में गैस भरने के दौरान सिलेंडर के फटने से हुई थी। इस हदसे में दिलीप का आधे से ज्यादा शरीर जल चुका था, जिस वजह स रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। महिला का शव पोस्ट मॉर्टम के बाद परिवारवालों को सौंप दिया गया है।

## कोलकाता में नए साल के दिन 341 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने नए साल के दिन अव्यवस्था फैलाने के आरोप में 341 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अन्य 828 लोगों के खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने और नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया है।

कुल 307 बाइक चालक और पीछे बैठने वाले 154 लोगों पर हेलमेट न पहनने का, 146 लोगों को शराब पीकर वाहन चलाने और 60 लोगों पर अन्य कारणों से मामला दर्ज किया गया है।

कर्नाटक के बेलगावी में एक जनवरी को 30 लोगों का एक नकाबपोश गिरोह ने गांव में जमकर उत्पात मचाया, जिस वजह से गांव के लोगों में दहशत फैल गई। तरवार, लकड़ियों और अन्य हथियारों से लैस इस गिरोह ने मुख्य रूप से चार घरों को निशाना बनाया। गिरोह ने वाहनों के साथ अन्य वस्तुओं को भी नुकसान पहुंचाया। इस घटना की जानकारी पाकर महिला एवं शिशु विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर मंगलवार को घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आशंका जताई है कि यह मामला प्रेम-प्रसंग को लेकर हुई होगी।

## कनाडा की राजनीति में खालिस्तानी शामिल

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। एएनआई को दिए साक्षात्कार में एक बार फिर उनका ये अंदाज देखने को मिला हैं। इस साक्षात्कार में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर जयशंकर ने खुलकर बोला हैं। भारत और कनाडा के मौजूदा राजनयिक संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कनाडा की राजनीति ने खालिस्तानी ताकतों को पनाह दी हुई हैं। वे सभी सीधे तौर पर कनाडा की राजनीति में शामिल हैं। मुझे लगता है कि यही एक कारण हैं, जो दोनों देशों के संबंधों को नुकसान पहुंचा रहा हैं। यह स्थिति भारत और कनाडा दोनों के लिए खतरा हैं। मेरा मानना है कि जितना यह भारत के खतरा है, उतना ही इससे कनाडा को भी नुकसान होगा।

पाकिस्तान में आतंकवाद से जुड़े सवाल पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल कर भारत को बातचीत के मेज पर लाता था, यही उनकी नीति रहती थी। अब हमने उनकी नीति को ही अप्रासंगिक कर दिया है। हम जानते हैं कि अंत में एक पड़ोसी ही पड़ोसी के काम आता हैं। लेकिन हम उन शर्तों के आधार पर बातचीत नहीं करेंगे, जो उनके द्वारा निर्धारित की गई हो।

भारत के विश्वामित्र के तौर पर उभरने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि कई विश्व के नेता भारत आना चाहते हैं। जब भी हम विश्वामित्र कहते तो, इसका उदाहरण जी20 है। जी20 से 12 घंटे पहले भी सम्मेलन के घोषणा पत्र को अंतिम रूप नहीं दिया गया था। सार्वजिक रूप से कई लोग भविष्यवाणी कर रहे थे कि हम विफल हो जाएंगे, जिसका कुछ हिस्सा राजनीति से प्रेरित था। पहले उत्तर-दक्षिण में विभाजन था, वहीं पूर्व-पश्चमि में भी ध्रुवीकरण था। दो भागों में बंटे दुनिया को हमने एक मंच पर आने के लिए मजबूर किया हैं। गौर करने वाली बात ही कि सभी भारत आए, क्योंकि उनके साथ हमारे संबंध थे। भारत का नाम आते ही सभी ने समझौता कर लिया। विदेशी मीडिया की भारत के बारे में रिपोर्ट पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यह पूरी तरह से दिमागी खेल हैं।

## लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने संभाला पूर्वी कमान का दायित्व, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता।** लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने एक भव्य समारोह में अपनी नई कमान संभाली और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर



दिया गया। उन्होंने सभी रैंकों से सैनिक गौरव और सम्मान के साथ काम करना जारी रखने का आह्वान किया।

लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने आधिकारिक तौर पर सोमवार पूर्वी सेना कमान की कमान संभाली। तिवारी ने लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता का स्थान लिया, जिनका कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो गया। लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी पहले उत्तर भारत क्षेत्र की कमान संभाल रहे थे और उन्होंने 3 कॉर्प्स की भी कमान संभाली है। कोर. जनरल एक इन्फैंट्री अधिकारी हैं और उन्हें 1987 में भारतीय सेना की कुमाऊं रेजिमेंट में नियुक्त किया गया था।

लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने एक भव्य समारोह में अपनी नई कमान संभाली और बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने सभी रैंकों से सैनिक गौरव और सम्मान के साथ काम करना जारी रखने का आह्वान किया। पूर्वी सेना प्रमुख राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज, रक्षा प्रबंधन कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। उन्होंने भारत और विदेशों में पारंपरिक और साथ ही उग्रवाद विरोधी अभियानों में कई प्रतिष्ठित कमांड और स्टाफ पदों पर कार्य करने का एक लंबा अनुभव है।

# क्यों हड़ताल कर रहे वाहन चालक ? पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारें, जरूरी सामान की कमी

**नई दिल्ली।** ट्रांसपोर्ट की हड़ताल का असर आम जन-जीवन पड़ रहा

**कानून गलत**

ड्राइवरों की मांग है कि यह कानून गलत है और इसे वापस लिया जाना चाहिए।

है। देश के विभिन्न हिस्सों में खाने-दूध की कमी हो रही है। वहीं देश के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी कतारें दिख रही हैं। हड़ताल अगर लंबी खिंची तो हालात और भी खराब हो सकते हैं। बता दें कि देशभर के ड्राइवर हिट एंड रन को लेकर लाए गए नए कानून का विरोध कर रहे हैं।

केंद्र सरकार द्वारा लाए गए हिट एंड रन संबंधी नए कानून के विरोध में देशभर के ट्रक-बस चालकों ने चक्का जाम कर दिया है। ड्राइवरों की मांग है कि यह कानून गलत है और इसे वापस लिया जाना चाहिए।



ड्राइवरों की हड़ताल के चलते लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माल ढुलाई ना होने से कई जगहों पर जरूरी सामान की कमी हो गई है और कुछ पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल भी नहीं मिल रहा है। कई जगहों पर पेट्रोल खत्म होने की अफवाह फैल रही है, जिसकी वजह से लोग कमी को देखते हुए अपने वाहनों में पेट्रोल भरवा रहे हैं, इससे पेट्रोल पंपों पर लंबी लंबी कतारें लग गई हैं।

वाहन चालकों ने तीन दिन की हड़ताल का एलान किया है। ड्राइवरों का कहना है कि अगर सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन भी हो सकती है। गौरतलब है कि आईपीसी की जगह सरकार ने नया भारतीय न्याय संहिता कानून बनाया है। इस कानून की धारा 104 में में प्रावधान किया गया है कि अगर लापरवाही से गाड़ी चलाने पर किसी की मौत हो जाती है तो इसे गैर इरादतन हत्या माना जाएगा और ड्राइवर को पांच साल की जेल और जुर्माना लगाया जा सकता है। साथ ही इस धारा में प्रावधान है कि ड्राइवर अगर लापरवाही से गाड़ी चलाकर किसी को टक्कर मारकर मौके से भाग जाता है और पुलिस को इसकी जानकारी नहीं देता तो उस स्थिति में ड्राइवर को 10 साल तक की जेल की सजा और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। वाहन चालक इसी का विरोध कर रहे हैं क्योंकि आईपीसी के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाने से अगर किसी की मौत हो जाती थी तो वाहन चालक को दो साल जेल की सजा या जुर्माना या फिर दोनों का प्रावधान था।

## आतंकियों ने पंजाब प्रांत से किया छह नाईयों का अपहरण, फिर उत्तरी वजीरिस्तान में गोलियों से भूना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से छह नाईयों का अपहरण कर आतंकवादियों ने उन्हें



अफगानिस्तान की सीमा से लगे इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली इलाके में हुई है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित पंजाब प्रांत के रहने वाले थे और स्थानीय बाजार में नाई की दुकान चलाते थे। एक दिन पहले उनका अपहरण कर लिया गया था और मंगलवार को उनके शव बरामद किए गए। हालांकि, अभी तक किसी ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी नहीं ली है।

पुलिस ने छह नाइयों की गोली मारकर हत्या करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू कर दी है। उत्तरी वजीरिस्तान की ताजा घटना ऐसे समय में हुई है जब इसी प्रांत में अज्ञात आतंकवादियों ने पांच मजदूरों की उस समय हत्या कर दी जब वे अपने तंबू में थे। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब प्रांत बढ़ते आतंकवाद के कारण कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति से जूझ रहा है, ऐसे समय में जब बहुप्रतीक्षित देशव्यापी चुनाव में महज एक महीने से अधिक का समय बचा है।

खैबर पख्तूनख्वा में खासतौर पर सेना और पुलिस पर हमलों के साथ-साथ लक्षित हत्याओं सहित आतंकवादी कृत्यों में बढ़ोत्तरी हो रही है। हालांकि, बन्नू और डेरा इस्माइल खान के आसपास का क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। हाल ही में पाकिस्तान आतंकवाद की लहर से प्रभावित हुआ है।

थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत नवंबर में आतंकवादी हमलों से सबसे अधिक प्रभावित था, जिसमें 54 लोगों की मौत और 81 घायल होने के साथ 51 हमले दर्ज किए गए थे।

## हनेडा एयरपोर्ट पर रनवे पर लैंड होते ही विमान में लगी भीषण आग

**टोक्यो।** जापान के टोक्यो में स्थित हनेडा एयरपोर्ट में मंगलवार को लैंडिंग के दौरान एक विमान के अंदर भीषण आग लग गई। स्थानीय मीडिया की ओर से जो फुटेज सामने आए हैं, उनमें विमान की खिड़की और इसके नीचे से आग की लपटों को निकलते देखा सकता है।

जापानी न्यूज एजेंसी एनएचके ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि विमान के लैंडिंग के बाद किसी अन्य विमान से टकराने का शक जताया जा रहा है। इसमें कई यात्री सवार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब यात्री विमान लैंड हुआ उसी दौरान जेएएल 516 विमान ने उड़ान भरी थी।

अभी यह साफ नहीं है कि विमान में लगी आग की चपेट में आकर कोई हताहत हुआ या नहीं। हालांकि, रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

# अवैध प्रवासियों की संख्या में आई गिरावट, रक्षा मंत्री ने बताया बड़ी उपलब्धि, पीएम सुनक अभी भी चिंतित

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बताया कि उनकी सरकार ने प्रवासियों की संख्या सीमित करने की दिशा में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति आने वाले लोगों और ब्रिटिश सरकार की इजाजत के बिना यहां रहने वालों में कमी आई है। गृह मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के साथ ही पीएम सुनक का बयान सामने आया है।

गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल इंग्लिश चैनल से नाव के माध्यम से आने वाले लोगों की संख्या में 36 फीसदी की कमी देखने को मिली है। पिछले पांच वर्षों में यह पहली गिरावट है। पीएम सुनक ने कहा, मैं ब्रिटिश लोगों के ऊपर अवैध प्रवासन के बोझ को कम करने के लिए संकल्पित हूं। हम महंगे होटल खर्चों में करदाताओं के लाखो पाउंड बचा रहे हैं और सार्वजनिक सेवाओं पर दवाब कम कर रहे हैं।

**प्रवासन**

आगामी चुनाव में पीएम सुनक के लिए प्रवासन का मुद्दा अहम रहने वाला है।

आगामी चुनाव में पीएम सुनक के लिए प्रवासन का मुद्दा अहम रहने वाला है। सरकार के इजाजत के बिना यहां रहने वालों के कारण करदाताओं की जेब से आठ मिलियन पाउंड (84 करोड़ से अधिक) का खर्ज जाता है।

हालांकि, यह प्रगति कुछ समय के लिए ही हो सकती है, क्योंकि आप्रवासन सेवा संघ ने 2024 में भारी संख्या में प्रवासियों के आने की संभावना जताई है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल छोटे-छोटे नाव से



29,400 लोग यूनाइटेड किंगडम आए थे। देश में कानूनी और अवैध तरीके से प्रवासियों को आने की अनुमति देने के लिए अपने ही कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों पर पीएम सुनक निशाना साध रहे हैं।

गृह मंत्री जेम्स क्लेवर्ली ने बताया कि अवैध तरीके से यूरोप आने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, जबकि अवैध तरीके से यूके आने वालों की संख्या में गिरवट देखने को मिली है। उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। क्लेवर्ली ने कहा कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है।

## नए साल के दिन लॉस एंजेलिस में गोलीबारी

**नई दिल्ली।** नए साल के आगन के तुरंत बाद ही लॉस एंजेलिस काउंटी में गोलीबारी में एक महिला की मौत हो गई। वहीं चार अन्य इस हदसे में घायल हुए हैं। यह घटना सोमवार की सुबह 12:30 बजे घटी। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में घायल एक व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। लॉस एंजेलिस काउंटी शेरिफ विभाग ने कहा कि चार अन्य घायलों को दूसरे संसाधनों से अस्पताल में पहुंचाया गया है। एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया।

घायलों में एक की हालत गंभीर और तीन की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस मामले में फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। शेरिफ विभाग इस हादसे की जांच कर रही है। सैन फ्रांसिस्को के बे एरिया में नए साल के दिन एक यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई जिसके बाद उसमें आग लग गई।

# विपक्ष के नेता पर सरेआम हमला, हमलावर ने गर्दन पर मारा चाकू, गंभीर हालत में ले जाए गए अस्पताल

**सोल।** दक्षिण कोरिया के विपक्ष के नेता ली जे-म्यूंग पर मंगलवार

**स्वास्थ्य**

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने इस घटना पर चिंता जताई है और बताया कि वे विपक्ष के प्रमुख नेता के स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हैं।

को जानलेवा हमला हुआ। बुसान शहर में उन पर अज्ञात शख्स ने 20-30 सेंटीमीटर लंबे हथियार से हमला कर दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस वक्त ली पर हमला हुआ, उस वक्त वे पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान एक शख्स ने बाईं तरफ से आकर उनकी गर्दन पर चाकू से



वार कर दिए।

दक्षिण कोरिया की योनहैप न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हमलावर को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, उसकी पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। ली विपक्ष की सबसे बड़ी डेमोक्रेटिक पार्टी के मुखिया हैं। वे मंगलवार को ही बुसान के गैडियोक द्वीप पर हो रहे नए एयरपोर्ट के निर्माण को देने गए थे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना दक्षिण कोरिया के समयानुसार सुबह 10.27 बजे हुई और यह कैमरे में भी कैद हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर ऑटोग्राफ लेने के लिए ली के करीब पहुंचा और उनकी गर्दन पर वार कर दिया। उसने जिस हथियार से ली को मारा, वह करीब 20 से 30 सेंटीमीटर लंबा था। इस घटना की वायरल तस्वीरों में ली को जमीन पर लेटा देखा जा सकता है। इस दौरान उनके समर्थकों ने खून के बहाव को रोकने के लिए गर्दन पर रुमालों को लपेट रखा है।

घटना के 20 मिनट के अंदर ही ली को पुसान नेशनल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल पहुंचा दिया गया। बताया गया है कि ली होश में हैं, लेकिन उनकी गर्दन से लगातार खून बह रहा था।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने इस घटना पर चिंता जताई है और बताया कि वे विपक्ष के प्रमुख नेता के स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जापान में भूकंप से भारी तबाही, कांपा पूरा मेट्रो स्टेशन, सड़कों पर पड़ीं दरारें

**टोक्यो।** नए सल के दिन जापान में लगातार भूकंप के झटकों के कारण 48 लोगों की मौत हो गई। भूकंप के कारण कई घर क्षतिग्रस्त भी हो गए और कहीं-कहीं आग भी लगी। सोमवार को जापान में लगातार एक के बाद एक 155 भूकंप के झटके आए। इन झटकों से हुए नुकसान का आकलन अभी भी किया जा रहा है। इसी के साथ एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें भूकंप के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों और मेट्रो स्टेशन कीहालत को दिखाया गया है।

सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में भूकंप के झटकों से बचने के लिए लोगों को घरों से बाहर भागते हुए देखा गया है। सड़कों में दरार पड़ने के कारण लोग सुरक्षित जगहों पर जाने की कोशिश कर रहे हैं। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि मेट्रो स्टेशन भी कांप उठा।

जापान में 153 झटकों की तीव्रता तीन से अधिक मापी गई है। वहीं दो झटकों की तीव्रता 7.6 और 6 थी। जोरदार भूकंप के कारण पश्चिमी तट के किनारे पर स्थित



इमारतें ढह गईं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) का कहना है कि होंशू के मुख्य द्वीप इशिकावा प्रान्त में आए भूकंप की तीव्रता 7.5 थी। वहीं, जापानी अधिकारियों का कहना है कि इशिकावा में आए भूकंप की तीव्रता 7.6 थी। 155 भूकंपों के बाद जापान की मौसम एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी जारी की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक बयान में कहा कि उनका प्रशासन जापानी अधिकारियों के संपर्क में है और जापानी लोगों के लिए कोई भी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। ऊंची लहरों के उठने की संभावना को देखते हुए तटीय इलाकों के निवासियों को उनके घरों में लौटने के लिए मना किया गया है।

# 2024 के दूसरे दिन लाल निशान पर बंद हुआ बाजार



**नई दिल्ली।** मंगलवार के कारोबारी सेशन के दौरान बाजार में बैंकिंग, ऑटो और आईटी सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली दिखी। दूसरी ओर फार्मा सेक्टर के शेयरों में दमदार खरीदारी देखी गई।

साल 2023 के आखिरी महीने में शेयर बाजार के लगातार ऑल टाइम हाई पर पहुंचने के बाद अब नए साल में बाजार में बड़ी मुनाफावसूली दिख रही है। नए साल 2024 के दूसरे कारोबारी दिन प्रमुख भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए। इस दौरान सेंसेक्स 379.46 (-0.52त्न) अंकों की गिरावट के साथ 71,892.48 के स्तर पर जबकि निफ्टी 76.11 (0.35त्न) अंक फिसलकर 21,665.80 के लेवल पर बंद हुआ।

मंगलवार के कारोबारी सेशन के दौरान बाजार में बैंकिंग, ऑटो और आईटी सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली दिखी। दूसरी ओर फार्मा सेक्टर के शेयरों में दमदार खरीदारी देखी गई। इससे पहले नए साल के पहले कारोबारी दिन सोमवार (1 जनवरी) को सेंसेक्स 31 अंक मजबूत होकर 72,271 अंकों के स्तर पर बंद हुआ था।

# वोडाफोन आइडिया ने मस्क के स्टारलिंक से साझेदारी की खबरों को नकारा, कंपनी के शेयर पांच फीसदी

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वोडाफोन आइडिया स्टारलिंक के साथ साझेदारी पर दांव लगा सकती है क्योंकि स्टारलिंक भारतीय बाजार में प्रवेश करना चाहती है। इसके बाद बंबई शेयर बाजार (बीएसई) ने सोमवार को कंपनी से इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा था। निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने मंगलवार को मीडिया में आई उन खबरों का खंडन किया जिनमें दावा किया गया था कि कंपनी एलन मस्क की स्टारलिंक के साथ साझेदारी पर बातचीत कर रही है। समाचार आउटलेट बिजनेसवर्ल्ड ने 29 दिसंबर को बताया था कि मस्क 10 जनवरी को होने वाले वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के दौरान अरबपति व्यवसायी मस्क के स्टारलिंक के साथ गठजोड़ पर बातचीत कर कर सकते हैं।


रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वोडाफोन आइडिया स्टारलिंक के साथ साझेदारी पर दांव लगा सकती है क्योंकि स्टारलिंक भारतीय बाजार




में प्रवेश करना चाहती है। इसके बाद बंबई शेयर बाजार (बीएसई) ने सोमवार को कंपनी से इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा था।

इसके बाद वोडाफोन आइडिया ने अपने बयान में कह्य इस संबंध में, हम बताना चाहते हैं कि कंपनी नामित पक्ष के साथ ऐसी कोई भी चर्चा नहीं हो रही है। वोडाफोन आइडिया ने एक बयान में कहा, हमें इस खबर के आधार के बारे में जानकारी नहीं है। कंपनी की ओर से इस मामले में स्पष्टीकरण जारी करने के बाद वोडाफोन आइडिया के शेयरों में गिरावट आई और मंगलवार को कंपनी के शेयर 0.95 रुपये यानी 5.59त्न की गिरावट के साथ 16.05 रुपये के भाव पर बंद हुए। भारतीय मीडिया में जुलाई 2023 में खबर आई थी किस्टारलिंक ने अर्थ स्टेशन स्थापित करने के लिए मंजूरी हासिल करने के लिए इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथराइजेशन सेंटर (इन-स्पेस) में आवेदन किया था। स्टारलिंक को 2022 में देश में उस समय उपभोक्ताओं को प्री-बुकिंग का पैसा लौटाने के लिए मजबूर होना पड़ा था जब डीओटी ने उसे अपनी सेवाओं के लिए कोई भी प्री-ऑर्डर लेने से पहले नियामक अनुमोदन लेने को कहा था। इसके बाद कंपनी ने प्री-ऑर्डर के लिए जारी अपना प्रचार वापस ले लिया। उसके बाद आवश्यक नियामकीय अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया। पिछले हफ्ते आई खबरो में कहा गया था कि मस्क की जनवरी 2024 में गुजरात यात्रा के दौरान कंपनी कंपनी भारत में कारखाना लगाने की घोषणा सार्वजनिक कर सकती है।

# सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 1000 रुपये प्रति टन बढ़ाया




**नई दिल्ली।** भारत ने कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 1,300 रुपये से बढ़ाकर 2,300 रुपये प्रति टन कर दिया है। हालांकि, नई दिल्ली ने डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन पर कर हटाने का फैसला किया है। पेट्रोल पर भी कोई अप्रत्याशित कर नहीं लगेगा। डीजल, एटीएफ पर भी अप्रत्याशित कर हटा दिया गया है, जबकि पहले इस पर 50 पैसे प्रति लीटर और एक रुपये प्रति लीटर का अप्रत्याशित कर लग रहा था था। नई दरें 2 जनवरी, 2024 से प्रभावी होंगी।

18 दिसंबर को घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाए जाने वाले कर को 5,000 रुपये प्रति टन से घटाकर 1,300 रुपये प्रति टन कर दिया गया था। इसके अलावा, डीजल के निर्यात पर एसएईडी को 1 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 50 पैसे प्रति लीटर कर दिया गया था।

भारत ने पहली बार 1 जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था। उस समय पेट्रोल और एटीएफ पर छह रुपये प्रति लीटर (12 डॉलर प्रति बैरल) और डीजल पर 13 रुपये प्रति लीटर (26 डॉलर प्रति बैरल) का निर्यात शुल्क लगाया गया था। दो हफ्तों में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती है। वैश्विक बेंचमार्क की दरें 75 डॉलर प्रति बैरल से अधिक होने पर घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर लगाया जाता है। डीजल, एटीएफ और पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क लगता है यदि उत्पाद पर मार्जिन 20 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाती है।

# मैट्रो शहरों में दुपहिया सवारों को अधिक पसंद आ रहा रोड साइड असिस्टेंस

**लखनऊ।** व्यक्तिगत दुर्घटना कवर और रोड साइड असिस्टेंस जैसे ऐड-ऑन को अपने टू-व्हीलर मोटर इंश्योरेंस में शामिल करना, दोपहिया सवारों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसकी वजह से किसी भी दुर्घटना की स्थिति में पॉलिसीधारक को सभी सुविधाएं केवल एक कॉल पर उपलब्ध होने से पॉलिसीधारकों में आत्मविश्वास और मानसिक शांति पैदा होती है। अब पॉलिसीबाजार डॉट कॉम बहुत ही कम कीमत पर रोड साइड असिस्टेंस ऐड-ऑन को ग्राहकों के लिए उपलब्ध करा रही है। इस ऐड -ऑन को पॉलिसीधारक प्रति वर्ष 30 रूपये तक की कम कीमत पर अपनी साधारण पॉलिसी के साथ जोड़कर इसका लाभ उठा सकते है। टू-व्हीलर मोटर इंश्योरेंस खरीदने वाले लगभग 20 से 25 प्रतिशत ग्राहक रोड साइड असिस्टेंस एड-ऑन का विकल्प चुन रहे है। इस ऐड-ऑन को शामिल करने वाले ग्राहकों की संख्या टियर-1 शहरों में अधिक है और धीरे-धीरे यह संख्या टियर-2 शहरों में भी बढ़ रही है। टू-व्हीलर इंश्योरेंस में ऐड-ऑन के रूप में मिलने वाली रोड साइड असिस्टेंस की सुविधा पॉलिसीधारकों को ब्रेकडाउन, फ्लैट टायर, या किसी अन्य मैकेनिकल परेशानी की स्थिति में सहायता प्रदान करती है। इसमें तुरंत मिलने वाली सुविधा यह सुनिश्चित करती है कि ग्राहकों को कम से कम समय में उचित सुविधा प्राप्त हो। नितिन कुमार, हेड-मोटर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम इंश्योरेंस इंडस्ट्री ग्राहकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार विकसित हो रही है। अधिकांश मामलों में साधारण इंश्योरेंस पॉलिसी से पर्याप्त कवरेज प्राप्त नहीं हो पाता है, इसलिए ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इंश्योरेसं कंपनी अलग-अलग प्रकार के ऐड-ऑन की सुविधा प्रदान कर रही है। टू-व्हीलर इंश्योरेंस पॉलिसी के साथ मिलने वाली रोड साइड असिस्टेंस की सुविधा इस ऐड-ऑन का एक प्रकार है। यह ऐड-ऑन टू-व्हीलर इंश्योरेंस खरीदने वाले ग्राहकों की सुरक्षा और संतुष्टि को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन ऐड-ऑन को पॉलिसीधारक अपनी साधारण इंश्योरेंस पॉलिसी में शामिल कर व्यापक कवरेज प्राप्त कर सकता है। यह सभी सुविधाएं पॉलिसीधारक को सुरक्षा की एक अतिरिक्त लेयर प्रदान करती है। इसलिए पॉलिसीधारकों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं पर सावधानीपूर्वक विचार करें और उन योजनाओं का चयन करें जो उनकी जरूरतों के अनुरूप हों।

# सोने में 280 रुपये का उछाल, चांदी 300 रुपये महंगी हुई



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों और रुपये की विनिमय दर में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 280 रुपये की तेजी के साथ 64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिन सोना 63,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, चांदी 300 रुपये मजबूत होकर 78,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। द्वएचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, रुपये में कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में मजबूती के कारण घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में तेजी आई। वायदा कारोबार में एमसीएक्स पर सोने के फरवरी अनुबंध की कीमत 208 रुपये की तेजी के साथ 63,528 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसके अलावा चांदी के मार्च अनुबंध की कीमत 405 रुपये की तेजी के साथ 74,795 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। वैश्विक बाजारों में सोना और चांदी की कीमत तेजी के साथ क्रमशः 2,073 डॉलर प्रति औंस और 24 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कैलेंडर वर्ष 2023 में 2,33,346 गाड़ियाँ बेचकर अब तक का अपना सर्वोच्च प्रदर्शन किया

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने साल के अंत में थोक बिक्री के आंकड़ों के साथ एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। यह 2023 में 2,33,346 गाड़ियों की बिक्री के अब तक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह साल के मुकाबले साल के हिसाब से 46त्न की वृद्धि है। इस कुल बिक्री में से, घरेलू बिक्री 221,356 गाड़ियों की थी, जबकि निर्यात में 11,984 गाड़ियां शामिल थीं। कैलेंडर वर्ष 2022 में कंपनी ने (घरेलू बाजार) में कुल 160,364 गाड़ियां बेचीं थीं। दिसंबर 2023 में सकारात्मक क्रम को जारी रखते हुए, टीकेएम ने 119त्न की वृद्धि के साथ 22,867 गाड़ियां बेचीं। इसके मुकाबले दिसंबर 2022 में 10,421 गाड़ियों की बिक्री हुई थी। टीकेएम ने घरेलू बाजार में 21,372 गाड़ियां बेचीं, अर्बन क्रूज़र हाइब्रिड की 1495 इकाइयों का निर्यात किया गया। बिक्री के मजबूत रफ्तार पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में बिक्री और रणनीतिक विपणन के वाइस प्रेसिडेंट, श्री अतुल सूद ने कहा, ÷टीकेएम के लिए वर्ष 2023 जबरदस्त था। यह बिक्री की मात्रा के साथ- साथ ग्राहक अनुकूल कई पहल शुरू करने के लिये भी था। उदाहरण के लिए, सभी को सामूहिक खुशी प्रदान करने के उद्देश्य से पांच वर्षों के लिए मानार्थ (निशुल्क) सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम शुरू किया जाना। हम अपने ग्राहकों को अपने वाहनों पर प्यार और विश्वास दिखाने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। पिछले कैलेंडर वर्ष की तुलना में 46त्न की वृद्धि पूरे उत्पाद पोर्टफोलियो से हुई। लगातार महीने-दर-महीने प्रदर्शन के साथ पूरे साल वृद्धि का रुझान, हमारी कारों की पूरी श्रृंखला में ग्राहकों की बढ़ती दिलचस्पी का संकेत देता है। इनोवा हाइक्रॉस, अर्बन क्रूजर हाइराइडर, न्यू इनोवा क्रिस्टा और ग्लैंजा सहित लोकप्रिय मॉडल हमारे विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हमारे ग्राहक संपर्क कार्यक्रम जैसे %ग्रेट 4ङ्ग4 एक्सपेडिशन बाय टोयोटा% ने हाईलक्स, फॉर्च्यूनर और लीजेंडर जैसे एसयूवी मॉडलों की स्थायी अपील को भी बढ़ाया है और अपने संबंधित क्षेत्रों में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। कैमरी हाइब्रिड हमारी विकास संख्या में सकारात्मक योगदान देना जारी रखे हुए है। ऑल-न्यू वेलफ़ायर और टोयोटा रुमियन के हालिया लॉन्च ने भी हमें साल को रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद करने में सक्षम बनाया। जब हम वर्ष 2024 में कदम रख रहे हैं तो एक मजबूत विकास की ओर अग्रसर हैं। हम मजबूत नेटवर्क, उन्नत उत्पाद श्रृंखला और बिक्री के बाद की मानक सेवाओं द्वारा समर्थित स्थायी विकास पर ध्यान देना जारी रखेंगे। तीन शिफ्ट में काम और 3,300 करोड़ रुपये के नए निवेश की हमारी नवीनतम घोषणा के साथ, हम कार्बन तटस्थता लक्ष्यों को प्राप्त करने में तकनीकी परिवर्तन को शामिल करते हुए व्यवसाय विस्तार के अपने अगले चरण के लिए तैयार होने के लिहाज से अच्छी स्थिति में हैं।

# कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बी.टेक के लिए प्रवेश का पहला दौर शुरू किया

**नई दिल्ली।** कंप्यूटर सायन्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम में ऑन-कैंपस बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी के उद्घाटन समूह की जबरदस्त सफलता के बाद, न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, ऋषिहुड यूनिवर्सिटी के सहयोग से, अब 2024 बैच के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा एनएसएटी (न्यूटन स्कोलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट) के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है। 22 दिसंबर से शुरू, देश भर के छात्र जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 2022, 2023 या 2024 में अपनी हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षाओं में 50त्न से अधिक अंक हासिल किए हैं, वे यहां कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक के लिए आवेदन कर सकते हैं।



प्रारंभिक प्रवेश दौर के माध्यम से, आवेदक ढेर सारी छात्रवृत्तियों का लाभ उठा सकते हैं और प्रवेश की संभावना बढ़ा सकते हैं। एनएसएटी, साक्षात्कार स्कोर, जेईई, सीबीएसई, केवीपीवाई और ओलंपियाड प्रदर्शन के आधार पर, छात्र ट्यूशन फीस के लिए 100त्न योग्यता-आधारित छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकते हैं। अधिक छात्रों को अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम अतिरिक्त रूप से सभी 4 वर्षों में महिला छात्रों के लिए ट्यूशन शुल्क पर उच्च छात्रवृत्ति प्रदान करता है। कोर्स का सावधानीपूर्वक तैयार किया गया कोर्स व्यक्तियों को गंभीर रूप से सोचने, जटिल समस्याओं को हल करने और उद्योग में सफलता सुनिश्चित करने वाले तेज़ गति वाले तकनीकी प्रथम वातावरण में पनपने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 2000 से अधिक नियुक्ति भागीदारों के साथ, न्यूटन स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी (एनएसटी) छात्रों को शीर्ष स्तरीय कंपनियों के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के लिए प्लेसमेंट सहायता और 6 महीने की उद्योग प्रासंगिक इंटर्नशिप प्रदान करता है। न्यूटन स्कूल के 3000 से अधिक पूर्व छात्र 5-40 एलपीए प्लेसमेंट पैकेज के साथ शीर्ष कंपनियों में काम कर रहे हैं।

दिल्ली एनसीआर में स्थित, यह कोर्स छात्रों को वित्त पोषित अंतरराष्ट्रीय अध्ययन यात्राओं और सम्मेलनों, एमआईटी, ड्यूक विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी और अमेज़ॅन, गूगल और अन्य के तकनीकी लीडर्स की क्लासेस के साथ वैश्विक प्रदर्शन के अवसर प्रदान करता है। एनएसटी के छात्रों ने अपने पहले सेमेस्टर में ही भारत के शीर्ष कॉलेजों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए उद्योग विशेषज्ञों की सलाह के तहत दुनिया की सबसे अधिक मांग वाली छात्र कोडिंग प्रतियोगिता आईसीपीसी (इंटरनेशनल कॉलेजिएट प्रोग्रामिंग कॉन्टेस्ट) को पास कर लिया है। यह कोर्स छात्रों को अपने स्टार्ट-अप विचारों को सीधे उद्यम पूंजीपतियों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करता है और छात्रों के लिए उपलब्ध 1 करोड़ के स्टार्ट-अप फंड के अतिरिक्त लाभ के साथ धन जुटाने का मौका भी देता है।

# रूस से भारत आ रहे तेल कार्गो ने भुगतान से जुड़े मुद्दों के बीच रास्ता बदला, चीन हुआ सक्रिय

**नई दिल्ली।** रूस से कच्चा तेल लाने वाले कई जहाज जो भारत की ओर बढ़ रहे थे, अब रास्ता बदलकर पूर्व की ओर बढ़ रहे हैं। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रूस और भारत के बीच तेल भुगतान से जुड़ी चिंताओं के बीच बीते कुछ महीनों में भारत आने वाले कच्चे तेल की मात्रा में बड़ी गिरावट आई है।

पोत-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, रूस के सुदूर पूर्व से सोकोल तेल ले जाने वाले पांच जहाज - एनएस कमांडर, सखालिन द्वीप, क्रिमस्क, नेलिस और लिटेनी प्रॉस्पेक्ट- 7 से 10 समुद्री मील की रफ्तार से मलक्का जलडमरूमध्य की ओर बढ़ रहे हैं। एनएस सेंचुरी के नाम से मशहूर एक छठा सोकोल जहाज अब भी श्रीलंका के करीब है।

डेटा इंटेलिजेंस प्रोवाइडर केप्लर के लीड क्रूड एनालिस्ट विक्टर कटोना के अनुसार ऐसा लगता है कि चीन ने सोकोल कार्गो में अपनी दिलचस्पी दिखाई है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि ये कार्गो चीन की ओर जा सकते हैं। यूक्रेन के



साथ युद्ध के बीच रूस के लिए एक महत्वपूर्ण आउटलेट भारत का रूस से तेल आयात दिसंबर में जनवरी 2023 के बाद से सबसे कम हो गया। स्थानीय रिफाइनरों से जुड़े भुगतान के कारण इस दौरान एक भी सोकोल कार्गो भारत नहीं पहुंचा।

अमेरिका और उसके सहयोगियों ने रूसी कच्चे तेल के निर्यात पर 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा का उल्लंघन करने वाली संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा रखे हैं, जो 2022 के अंत में लागू हुए थे। पिछले महीने, यूएस ट्रेजरी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा इन प्रतिबंधों को लागू करने में तेजी लाई जाएगी।

एनएस सेंचुरी जहाज जो लगभग 7,00,000 बैरल की ढुलाई करती है- को पिछले साल अमेरिकी ट्रेजरी की प्रतिबंधित किया गया था। अन्य जहाजों में से चार समान मात्रा में तेल की ढुलाई करते हैं, जबकि पांचवां जहाज नेलिस दोगुने मात्रा में तेल की ढुलाई करता है। इनमें से अधिकांश जहाजों का स्वामित्व रूस की राज्य समर्थित शिपिंग कंपनी, सोवकॉमफ्लोट पीजेएससी के पास है। डेटा इंटेलिजेंस कंपनी केपलर के अनुसार, अपने सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात दिसंबर में जनवरी 2023 के बाद से सबसे कम हो गया। इस दौरान कड़े प्रतिबंधों और भुगतान मुद्दों के कारण सोकोल ग्रेड तेल ले जाने वाले छह टैंकर डिलीवरी नहीं कर सके।

केप्लर के आंकड़ों के अनुसार, मई में 2.15 मिलियन बैरल प्रति दिन के सर्वकालिक रिकॉर्ड तक बढ़ने के बाद, रूस से तेल आयात में उतार-चढ़ाव देखा गया। नवंबर और दिसंबर के रूस से तेल आयात में तेज गिरावट आई और पिछले महीने यह 1.48 मिलियन बैरल प्रति दिन तक पहुंच गया। भारतीय रिफाइनरियों, जिन्होंने 2023 में सोकोल के एक दिन में औसतन 1,40,000 बैरल खरीदे थे, उन्हें दिसंबर महीने में ऐसा कोई कार्गो प्राप्त नहीं हो सका।

## पड़ोसी देश को जनवरी में आईएमएफ से मिल सकती है 70 करोड़ डॉलर की दूसरी किस्त, रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड की 11 जनवरी को होने वाली बैठक में राहत पैकेज की अगली किस्त के रूप में 70 करोड़ डॉलर मिलने की उम्मीद है। %डॉन% अखबार की रिपोर्ट के अनुसार वाशिंगटन स्थित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का बोर्ड मौजूदा तीन अरब डॉलर की स्टैंड-बाय अरेंजमेंट (एसबीए) के तहत पाकिस्तान के लिए 70 करोड़ डॉलर की अगली किस्त के वितरण के लिए विचार-विमर्श करेगा और संभावित रूप से अंतिम मंजूरी देगा।

आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड के कैलेंडर के अनुसार, आगामी बैठकें 8, 10 और 11 जनवरी को निर्धारित हैं, जिसमें पाकिस्तान के मामले पर अंतिम दिन चर्चा होनी है। आईएमएफ का मौजूदा कार्यक्रम तीन अरब डॉलर का है और इसके अप्रैल के दूसरे सप्ताह में समाप्त होने की उम्मीद है जिसमें करीब 1.8 अरब डॉलर का भुगतान नहीं किया गया है। 1.2 अरब डॉलर की शुरुआती किस्त जुलाई में जारी की गई थी।

नवंबर 2023 में, पाकिस्तान के एसबीए के तहत पहली समीक्षा के संबंध में आईएमएफ कर्मचारियों और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच एक स्टाफ-स्तरीय समझौता हुआ था। यह समझौता आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड द्वारा अनुमोदन पर निर्भर है। दिसंबर में बोर्ड की मंजूरी की उम्मीदों के बावजूद, ऐसा लगता है कि प्रक्रिया 11 जनवरी के लिए निर्धारित की गई है। यह घटनाक्रम पाकिस्तान के आर्थिक परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अगली किस्त का वितरण पाकिस्तान बहुत जरूरी वित्तीय सहायता प्रदान कर सकता है। आगामी बैठक के परिणाम पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच चल रहे आर्थिक सहयोग को बढ़ाएंगे।

# कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय पीएम जनमन योजना के कार्यान्वयन के लिए रणनीतिक साझेदारी को सुगम बना रहा

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिज़नेस डेवलपमेंट (निसबड), और जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (ट्राईफेड) ने आज विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) बस्तियों में प्रधानमंत्री जनजातीय अभियान (पीएमजनमन) योजना के कार्यान्वयन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।यह साझेदारी, योजना के तहत व्यावसायिक शिक्षा और कौशल घटक प्राप्त करने की दिशा में प्रयासों को एकजुट करने की एक रणनीतिक योजना है। इस अवसर पर बोलते हुए, एमएसडीई के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी ने कहा, ÷एक समतापूर्ण समाज की तलाश में, स्किलिंग जनजातीय समूहों की आजीविका के अवसरों को उन्नत करने



में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाएगी। इन समूहों की कला, शिल्प और संस्कृति को सदियों से मनाया जाता रहा है, लेकिन पीएम जनमन योजना इसे सभी के अनुभव और इसका हिस्सा बनने के लिए सेन्टर स्टेज पर लाएगी। इस संदर्भ में, योजना का विजन कोई समानांतर नहीं है और मैं एमएसडीई को धन्यवाद देता हूँ कि इसे जीवन में लाने के लिए इतनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।÷ समझौता ज्ञापन के हिस्से के रूप में, ट्राइफेड, जो योजना के तहत जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा पीवीटीजी वन धन विकास केंद्रों (वीडीवीके) को लागू करने के लिए नियुक्त की गई नोडल एजेंसी है, जो वीडीवीके बनाने, टूल्स और इक्विपमेंट प्रदान करने, पीवीटीजी बस्तियों की सूची के अनुसार वीडीवीके को मैप करने और स्थायी वीडीवीके की स्थापना के लिए आर्थिक गतिविधियों के संभावित क्षेत्रों पर ज्ञान साझा करने हेतु कम्युनिटी को संगठित करने के लिए राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (एसआईए) के साथ समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा। दूसरी ओर, निसबड एकत्रित समूहों के गठन के लिए मोबिलाइजेशन का कार्य करेगा, संबंधित वीडीवीके की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन करेगा, मूल्यांकन के अनुसार प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करेगा और चिन्हित किए गए प्रशिक्षण संस्थानों या परामर्श एजेंसियों के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित करेगा। निसबड द्वारा प्रदान किया गया प्रशिक्षण वित्तीय साक्षरता, उन्नत इक्विपमेंट के उपयोग के माध्यम से मूल्य संवर्धन, मार्केट लिंकेज बनाने और लक्षित समूहों के बीच व्यावसायिक कौशल के विकास पर केंद्रित होगा। पीएम जनमन योजना पीवीटीजी घरों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधाओं से लैस करेगी। 24,104 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ, अनुसूचित जनजातियों के लिए डेवलपमेन्ट एक्शन प्लान (डीएपीएसटी) के तहत अगले तीन वर्षों में मिशन को लागू करने के लिए 15,000 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## तमिलनाडु में स्टरलाइट कॉपर इकाई बंद करने का मामला, वेदांता की याचिका पर सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वेदांता समूह की कंपनी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान की दलीलों पर ध्यान दिया जिसमें कहा गया था कि मामले में सुनवाई की जरूरत है। उच्चतम न्यायालय मंगलवार को तमिलनाडु के तूत्तुक्कुडि में वेदांता समूह की स्टरलाइट कॉपर इकाई को बंद करने से संबंधित याचिका पर सुनवाई पर विचार करने के लिए सहमत हो गया। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वेदांता समूह की कंपनी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान की दलीलों पर ध्यान दिया जिसमें कहा गया था कि मामले में सुनवाई की जरूरत है। वरिष्ठ वकील ने कहा कि मामले में सुनवाई 22 जनवरी को सूचीबद्ध की गई है। उन्होंने पीठ से आग्रह किया कि उसी दिन मामले की सुनवाई की जाए। सीजेआई ने कहा कि दिन के दौरान यह सुनिश्चित करने के बाद कि क्या कोई संवैधानिक पीठ का मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है, पार्टियों के वकील को इस बारे में जानकारी दे दी जाएगी। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने कहा था कि उसने रजिस्ट्रार को वेदांता समूह की याचिका पर सुनवाई के लिए ÷दो विशेष तिथियां÷ आवंटित करने का निर्देश दिया है। उच्चतम न्यायालय ने मई में तमिलनाडु सरकार से शीर्ष अदालत के 10 अप्रैल के उस निर्देश के अनुपालन के तहत एक जून तक उचित फैसला करने को कहा, जिसमें उसने वेदांता समूह को स्थानीय स्तर की निगरानी समिति की देखरेख में तूत्तुक्कुडि में अपनी स्टरलाइट कॉपर इकाई के रखरखाव की अनुमति दी थी। शीर्ष अदालत ने 10 अप्रैल के अपने आदेश में संयंत्र में बचे हुए जिप्सम को बाहर निकालने और कंपनी के अनुरोध पर आवश्यक श्रमशक्ति उपलब्ध कराने की भी अनुमति दी थी।

# हिट एंड रन नियम के खिलाफ पेट्रोल पम्प भी बंद, चालकों का हड़ताल जारी

अवधनामा ब्यूरो

- हिट एंड रन कानून के खिलाफ बढ़ता जा रहा आक्रोश, यात्री परेशान
- चालकों ने नए कानून को काले कानून की संज्ञा दी और इसमें संशोधन की मांग की



मथौली पेट्रोल पम्प पर लगी भारी भीड़



हड़ताल पर बैठे चालक

**कुशीनगर।** हिट एंड रन कानून के विरोध में दूसरे दिन भी बस और ट्रक ड्राइवरों ने स्टेयरिंग छोड़ों अभियान जारी रख। कुशीनगर जिले में इसका काफी असर दिखा। पेट्रोल पंप भी कई जगह बंद रहे। बस चालकों ने नए कानून को वापस लेने की केंद्र सरकार से मांग की। इसका असर ऑटो चालकों पर भी पड़ा और कई जगह ऑटो नहीं चले। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बता दें कि नए कानून के तहत सरकार हिट एंड रन मामले में दुर्घटना होने पर चालकों के खिलाफ दस साल की सजा और सात लाख रुपए जुर्माना लगाने की घोषणा की है। बीते कई दिनों से सोशल साइट पर नए कानून के खिलाफ एकजुटता के बाबत संदेश भी चलाए जा रहे हैं। नए मोटर व्हीकल एक्ट के विरोध में परिवहन निगम के चालक मंगलवार को भी हड़ताल पर रहे। इससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। उन्हें गंतव्य तक जाने के लिए पडरौना सहित अन्य बस स्टेशनों पर घंटों वाहनों का इंतजार करना पड़ा। ट्रक चालक भी आंदोलनरत रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग-28 पर कसया जैन धर्म कांटा के पास ट्रक चालकों ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इसके अलावा तमकुहीराज थाना क्षेत्र के मंझरिया में एनएच-28 जाम कर प्रदर्शन किया। चालकों ने नए कानून को काले कानून की संज्ञा दी और इसमें संशोधन की मांग की।

मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। अवध एक्सप्रेस दो घंटे और कामाख्या-कटरा एक्सप्रेस एक घंटा विलंब से पहुंची। कन्फर्म टिकट के लिए भी यात्री परेशान रहे।

**रोडवेज की सभी बसें खड़ी रहीं वर्कशॉप में, स्टेशन पर इंतजार करते रहे यात्री:** नए मोटर व्हीकल एक्ट के विरोध में रोडवेज के बस चालक भी हड़ताल पर रहे। पडरौना बस स्टेशन पर खड़ी सभी बसों को छावनी स्थित वर्कशॉप पर ले जाकर खड़ी कर दिए।

गोरखपुर, लखनऊ सहित अन्य शहरों के लिए बस स्टेशन पर यात्री घंटों इंतजार के बाद दूसरे वाहनों से गंतव्य को रवाना हुए।

पडरौना डिपो के एआरएम राकेश कुमार ने बताया कि बस चालकों की अघोषित हड़ताल के कारण रोडवेज की बसें खड़ी हैं। जब तक चालक हड़ताल से वापस नहीं आ जाते, तब तक बसों का संचालन कर पाना संभव नहीं है।

## जन जन कल्याणकारी योजनाएं अब घर-घर



**तरकुलवा अवधनामा संवाददाता।** आज जनपद के विकासखंड तरकुलवा के अंतर्गत ग्राम सभा द्वारिका वृंदावन में विकासखंड अधिकारी तरकुलवा अरुण कुमार पांडे के अगुआई में विकसित संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा नेता शशांक मणि त्रिपाठी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमारे देश के प्रधान मंत्री मोदी का गारेंटी है कि जन जन तक पहुंच रही है जनकल्याणी योजनाएं। सभा को संबोधन अवधेश सिंह,संजय सिंह, अंबुज शाही, कुंदन जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख तरकुलवा रामअशीष गुप्ता, रणधीर सिंह आदि ने संबोधित किया।मंच संचालन दुष्यंत राव के द्वारा किया गया। अतिथि स्वागत गीत आगंनबानी क्राडिनेटर नीरज पाण्डेय के द्वारा प्रस्तुत किया गया। उक्त अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान जयंत राव,दिवाकर राव, रवि प्रताप सिंह, ए डी ओ पंचायत हरे राम चौहान,ग्राम प्रधान नौशाद आलम, जय सिंह, सचिव सतीश चौहान आदि लोग उपस्थित थे। उक्त अवसर पर गर्भवती महिला को गोद भराई व बच्चों को अन्नप्रासन संस्कार किया गया। प्राथमिक विद्यालय के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।सबके आगमन पर ग्राम प्रधान नौशाद आलम के द्वारा बधाई दिया गया और सभा का समापन की घोषणा की गई।

## जरूरतमंदों की सरकार मदद करने के लिये हमेशा तैयार: विधायक



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सरकार गरीब तबके के लोगो के मदद के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ भी समाज के हर वर्ग को मिल रहा है।

कड़ाके की ठंड देखते हुए सरकार ने गरीब तबके के लोगो को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण के साथ साथ जगह जगह अलाव की व्यवस्था कराने का निर्देश जिम्मेदारो को दे रखे है। प्रशासन द्वारा सरकार के निर्देश का अमल की कराया जा रहा। जिससे गरीब और असहाय लोगो को ठंड से बचाया जा सके। उक्त बातें विधायक खजनी श्रीराम चौहान ने सहजनवा ब्लाक के गंगटही टोला मदरिया में गरीब और असहाय के बीच कंबल वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि लोगो को संबोधित करते कही। विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी न्यायिक खजनी दीपक गुप्ता ने कहा की कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए तहसील प्रशासन द्वारा गरीब और असहाय की हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि विजय पांडेय संचालन संजय मिश्र ने किया।

इस दौरान नायब तहसीलदार राम सुरज, कानूनगो राममिलन प्रजापति, प्रधान अजय सिंह, विवेक चौधरी, गंगा प्रसाद, अभिमन्यु सिंह, उमेश यादव, आनंद यादव सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## मूलभूत सुविधा मिलना सभी का हक: सांसद

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि देश में कोई भी व्यक्ति गरीब ना रहे और सबको बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, इसी उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा देश के हर गांव व नगरों के वार्ड में पहुंचकर पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का हकदार बनाने का कार्य कर रही है।

उक्त वक्तव्य सदर सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी ने बैतालपुर विकास खण्ड के ग्राम सभा भरौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौपाल को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी रथयात्रा आने का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्ति को योजनाओं से आच्छादित करना है। भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लक्ष्य अपने हाथ में लिया है। इसमें भारत के प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों का जीवन स्तर ऊंचा होने से भारत सहज ही विकसित राष्ट्र बनेगा। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं को वंचित वर्ग तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

कहा कि गरीब व्यक्ति का जीवन स्तर ऊंचा उठाकर भारत को विकसित बनाया जा सकता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी जी की गारंटी गाड़ी जन-कल्याणकारी योजनाओं को लेकर लाभार्थियों के द्वार तक पहुंच रही है। विधानसभा क्षेत्र देवरिया सदर के बैतालपुर मंडल के ग्राम सभा विक्रमपुर बाँसपार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सदर डा सत्यप्रकाश मणि ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें विस्तृत जानकारी दी तथा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर संकल्प दिलाया। तथा इसी कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद मेरठ, बस्ती, चन्दौली, महोबा एवं बाराबंकी के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद कर रहे उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज को भी सुना। कार्यक्रम में मा जिलाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री निवास मणि त्रिपाठी, भाजपा युवा मोर्चा गोरखपुर क्षेत्रीय मंत्री श्री रंजीत सिंह, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, श्री अरविन्द पाण्डेय, श्री संजय तिवारी सहित भाजपा के पदाधिकारीगण तथा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र, धनुषधारी मणि, राधेश्याम शुक्ल, कृष्ण कुमार उपाध्याय खंड विकास अधिकारी राजीव कुमार गुप्त आदि उपस्थित रहे।

## खड्डा थाने की जीप अनियंत्रित होकर दुकान में घुसी, तीन घायल

अवधनामा संवाददाता



**खड्डा, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के बंजारीपट्टी नहर पुल चौराहे पर मंगलवार को खड्डा पुलिस की सरकारी जीप अनियंत्रित होकर एक दुकान में घुस गई। जिसमें एक किशोर सहित दो वृद्ध व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस व स्थानीय लोगों में झड़प हो गई। किसी तरह पुलिस जीप को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। जबकि घायलों को सीएचसी तुर्कहां इलाज हेतु भर्ती कराया। बता दें कि खड्डा थाना क्षेत्र के लोहिया नगर निवासी 20 वर्षीय गोलू उर्फ अभिषेक यादव बंजारीपट्टी नहर के पास नए वर्ष पर पिकनिक मनाने के दौरान नहर में गिरकर लापता हो गया था। जिसे ढूंढने के लिए एसडीआरएफ टीम आई थी। मंगलवार को खड्डा थाने की सरकारी जीप भी घटना स्थल पर की गई थी, लौटते समय बंजारी पट्टी चौराहे पर अनियंत्रित होकर एक साईकिल की दुकान में जा घुसी। इस दौरान दुकानदार मुन्ना 55 वर्ष, अमरीश 12 वर्ष निवासी सोनबरसा व संवरू 60 वर्ष निवासी करदह घायल हो गए। इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से पुलिस को सामना करना पड़ा। दुकान में घुसे जीप को निकाला गया और घायलों को सीएचसी तुर्कहां ले जाया गया। इस संबंध में एसएचओ नीरज कुमार राय ने बताया कि वाहन अनियंत्रित हो गई थी तीन लोग घायल है जिनका इलाज जारी है।

## सर्द रात में रतजगा कर फसल की रखवाली कर रहे किसान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कड़ाके की सर्दी के बीच किसान रतजगा कर अपने फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। जिले के गांव और नगर में आवारा पशुओं का कहर कम नही हो रहा है।ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह आवारा पशु झुंड के झुंड नज़र आते हैं कहीं-कहीं तो इनकी संख्या बहुत ज्यादा रहती है। रात के समय ज्यादातर आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर ही देखा जा रहा है। जिससे आवागमन भी पूरी तरीके से बाधित हो जाता है इन्हीं आवारा पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है।कड़ाके की सर्दी में किसानों को रात-रात भर जागकर अपनी फसलों की सुरक्षा इन आवारा पशुओं से करनी पड़ रही है इन सभी समस्याओं से जूझ रही आम जनता की बातों को कोई भी सुनने वाला नहीं है।जिम्मेदार इन समस्याओं से मुंह फेरते नजर आते है जो की चिंता का विषय है।अन्नदाता विभिन्न तरह की समस्याओं से घिरा हुआ है और शासन प्रशासन मूक़ दर्शक बने हैं। किसान आए दिन आवारा पशुओं की समस्याओं को समय समय पर उठाते हैं फिर भी किसानों की इस बड़ी समस्या को नजरअंदाज किया जाता है।कुछ दिन पूर्व इन आवारा पशुओं को संरक्षित करने का अभियान चला लेकिन वह पूरी तरह सफल नहीं हो सका लिहाजा इनकी समस्या आज भी बरकरार है।

## विद्यालय का मान्यता मिलने पर क्षेत्रीय लोगों में खुशी

**खड्डा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत श्रीमती ज्ञानती देवी कन्या इंटरमीडिएट कालेज जुड़ाछपरा विद्यालय का हाई स्कूल का मान्यता माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर से मिलने पर क्षेत्र के अभिभावकों एवं बुद्धिजीवी वर्गों मे खुशी देखी जा रही हैं। लोगों का कहना है कि इस पिछले इलाके मे मान्यता मिलना हम सभी का गर्व की बात है। बताते चलें कि क्षेत्र के इस इलाके के बच्चे हो या बच्चियां सभी को अपनी पढ़ाई करने के लिए काफी दूर जाना पड़ता था या पहले से संचालित निजी तथा वित्तविहीन विद्यालय के रूप मे प्राथमिक स्तर के छात्रों को शिक्षा प्राप्त होती थी। अब इस विद्यालय को माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर से हाई स्कूल का मान्यता मिलने पर क्षेत्रीय विद्यार्थियों एवं अभिभावकों मे खुशी की लहर है। क्षेत्र के संतोष गुप्ता, मोहन गुप्ता, अखिलेश, मोइनुद्दीन अंसारी, गोल्डेन शुक्ला, मार्कण्डेय आदि दर्जनों अभिभावकों ने बताया कि अब विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए आठ विषय का मान्यता मिला है। अब बच्चों को अपनी पढ़ाई के लिए कहीं दूर भटकना नहीं पड़ेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य सीमा सिंह, संचालक अखिलेश्वर सिंह ने बताया कि विद्यालय को अग्रसर होना जनता की स्नेह और प्यार है। विद्यालय की मान्यता मिलने पर हजरत अली, धर्म देव प्रसाद, विनय, हरी केश, अनूप, शबनम, अफसाना, राजकुमार आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी है।

## वैश्विक पटल पर केले के उत्पादों को मार्केटिंग बिजनेस प्लान के तहत डेवलप करें: डीएम

अवधनामा ब्यूरो



- केले की खेती को उद्योग के रूप में विकसित करना मुख्य उद्देश्य
- केला के उत्पादन और उद्योग के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कृषकों के साथ बैठक

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में केला कृषकों के साथ वृहद उत्पादन और उद्योग के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत जिला उद्यान अधिकारी द्वारा जनपद में केले की खेती के क्षेत्रफल, आय-व्यय एवं केले के कृषकों की समस्याओं पर विवरण दिया गया।

बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ डीवी सिंह द्वारा जनपद में केले के पौधो में होने वाले पनामा विल्ट रोग पर कृषकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, साथ ही लागत को कम करने हेतु ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग के प्रयोग एवं जैविक खेती के महत्व को बताया गया। बैठक में उपस्थित पूर्व वैज्ञानिक एवं प्रगतिशील कृषक डॉ प्रमोद कुमार दीक्षित द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर उनके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही केले के निर्यात संबंधी जानकारी भी कृषकों को दी गई। नव बोधि एग्री सॉल्युशन से तुहीन श्रीवास्तव द्वारा बैठक में ऑनलाइन प्रतिभाग करते हुए केले के उप-उत्पादों यथा अचार, आटा, कपडे, टाइल्स, सैनिटरी पैड्स, गहने, चिप्स आदि के बारे में जानकारी दी गई एवं प्रदर्शन किया गया। संस्था द्वारा निर्मित उत्पादों को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा उनकी प्रशंसा करते हुए कहा की कुशीनगर जनपद में केले से बने उप उत्पादों को बढ़ावा देना है। वैश्विक पटल पर केले के उत्पादों को मार्केटिंग बिजनेस प्लान के तहत पूरा प्लान डेवलप करें। बिजनेस प्लान की सख्त आवश्यकता है। इसके लिए कृषकों का समूह बनाना होगा, एक समूह बीज बोने और पौध का रोपण का कार्य करेगी, दूसरा समूह प्राकृतिक खाद, आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी तथा तीसरा समूह उसके पैकेजिंग से लेकर मार्केटिंग का कार्य करेगी। विस्तृत प्लान तैयार कर प्राकृतिक खाद का उपयोग करते हुए हम गुणवत्तापूर्ण प्रत्येक केले के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाते हुए उद्योग के रूप में विकास कर सकते है। इसके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने हेतु जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा की केले की खेती व कृषि को उद्योग के रूप में विकसित कर किसानों को प्रगतिशील बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

## जिले की 13 न्याय पंचायतों में हुआ दिव्यांग शिविर का आयोजन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि सांसद के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा चिकित्सीय टीम गठित करते हुए समस्त न्याय पंचायतों में दिव्यांग शिविर का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि 2 जनवरी 2024 को सामु0स्वा0केन्द्र अमेठी के कोरारी गिरिधरशाह सामु0स्वा0केन्द्र संग्रामपुर के सहजीपुर सामु0स्वा0 केन्द्र भादर के त्रिसुण्डी सामु0स्वा0केन्द्र शाहगढ़ के पलिया सामु0स्वा0 केन्द्र जामों के दक्खिनवारा सामु0स्वा0केन्द्र गौरीगंज के गुलालपुर व रौजा सामु0स्वा0केन्द्र तिलोई के रमई सामु0स्वा0केन्द्र फुरसतगंज के बसौनी व निगोहा सामु0स्वा0केन्द्र जगदीशपुर के बाबा खाकी साहेब हारीमऊ एवं सामु0स्वा0केन्द्र बाजार शुकुल के बाहरपुर तथा सामु0स्वा0केन्द्र मुसाफिरखाना के भनौली में सम्बन्धित चिकित्सक फार्मासिस्ट/ऑप्टोमेट्रिस्ट एवं वार्ड ब्वाय/एल0ए0 की टीम द्वारा प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया एवं मौके पर ही दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 03 जनवरी 2024 को सामु0स्वा0केन्द्र अमेठी के रामदैयपुर सामु0स्वा0 केन्द्र संग्रामपुर के टेंगहा सामु0स्वा0केन्द्र भादर के इस्मालपुर सामु0स्वा0 केन्द्र शाहगढ़ के बहोरखा सामु0स्वा0केन्द्र जामों के हरगॉव सामु0स्वा0 केन्द्र गौरीगंज के तुलसीपुर व भटगवा सामु0स्वा0केन्द्र तिलोई के शाहमऊ सामु0स्वा0केन्द्र फुरसतगंज के तेंदुवा व ओदारी सामु0स्वा0केन्द्र जगदीशपुर के प्राथमिक पाठशाला रंकापुर एवं सामु0स्वा0केन्द्र बाजार शुकुल के किशनी तथा सामु0स्वा0केन्द्र मुसाफिरखाना के रसूलाबाद न्याय पंचायतों में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## केक काटकर मनाया गया स्वामी का जन्मदिन, वितरण किया कंबल

अवधनामा ब्यूरो




स्वामी प्रसाद मौर्य के चित्र को केक खिलाते

**कुशीनगर।** पडरौना नगर के कठकुईयां मोड़ स्थित गुप्ती शहीद मर्द शाह रहमतुल्लाह के मजार पर पूर्व कैबिनेट मंत्री, सपा के कद्दावर नेता व वर्तमान एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया साथ ही गरीबों में कंबल वितरण भी किया गया।

मंगलवार को 11 बजे स्वामी प्रसाद मौर्य के चाहने वालों द्वारा गुप्ती शहीद मर्द शाह बाबा के बारगाह में हाजिरी लगाते हुए चादरपोशी के बाद उनके दीर्घायु की कामना के लिए दुआ मांगी गई। इस मौके पर सपा नेता हैदर अली राईनी ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य जैसा नेता बिरले पैदा होते हैं, ये समाज के हर वर्ग के लिए कार्य करते हैं और बिना किसी भेदभाव के विकास की चौमुखी गंगा बहाते हैं। यही कारण है कि श्री मौर्य को हर वर्ग पसंद करता है। कार्यक्रम के आयोजक बेचू खाने ने कहा कि प्रत्येक वर्ष यहां पर स्वामी प्रसाद मौर्य का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है एवं गरीबों में कंबल वितरण किया जाता है।

इस मौके पर आयोजन समिति की ओर से लाए गए केक काटकर श्री मौर्य का जन्मदिन जन्मदिन मनाया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य व दीर्घायु की कामना की गई। अंत में गरीबों में कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर कुद्दूस अंसारी, मुस्तफा अंसारी, डा खुर्शेद, दिनेश चौधरी, राम लखन यादव, विशुनी वर्मा, वसीम खान, ग्राम प्रधान रफीक अंसारी, हंसराज कुशवाहा, जमशेद खां, जाकिर शाह, रिंकू खां, साकीर खां, परवेज खान, अहमद राईनी, आफताब सिद्दीकी, निसार अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रक चालकों की हड़ताल का बाजार पर भी दिखने लगा असर

**अमेठी।** सड़क दुर्घटना के नए कानून को लेकर ट्रक चालकों की हड़ताल का असर बाजार पर भी दिखाई देने लगा है। लोग जरूर के सामानों को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। सोमवार को नए वर्ष के पहले ही दिन ट्रक चालकों की हड़ताल से लोगों को रूबरू होना पड़ा। जिसका असर चारों तरफ दिखाई देने लगा है शाम को बाजार में लोग जरूरी सामान की खरीद करने के लिए उमड़ पड़े। वहीं आलू सहित विभिन्न सामानों के दाम एक ही दिन में काफी बढ़ गए।आलू टमाटर मटर सहित कुछ सब्जियों और फलों के दाम पहले ही दिन महंगे होने लगे। वही मंगलवार को विभिन्न पेट्रोल पंपों पर इसका असर नजर आया। दिखाई पड़ा कि लोग कुछ अतिरिक्त पेट्रोल अपने वाहनों में भरवा रहे हैं।कुछ पेट्रोल पंप पर मौजूद सेल्समैन यह बता रहे थे कि यदि हड़ताल लंबी चली तो ईंधन की समस्या भी पेट्रोल पंपों पर हो सकती है। इसे लेकर लोग सकते में नजर आ रहे हैं। बाजारों में विभिन्न जरूरत की वस्तुओं की खरीददारी लोग करते नजर आ रहे हैं।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को एमपी शिक्षा परिषद की बड़ी पहल

अवधनामा संवाददाता

- 1150 महिलाओं को आज से प्रशिक्षित कर मुफ्त दी जाएगी सिलाई मशीन
- जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स लिमिटेड कानपुर द्वारा प्रायोजित, सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

**गोरखपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद ने एक बड़ी पहल की है। शिक्षा परिषद की तरफ से 1150 महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का निशुल्क प्रशिक्षण देकर उन्हें मुफ्त सिलाई मशीन वितरित की जाएगी।

यह कार्यक्रम जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स लिमिटेड कानपुर द्वारा प्रायोजित सिंगर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से होगा। इसमें एमपी शिक्षा परिषद की कई संस्थाएं जैसे महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी कॉलेज) जंगल धूसढ़, महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस, योगी गंभीरनाथ सेवाश्रम, महाराणा प्रताप कृषक इंटर कॉलेज जंगल धूसढ़, महाराणा प्रताप कन्या इंटर कॉलेज व महाविद्यालय रमदत्तपुर महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगी। एमपी शिक्षा परिषद अध्ययन की गुणवत्ता के साथ सामाजिक सरोकारों के निवर्हन को भी तत्पर रहता है। इसके लिए अनेक प्रकल्पों के जरिये सतत कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इसी क्रम में महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय (एमपीपीजी कॉलेज) जंगल धूसढ़ गोरखपुर का मिशन मंझरिया भी ऐसे कार्यक्रमों का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस मिशन के तहत मंझरिया गांव को गोद लेकर कॉलेज की तरफ से शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता को लेकर लगातार कार्यक्रम चलाए जाते हैं। महिलाओं की आत्मनिर्भरता को लेकर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की नई पहल के बारे में एमपीपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने बताया कि यह कार्यक्रम उन्नत भारत ग्राम अभियान एवं मिशन शक्ति के तहत होगा। इसमें जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स लिमिटेड कानपुर के सहयोग से सिंगर इंडिया लिमिटेड द्वारा निशुल्क सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित महिलाओं को जेके अर्बनसेप्स डेवलपर्स लिमिटेड द्वारा निशुल्क सिलाई मशीन दी जाएगी। कुल चयनित 1150 महिला प्रशिक्षार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के इस अभियान के तहत 3 जनवरी से 9 जनवरी तक सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। निशुल्क सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण चार केंद्रों के अंतर्गत 10 स्थानों पर दिया जाएगा। एमपीपीजी कॉलेज केंद्र के अंतर्गत हसनपुर गांव और कॉलेज द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। योगिराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम- 1 केंद्र के अंतर्गत मंझरिया और बड़ी रेतवहिया गांव, सेवाश्रम-2 केंद्र के तहत महाराणा प्रताप कृषक इंटर कॉलेज जंगल धूसढ़, छोटी रेतवहिया व चतुर्थ श्रेणी कमर्चारी तथा महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस केंद्र के तहत इस कॉलेज, महाराणा प्रताप कन्या इंटर कॉलेज रमदत्तपुर व गुरु श्री गोरक्षनाथ विद्यापीठ भरोहिया पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। 15 से 40 वर्ष तक की बालिकाओं और महिलाओं के लिए इस प्रशिक्षण की अवधि प्रतिदिन दो घंटे की होगी।

## परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने संभाला कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) का पदभार

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राष्ट्र के विशालतम विद्युत संयंत्र विंध्याचल में श्री ई सत्य फणि कुमार नें पदोन्नति के उपरांत कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) का पदभार ग्रहण किया। श्री ई सत्य फणि कुमार इससे पूर्व एनटीपीसी विंध्याचल में ही बतौर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) के रूप में पदस्थ थे।

श्री ई सत्य फणि कुमार ने जुलाई 1988 में आंध्र यूनिवर्सिटी, विशाखापट्टनम से ईलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग मे बी. टेक. करने के बाद फरवरी 1989 में कार्यपालक प्रशिक्षु के रूप मे पीएमआई नोएडा में प्रारंभिक प्रशिक्षण किया । तत्पश्चात श्री ई सत्य फणि कुमार ने मार्च, 1990 में एनटीपीसी रामगुंडम थर्मल पावर प्लांट से अपने कैरियर की शुरुवात की। रामगुंडम में 28 वर्ष की सेवा देने के बाद एनटीपीसी की लारा परियोजना के विभिन्न विभागों मे अपनी उल्लेखनीय सेवाएँ दीं। नवम्बर 2021 में, उन्हें एनटीपीसी विंध्याचल के महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण)के रूप में नियुक्त किया गया था। तत्पश्चात सितम्बर, 2022 को एनटीपीसी विंध्याचल में ही मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) के रूप मे पदभार ग्रहण किया। बहुत ही हर्ष की बात है कि दिनांक 01.01.2024 को नववर्ष के अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) से पदौन्नति उपरांत कार्यकारी निदेशक का पदभार मिला। श्री ई सत्य फणि कुमार थर्मल पावर स्टेशनों की कमीशनिंग के साथ-साथ, प्रचालन एवं अनुरक्षण गतिविधियों में दक्ष अभियंता के रूप में जाने जाते हैं। मूलतः आंध्रप्रदेश से वास्ता रखने वाले श्री ई सत्य फणि कुमार सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों मे सक्रिय सहभागिता के साथ-साथ नैगम सामाजिक दायित्व के क्षेत्र मे भी अपनी दिलचस्पी रखते हैं।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने व घटाने की प्रक्रिया का डीएम ने रेण्डम आधार पर किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह ने अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-दावें और आपत्तियों से सम्बन्धित फार्मों की सुपरचेकिंग के तहत आज बी0आर0सी0 सेन्टर राबर्ट्सगंज का निरीक्षण किया, इस दौरान जिलाधिकारी ने बी0आर0सी0 सेन्टर में फीडिंग के लिए मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घटाने, अपमार्जित करने हेतु आये आवेदन पत्रों का बूथवार रखें गये फार्मों का निरीक्षण किये।

जिलाधिकारी ने फार्मों के निरीक्षण के दौरान वेबसाइट पर फिड गये आवेदन पत्रों का कम्प्यूटर पर खुद मिलान कर स्थिति का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने तहसीलदार राबर्ट्सगंज व बी0आर0सी0 को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाताा सूची में नाम सम्मिलित करने, हटाने, अपमार्जित करने व स्थानान्तरण सम्बन्धी प्राप्त आवेदनों पत्रों का रख-रखाव बेहतर तरीके से किया जाये, इसमें लापरवाही व शिथिलता न बरती जायें। जिलाधिकारी ने फीडिंग के लिए आये आवेदन पत्रों को स्वयं अवलोकन किया और इसके सम्बन्ध में गहनता पूर्वक जानकारी हासिल करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने मतदाता सूची में नाम दर्ज किये जाने की प्रक्रिया का रेण्डम के आधार पर भी निरीक्षण किये। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने भ्रमणशील रहकर अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-दावें और आपत्तियों से सम्बन्धित फार्मों की सुपरचेकिंग के तहत राबर्ट्सगंज तहसील के विभिन्न वार्डों में मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने व घटाने की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मतदाताओं के घर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, घटाने, अपमार्जित करने हेतु किसी प्रकार की हो रही समस्या के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और किसी प्रकार की समस्या होने पर सूचना/शिकायत दर्ज कराने को कहा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री सुभाष चन्द्र यादव, तहसीलदार राबर्ट्सगंज श्री सुनील कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जगरूप पटेल, निर्वाचन कार्यालय के श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**मौदहा हमीरपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में हुई अधेड़ की मौत के मामले में पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच कर रही हैं जबकि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आने की बात कही जा रही है जबकि मामले को स्वाभाविक मौत से भी जोड़कर देखा जा रहा है। मंगलवार की सुबह बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम महेरा निवासी चंद्रकली पत्नी तुलाराम ने बिंवार पुलिस को सूचना दी कि उसके भतीजे चरन सिंह (50) पुत्र सुखईया का शव घर के आंगन में पड़ा है और उसकी मौत हो चुकी है। सूचना पर तत्काल प्रभाव से पहुंची थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच की और शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घटना की सभी एंगल से जांच शुरू कर दी है।इस सम्बंध में थाना प्रभारी बिंवार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चल सकती है फिर भी जांच की जा रही है।

# एआरटीओ ने की वार्ता सहयोग की अपील



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** हिट एंड रंन कानून के विरोध में 1 से 30 जनवरी तक ट्रक चालकों और अन्य चालकों के द्वारा हड़ताल की जा रही है। इससे परिवहन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मंगलवार को एआरटीओ परिवहन शंकर सिंह ने ट्रक आपरेटर यूनियन संगठनों से वार्ता की और सहयोग करने की अपील की है। बैठक के दौरान एआरटीओ शंकर सिंह ने ट्रक बस आपरेटर यूनियन और संगठन के पदाधिकारियों के साथ बातचीत की। बताया कि अभी उत्तर प्रदेश में हिट एंड रन कानून के प्रावधान लागू नहीं हैं। इसलिए आम जनमानस की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए सहयोग करें और हड़ताल बंद करते हुए वाहनों का संचालन करें। एआरटीओ ने सभी से सहयोग की अपील की है। गौरतलब हो कि हिट एंड रन कानून के विरोध में 1 से 30 जनवरी तक ट्रक चालकों के द्वारा हड़ताल की घोषणा की गई है। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबन्धक, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, बस यूनियनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सहयोग की अपील की गई है।

# पाइप्ड नेचुरल गैस जागरूकता अभियान का डीएम द्वारा फीता काटकर किया गया शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह ने आज रामलीला मैदान, रॉबर्ट्सगंज में गेल गैस लिमिटेड द्वारा पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। गेल गैस लिमिटेड महारत्न गेल (इंडिया) लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और इसे मिर्जापुर, चंदौली और सोनभद्र जिलों में सिटी गैस वितरण परियोजना को लागू करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पी.एन.जी. आर.बी.) द्वारा अधिकृत किया गया है। यह कार्यक्रम रॉबर्ट्सगंज में पाइप्ड नेचुरल गैस की शुरुआत के लिए आधारशिला के रूप में चिह्नित किया गया। पाइप्ड नेचुरल गैस (पी.एन.जी) नए युग का ईंधन है जिसकी आपूर्ति घरों, वाणिज्यिक इकाइयों और उद्योगों को पाइपलाइनों के माध्यम से की जाती है। पी.एन.जी एक पर्यावरण अनुकूल ईंधन है जो अन्य ईंधनों की तुलना में स्मार्ट, सुरक्षित, कुशल और अधिक किफायती है। पी.एन.जी.आर.बी. के माध्यम से भारत सरकार ने वर्तमान में 95: आबादी और 88: क्षेत्र को कवर करने वाली शहरी गैस वितरण परियोजना को लागू करने के लिए देश भर में कई संस्थाओं को अधिकृत किया है। सिटी गैस परियोजना के सफल कार्यान्वयन से भारत के ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी 6: से बढ़ाकर 15: करने के सरकार के मिशन को समर्थन मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रारंभ होने पर नागरिकों को सिलेंडर बुकिंग का झंझट, सिलेंडर खत्म होने की चिंता से मुक्त अनुभव के लिए स्मार्ट ईंधन अपनाने का आग्रह किया, गेल गैस लिमिटेड के प्रभारी अधिकारी ने पीएनजी कनेक्शन के सुरक्षा पहलुओंएवं कनेक्शन प्राप्त करने के लिए विभिन्न योजनाओं और पंजीकरण प्रक्रिया को साझा किया। प्राकृतिक गैस हवा से हल्की होती है जो तेजी से विलीन हो जाती है और इसे एक सुरक्षित ईंधन बनाती है। रॉबर्ट्सगंज के निवासी क्षेत्र में गेल गैस लिमिटेड द्वारा आयोजित पंजीकरण शिविरों के माध्यम से पीएनजी कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं या उपभोक्ताओं के पास गेल गैस लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट www.gailgas.com के माध्यम से खुद को पंजीकृत करने का विकल्प भी है।

# हिट एंड रन कानून का विरोध तेज, दूसरे दिन भी हड़ताल जारी

अवधनामा संवाददाता



- ट्रक चालकों ने जाम रखा चक्का, नारेबाजी कर जताया विरोध
- रोडवेज कर्मियों ने भी जताया विरोध, मची रही अफरा-तफरी

**बांदा।** हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक चालकों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रही और ट्रकों की लंबी लाइन लगी रही। रोडवेज कर्मियों ने भी विरोध जाहिर करते हुए काम पर ब्रेक लगाए रखा। इससे यात्रियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तमाम रोडवेज बसें डिपो में ही खड़ी नजर आई। परिवहन निगम अधिकारियों का कहना है कि चालक और परिचालक काम में आनाकानी कर रहे हैं। इधर, मंगलवार को वाहन चालक मालक सामाजिक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर हिट एंड रन कानून को वापस किए जाने की मांग की है।

हिट एंड रन कानून के विरोध में रोडवेज बस चालकों ने अघोषित हड़ताल शुरू करते हुए चक्का जाम कर दिया था। मंगलवार को दूसरे दिन भी रोडवेज बसें डिपो में ही खड़ी रहीं। इससे मुसाफिरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। डग्गामार वाहनों में मुसाफिरों ने मजबूरन सफर किया, इस दौरान उनसे अधिक किराया भी वसूल किया गया। नए कानून के विरोध में रोडवेज बस और ट्रक चालकों ने मवई बाईपास के पास विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी किया। चेतावनी दी कि यदि इस नए कानून को वापस नहीं लिया गया तो आर-पार की लड़ाई लड़ने से गुरेज नहीं किया जाएगा।

पुलिस ने किसी तरह से समझाकर सभी चालकों को वहां से हटाया। प्रदर्शन करने वाले चालकों का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सरकार ने हिट एंड रन के कानून में बदलाव किया है। चालकों के दोषी पाए जाने पर पहले दो वर्ष की सजा थी, लेकिन अब अगर हादसे के बाद घायल को अस्पताल नहीं पहुंचाया, अस्पताल और मजिस्ट्रेट को सूचना न देने पर दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष की सजा और सात लाख रुपए का जुर्माना भरना होगा। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि यतदि हादसे के बाद रुके तो भीड़ उन्हें जिंदा नहीं छोड़ेगी। इसलिए उन्हें घटनास्थल से भागना मजबूरी है। चालकों का कहना है कि जब तक कानून वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इधर, वाहन चालक मालक संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कहीं पर भी दुर्घटना घटित होने पर मौके से अगर चालक उसे अपने हाल में छोड़कर चला जाता है तो उसको पांच लाख का जुर्माना व 10 वर्ष की सजा का प्राविधान रखा गया है, जो कि चालकों के साथ सरासर अन्याय है। संघ पदाधिकारियों ने कानून को वापस लिए जाने की मांग की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार के अलावा अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### आपूर्ति में आएगी दिक्कत

ट्रक चालकों की हड़ताल की वजह से आवश्यक सामग्री की आपूर्ति में दिक्कत आने लगी है। चालकों का कहना है कि हिट एंड रन कानून को जब तक वापस नहीं किया जाएगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। खास बात यह है कि बाहरी जिलों से शहर में आने वाली तमाम आवश्यक सामग्रियां ट्रक के जरिए लाई और भेजी जाती हैं, अलबत्ता हड़ताल की वजह से दिक्कतें होना स्वाभाविक है। इसके साथ ही मंडी समितियों में खाद और अन्य सामग्री की आपूर्ति में भी बाधा उत्पन्न होने की संभावना प्रबल हो गई है।

### ट्रेन और डग्गामार वाहन ही बचे सहारा

हिड एंड रन कानून से डरे सहमे चालक स्टेयरिंग थामने को तैयार नहीं हो रहे हैं। बस चालक हो या फिर ट्रक चालक, सभी कानून वापस लिए जाने की मांग कर रहे हैं। इसके चलते आवागमन में मुसाफिरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को डग्गामार वाहनों के सहारे ही लोगों से सफर किया। निजी वाहन चालक अपने वाहन दौड़ाते नजर आए। मुसाफिर रेलवे स्टेशनों की ओर भी रुख कर रहे हैं।

### रीजन में 60 प्रतिशत दौड़ रही रोडवेज बसें

चित्रकूटधाम मंडल रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को जरूर बस चालकों ने तमाम भ्रांतियों की वजह से आनाकानी की थी। देर रात तक परिवहन निगम के एमडी के द्वारा दिए गए निर्देशों और बातचीत के बाद सभी चालक और परिचालकों को जानकारी सर्कुलेट की गई। इसके बाद मंगलवार की सुबह से रीजन की तकरीबन 60 प्रतिशत बसें रूट पर भेजी गई हैं। आरएम ने बताया कि किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है, मुसाफिरों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए चालक और परिचालक बसें लेकर रूट पर रवाना हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरएम आफिस में एक कंट्रोल रूम भी बना दिया गया है, जिससे बस को रूट पर रनअप के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। आरएम ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक और बाबूलाल चौराहे पर मंगलवार की सुबह बस को रोकने का प्रयास किया गया, इस पर उन्होंने सीओ सिटी से बात की और बस को रूट पर भेजा गया।

# कलेक्ट्रेट के आवासीय परिसर में निर्माणाधीन पार्क का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह द्वारा आज नगर पालिका परिषद सोनभद्र के अम्बेडकर नगर वार्ड में निर्माणाधीन नाली का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि नाली निर्माण में प्रयोग की जाने वाली ईट की गुणवत्ता काफी खराब पायी गयी और नाली के कार्य में बालू के स्थान पर भस्सी का प्रयोग कर ईट के जोड़ाई का कार्य किया जा रहा था, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नाली के निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दियें और नाली निर्माण में प्रयोग की जाने वाली सामग्री की जॉच हेतु सेम्पल एकत्रित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित कियें।

इस दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) को निर्देशित करते हुए कहा कि नाली निर्माण में प्रयोग किये जा रहे सामग्री की गुणवत्ता की जॉच करायी जाये और इस कार्य में लापरवाही व शिथिलता बरतने वाले अधिकारी/कान्ट्रेक्टर की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इसी प्रकार से जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के आवास कालोनी में निर्माणाधीन पार्क का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान पार्क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहतर नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने पी0ओ0 डूडा को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये और निर्माण कार्य में तेजी लायी जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जायें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री सुभाष चन्द्र यादव, तहसीलदार राबर्ट्सगंज श्री सुनील कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जगरूप पटेल, निर्वाचन कार्यालय के श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## प्रेमिका ने फांसी लगाकर दी जान

**बांदा।** नजदीकी रिश्तेदार और कथित प्रेमी ने प्रेमिका का अश्लील वीडियो रिश्तेदारों के साथ ही वर पक्ष के यहां वायरल कर दिया। वर पक्ष ने वीडियो देखा तो युवती की शादी तोड़ दी। इससे परेशान होकर युवती ने सोमवार की देर शाम कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव मे रहने वाली 24 वर्षीय युवती का उसके नजदीकी रिश्तेदार से चार माह से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कथित प्रेमी और प्रेमिका लुक-छिपकर मिलते थे। इसी दौरान प्रेमी ने प्रेमिका का अश्लील वीडियो बना लिया था। वीडियो बनाने के बाद युवक ने उस अश्लील वीडियो को सभी रिश्तेदारों के यहां भेज दिया। युवती की शादी जहां तय की गयी थी, वहां भी युवक ने अश्लील वीडियो भेज दिया। वीडियो देखते ही वर पक्ष ने वधू पक्ष के लोगों को फोन किया और शादी करने से इनकार कर दिया। इसी से परेशान होकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# कुछ दिन और चला हड़ताल तो फल सब्जी तेल के बढ़ेंगे जाएंगे दाम



अवधनामा ब्यूरो

**राबर्ट्सगंज।** राबर्ट्सगंज रोडवेज डिपो परिसर में दूसरे दिन मंगलवार को भी चालक परिचालक द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए जताया गया मोटर एक्ट नए कानून का विरोध प्रदर्शन विरोध प्रदर्शन करते हुए समर बहादुर यादव रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष व विजय प्रताप सिंह रोडवेज कर्मचारी संघ अध्यक्ष द्वारा बताया गया की मोटर एक्ट के नए कानून को वापस लिया जाए जिससे कि चालक पर चालक सहित अन्य वाहन स्वामियों को इससे छुटकारा मिल सके या एक्ट पूरी तरह से चालक परिचालक सहित वाहन स्वामियो के खिलाफ एक्ट बनाया गया है जो की सही नहीं है इसके विरोध में दूसरे दिन भी कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर की गई वहीं बता दें कि हड़ताल वह जगह-जगह ट्रक चालकों वाहन चालकों द्वारा विरोध प्रदर्शन से जिले में आयात निर्यात के संसाधन हुए बाधित सब्जी फल वह तेल के दामों में हड़ताल रहे जारी तो हो सकती है बढ़ोतरी। वही कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने बताया कि मांगे पूरी नहीं हुई तो कर्मचारी संघ हड़ताल निरंतर करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी संबंधित शासन प्रशासन की होगी।

## नम आंखों से दी गई विदाई



**मौदहा हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** लगभग तीन दशक से अधिक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त होने पर सभी ने नम आंखों से विदाई दी। कस्बे के सरकारी अस्पताल में हाजरा बेगम और सितारा बेगम लगभग तीन दशक से अधिक अपनी सेवाएं देने के बाद साल के आखिरी दिन सेवानिवृत्त हो गई जिसके बाद मंगलवार को आयोजित एक सादे समारोह में दोनों को विदाई दी गई कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डा.रजत रंजन तिवारी ने की,बिदाई समारोह में सभी की आंखें नम हो गई इस दौरान डा.असलम, रामजीवन सोनी, शफीक अहमद,आशिक अली, अजय शिवहरे सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## ज्ञापन देकर दी आंदोलन की चेतावनी



**मौदहा हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** नये व्हीकल एक्ट के विरोध में जहां मालवाहक वाहनों के पहिए थम गए हैं तो वहीं कानून का खुलकर विरोध हो रहा है।जिसके चलते मंगलवार को भारत उद्योग व्यापार मण्डल के ट्रक और आटो यूनियन के मण्डल प्रभारी आसिफ कुरेशी ने एक दर्जन से अधिक चालकों के साथ राष्ट्रपति को सम्बोधित करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा गया है कि नये व्हीकल एक्ट के कारण जहां चालकों में भय और आक्रोश है तो वहीं इस काले कानून में दुर्घटना डण्ड में बढोत्तरी से चालक और उनके परिवार आहत हैं इसलिए सरकार को जनहित देखते हुए नये व्हीकल एक्ट को वापस ले अन्यथा चालक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस दौरान इस्तेयाक,वहीद, वसीम,निजाम, नवाब सहित अन्य चालक मौजूद रहे।

## मानसिक रोग स्वास्थ्य शिविर में 22 मरीजों का परीक्षण

**मौदहा हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 22 मरीजों का परीक्षण किया गया जिसमें नशे और मिर्गी के मरीजों की संख्या अधिक रही। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारत सरकार के मानसिक रोगों से मुक्ति के अभियान के तहत जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में कस्बे के सरकारी अस्पताल में वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मानसिक रोगों से ग्रस्त, तनाव ग्रस्त और मिर्गी तथा नशे के आदि 22 मरीजों का परीक्षण किया गया।सबसे बड़ी बात यह है कि इस शिविर में अधिक संख्या बच्चों की रही।इस दौरान जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से डा.मानसी, डा.प्रगति और डा.नीता सहित अन्य डाक्टरों की टीम मौजूद रही।जबकि डा.नीता ने बताया कि लगभग दो दर्जन मानसिक रोगियों का परीक्षण किया है और हम हमेशा एक ब्लाक में शिविर लगाते हैं जो इस बार मौदहा में लगाया गया है शिविर में नशे के आदि,मिर्गी सहित अन्य मामलों के मानसिक रोगियों का परीक्षण किया गया है।



## कस्बे में खत्म हुए पेट्रोलियम पदार्थ

**सुमेरपुर हमीरपुर अवधनामा संवाददाता।** नए व्हीकल एक्ट के विरोध में चक्का जाम होने का असर धरातल पर दिखने लगा है। मंगलवार को कस्बे के दोनों पेट्रोल पंपों में डीजल, पेट्रोल तथा गैस एजेंसी में गैस सिलेंडर खत्म होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ी है। वहीं चक्का जाम होने से रोजमर्रा की चीजों के दामों में अचानक इजाफा हो गया है। आलू, प्याज, अदरक, लहसुन के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। चक्का जाम का असर मंगलवार को साफ नजर आया। कस्बे के दोनों पेट्रोल पंपों में डीजल, पेट्रोल खत्म हो गया है। कस्बे की गैस एजेंसी में लोड न आने से गैस सिलेंडर भी खत्म हो गए हैं। इससे लोगों की मुसीबतें बढ़ी हैं वही चक्का जाम होने से रोजमर्रा की चीजों में इजाफा हुआ है। आलू 100 से 150 रुपए कुंतल, प्याज 250 से 300 रुपए कुंतल, अदरक में 150 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। लहसुन भी 150 रुपए तक महंगा हुआ है। टमाटर 50 रुपए कुंतल बढा है। वहीं नवीन गल्ला मंडी में आयात निर्यात ठप हुआ है। साथ ही मंडी के राजस्व में प्रतिदिन डेढ़ लाख का नुकसान हो रहा है। मंडी के व्यापारी कुंजबिहारी पांडे, राजू गुप्ता, श्यामबिहारी पांडे, विपिन गुप्ता आदि ने बताया कि प्रतिदिन 10 से 15 ट्रक माल बाहर जाता था। सोमवार से पूरी तरह से ठप है।

## केक काटकर किया गया नववर्ष 2024 का अभिनंदन



**सोनभद्र/विंध्याचल अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी-विंध्याचल में सीएसआर के अंतर्गत परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में चलाये जा रहे बालिका सशक्तिकरण अभियान 2023 की बालिकाओं के लिए शीतकालीन सत्र कार्यशाला दिनांक 01.01.2024 से 06.01.2024 तक सिंगरौली जिले की सरकारी विद्यालयों की 101 बालिकाओं हेतु आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शीतकालीन सत्र में भाग लेने वाली बच्चियों के साथ केक काटकर नववर्ष 2024 धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बालिकाएँ अत्यंत खुश दिखी। सभी बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और इसका भरपूर आनंद उठाया। साथ ही इस अवसर पर सभी बालिकाओं को बैग एवं स्टेशनरी किट भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री प्रबीर कुमार बिस्वास, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री राकेश अरोड़ा, अध्यक्षा (सुहासिनी संघ) श्रीमती सरोजा फणि कुमार, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) श्रीमती सुभा भारद्वाज, कार्यपालक (सीएसआर) श्री जप्पनजोत सिंह, सुहासिनी संघ की अन्य वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं सदस्याओं के साथ-साथ भारी संख्या में जेम की बच्चियाँ उपस्थित रही।

## सफाई कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**सोनभद्र/डाला अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को डाला नवनिर्माण सेना के तत्वावधान में अध्यक्ष अंशु पटेल द्वारा नगर पंचायत अध्यक्षा फूलवंती देवी को अत्यधिक ठंड के मद्देनजर जरूरी व्यवस्थाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि जिले के अन्य नगर पंचायतों के सफाई कर्मियों को जिस प्रकार ठंड पड़ने पर जैकेट/ठंड के कपड़े नगर पंचायत द्वारा दिए गए हैं। उसी प्रकार डाला नगर पंचायत के सफाईकर्मियों के साथ भी उसी प्रकार का व्यवहार किया जाए तथा 10 दिनों में एक बार अलाव की लकड़ी गिराने की व्यवस्था नियमित रूप से की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान समसेर हुसैन आदि मौजूद रहे।




## जरूरतमंदों के मध्य वितरित किया गया कम्बल

**सोनभद्र/रेणुकूट अवधनामा संवाददाता।** हिण्डाल्को तरंगिनी महिला मण्डल रेणुकूट द्वारा शीतलहर के मद्देनज़र रेणुकूट की नगरीय बस्ती में तरंगिणी महिला मण्डल द्वारा कंबल वितरण किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को शीतलहर से बचाव हेतु प्रयास करना था। इस दौरान कुल 600 जरुरतमदों को कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर तरंगिणी महिला मण्डल रेणुकूट की अध्यक्षा श्रीमती लक्ष्मी नागेश, श्रीमती सीमा सिंह, श्रीमती पूनम रॉय एंव अन्य सदस्यगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। तरंगिणी महिला मण्डल रेणुकूट की अध्यक्षा श्रीमती लक्ष्मी नागेश ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा समूह सदैव जनसेवा के उन कार्यों में तत्पर रहता है जिससे वास्तविक रूप से गरीबों तक मदद पहुंचे सके और उन्हें लाभ मिल सके।

# अयोध्या का डिजिटल टूरिस्ट एप विकसित किया जाए

## मुख्यमंत्री ने की 22 जनवरी को भगवान श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आज पूरी दुनिया अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है। हर कोई अयोध्या आना चाहता है। पूरा देश राममय है। यह उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्राण्डिंग सुअवसर भी है। प्रदेश सरकार प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले अतिथियों तथा उसके पश्चात पर्यटकों तथा श्रद्धालुओं के आगमन के सुखद, संतोषप्रद अनुभव के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। जनसहयोग से अयोध्या नगरी सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का मानक होगी।

मुख्यमंत्री जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों तथा अयोध्या में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को अयोध्या नगरी को अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवधपुरी में भव्य-दिव्य श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण में श्रीरामलला के विराजमान होने की बहुप्रतीक्षित साधना पूर्ण होने में कुछ ही दिवस शेष हैं। श्रीराम मंदिर 'राष्ट्र मन्दिर' के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक बनेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सभी सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष-उल्लास, गौरव तथा आत्मसंतोष का अवसर प्रदान करेगा। 22 जनवरी को सायंकाल हर देव मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों/प्रतिष्ठानों में श्री रामज्योति प्रज्ज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। यह अभूतपूर्व तथा भावुक करने वाला क्षण है। हमारा सौभाग्य है कि हम उस प्रदेश में निवासरत हैं, जहां प्रभु श्रीराम ने अवतार लिया। पूरी दुनिया आज अयोध्या की ओर उत्सुकता भरी दृष्टि से देख रही है। यह श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्राण्डिंग के लिए भी सुअवसर है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा

■ **अयोध्या नगरी को अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए**

के उपरांत हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पर्यटक अवधपुरी आएंगे। उत्तर प्रदेश आगमन पर उन्हें अलौकिक अनुभूति प्रदान करने के लिए उत्कृष्ट आतिथ्य की सभी व्यवस्थाएं की जाएं। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पूरे देश से गणमान्यजन का आगमन हो रहा है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर पूरी अवधपुरी की भव्य साज-सज्जा की जाए। श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय बनाते हुए यातायात प्रबन्धन, प्रोटोकॉल के अनुरूप अतिथियों के स्वागत-सत्कार हेतु सभी आवश्यक प्रबन्ध किए जाएं। आतिथ्य-सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। सभी को इस पर काम करना होगा। जनसहयोग लें। अतिरिक्त मैनपॉवर तैनात करें। मुख्य मार्ग तथा गलियों में धूल न उड़े, इसके लिए स्वच्छता के पर्याप्त प्रबन्ध किए जाएं। जगह-जगह कूड़ेदानों की व्यवस्था की जाए। वेस्ट मैनेजमेंट की भी व्यवस्था की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अवधपुरी में संचालित किए जाने वाले भोजनालय/भंडारा को 'माता शबरी' के नाम पर स्थापित किया जाए। इसी प्रकार रैन बसेरे को 'निषादराज गुह्य अतिथि गृह' के रूप में विकसित किया जाए। अन्य भवनों के नामकरण भी इसी प्रकार रामायणकालीन चरित्रों के नाम पर किए जाएं। 22 जनवरी, 2024 के उपरांत अयोध्या में दुनिया भर से रामभक्तों का आगमन होगा। उनकी सुविधा के लिए पूरे नगर में संविधान की 08वीं अनुसूची में सम्मिलित तथा संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषाओं में साईनेज लगाए जाएं।

# चारबाग से चौक होते हुए बसंतकुंज तक बनेगा नया फेज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने लखनऊ की आवश्यकता के लिए लखनऊ मेट्रो के विस्तार के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में लखनऊ, आगरा और कानपुर मेट्रो की समीक्षा की और कहा कि मेट्रो सेवाओं के विस्तार में निजी क्षेत्र सहयोग को उत्सुक है। हमें उनका सहयोग लेना चाहिए।

लखनऊ में चारबाग से चौक होते हुए वसंतकुंज तक मेट्रो के नए चरण के लिए डीपीआर तैयार कराएं। अंडरग्राउंड/एलिवेटेड की उपयुक्तता के परीक्षण कराएं। यथाशीघ्र प्रस्ताव तैयार कराकर प्रस्तुत करें। यह फेज एक बड़ी आबादी की अत्याधुनिक नगरीय परिवहन की सुविधा से जोड़ने वाला होगा। वर्तमान में लखनऊ में संचालित हो रही मेट्रो को एक ओर आईआईएम तक तथा दूसरी ओर एसजीपीजीआई तक विस्तार दिया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र की अनेक



■ **वर्तमान फेज का आईआईएम व पीजीआई तक होगा विस्तार**

कंपनियां इसके लिए सहयोग देने को इच्छुक हैं। ऐसे में हमें पीपीपी मोड पर विस्तारीकरण के लिए विचार करना चाहिए।

मेट्रो रेल परिसर में व्यावसायिक गतिविधियों को और प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। पैसेंजर सर्विस और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। भूमिगत मेट्रो परियोजनाओं के लिए कार्य करते समय सभी सुरक्षा प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं। मानकों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना चाहिए। कानपुर और आगरा में मेट्रो के दो-दो नए फेज पर कार्य जारी है। जनहित के किसी भी प्रोजेक्ट के लिए कोई धनाभाव नहीं है। धनराशि समय पर जारी की जाए। संवाद, समन्वय के साथ तय समयसीमा के भीतर परियोजनाओं को पूरा कराएं। गौतमबुद्ध नगर व 17 नगर निगमों में इलेक्ट्रिक बसों तथा ई-रिक्शा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# सेना दिवस के लिए छावनी में आज से खुलेगा हेल्प डेस्क

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** 15 जनवरी को, लखनऊ में, 76वें सेना दिवस का आयोजन होगा। सेना दिवस की तैयारी में, कई कार्यक्रम, जो जनता के लिए खुले हैं, जैसे कि एक सैन्य बैंड संगीत कार्यक्रम 14 जनवरी सेना दिवस परेड के रिहर्सल, और शौर्य संध्या- (एक सैन्य प्रदर्शन)। इनमें से कुछ कार्यक्रमों के टिकट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर एक हेल्पडेस्क पर उपलब्ध होंगे, जो 3 जनवरी से 5 जनवरी तक सूर्या खेल परिसर-I, लखनऊ में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा।

लखनऊ छावनी में विभिन्न कार्यक्रमों को देखने के लिए इच्छुक भारतीय नागरिकों को सुविधा प्रदान करने और जानकारी प्रदान करने के लिए हेल्पडेस्क को भारतीय सेना कर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा। तीन दिवसीय नो योर आर्मी फेस्टिवल का उद्घाटन भी 5 जनवरी, 2024 को किया जाएगा, जिसमें भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले अत्याधुनिक उपकरण और हथियार शामिल होंगे। नो योर आर्मी फेस्टिवल सभी के लिए खुला है और इसके लिए किसी टिकट की आवश्यकता नहीं है। यह कार्यक्रम 5 से 7 जनवरी, 2024 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सूर्या खेल परिसर-I, लखनऊ छावनी में आयोजित किया जाएगा। सेना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में, मध्य कमान, जिसे सूर्या कमान के नाम से भी जाना जाता है, 15 जनवरी को लखनऊ छावनी में 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में 76वीं सेना दिवस परेड का आयोजन करेगी। उसी दिन, सूर्य खेल परिसर-I में एक सैन्य और कॉमबैट प्रदर्शन, शौर्य संध्या आयोजित की जाएगा। सेना दिवस उस दिन की याद दिलाता है जब देश को अपना पहला भारतीय सेनाध्यक्ष, फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के रुप में मिला था।

# हड़ताली चालकों पर दमन बंद करे सरकार

**लखनऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय नेता डा गिरीश ने ड्रायवरों की हड़ताल का पुरजोर समर्थन करते हुये, उन्हें 10 साल की कैद और सात लाख जुर्माना संबंधी कानून को तत्काल रद्दी की टोकरी मेन डालने की मांग की है। साथ ही हड़ताली ड्रावर बंधुओं पर सरकार द्वारा दहाए जा रहे जुल्मों और बल प्रयोग की कड़े शब्दों में निन्दा की है।

भाकपा की ओर से जारी एक प्रेस बयान में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी क वरिष्ठ सदस्य डा गिरीश ने कहा कि नया मोटर वेहिकल एक्ट जब बनाया जा रहा था, तब सब बे फिक्र थे कि मोदी की गारंटी के बीच उनसे कोई अन्याय नहीं हो सकता। लेकिन जब काले कानून का खुलासा हुआ तो पता चला कि यह तो जानलेवा कानून है। इतनी बड़ी सजा और जुर्माने को चुकाते हुये तो इन्सानों ई उम्र ही बीत जाएगी। फिर कैसे वो अपने परिवार का भरण पोषण करेगा। अब लोगों को पता चला है तो त्राहि त्राहि मची है। अब सरकार कह रही है कि हड़ताल का कोई नोटिस नहीं दिया गया।

# रामलला की मूर्ति : 17 जनवरी को सार्वजनिक होगी मूर्ति



**लखनऊ।** भव्य राम मंदिर में स्थापित करने के लिए रामलला की तीन मूर्तियों में से एक मूर्ति का चयन हो गया है। हालांकि, इसको लेकर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। ट्रस्ट के सूत्र बताते हैं कि नई मूर्ति 17 जनवरी को सार्वजनिक की जाएगी। इस दिन रामलला यानी चयनित अचल मूर्ति को शोभायात्रा के जरिये नगर भ्रमण कराया जाएगा।

सोशल मीडिया पर मूर्तिकार अरुण योगीराज की फोटो के साथ रामदरबार की वायरल हो रही मूर्ति के सवाल पर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का कहना है कि वे इस पर कुछ नहीं कहेंगे। रामलला की अचल मूर्ति के दर्शन के लिए इंतजार करना होगा। उधर, राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने साफ कहा है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। गर्भगृह में रामदरबार नहीं बल्कि रामलला की बाल स्वरूप प्रतिमा स्थापित की जाएगी। कौन सी प्रतिमा स्थापित होनी है, इसका अंतिम निर्णय ट्रस्ट को ही करना है।

हालांकि, यह लगभग तय है कि

■ **मीडिया में वायरल हो रही प्रतिमा पर ट्रस्ट ने तोड़ी चुप्पी**

कर्नाटक के प्रख्यात मूर्तिकार अरुण योगीराज की बनाई गई रामलला की मूर्ति राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित की जाएगी। पिछले दिनों मूर्ति चयन को लेकर हुई वोटिंग में योगीराज की ओर से कृष्णशिला पर बनाई गई मूर्ति पर सहमति बन गई है। इंतजार सिर्फ ट्रस्ट की ओर से आधिकारिक घोषणा करने का है। उधर, सोशल मीडिया पर भी अरुण योगीराज की बनाई मूर्ति के चयन की खबरें वायरल हो रही हैं। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस येदियुरप्पा ने भी अरुण योगीराज की अचल मूर्ति के चयन की बात कही है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है कि तीन मूर्तिकारों में से कर्नाटक के जाने माने मूर्तिकार योगीराज अरुण की बनाई मूर्ति पर मुहर लगी है।

# स्काउट-दूसरों के लिए जीने की कला : प्रो. दीक्षित



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज़, मुरादाबाद के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है। यह देश के लिए सुयोग्य नागरिक बनाता है। स्काउट हमें आपातकाल में कैसे रहें? सीमित संसाधनों में कैसे अपने लिए भोजन पानी की व्यवस्था करें? आदि की कला सिखाता है।

प्रो. दीक्षित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, बकैनिया की ओर से आयोजित पांच दिनी स्काउट गाइड कैंप के समापन मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने बतौर मुख्य अतिथि, फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, बीएससी बीएड के एचओडी डॉ. विनोद कुमार जैन, बीए बीएड के एचओडी डॉ. अशोक कुमार लखेरा आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा ने कहा कि स्काउट एवं गाइड का उद्देश्य नवयुवकों की शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक और आध्यात्मिक क्षमताओं का विकास करना है।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गांव रतनपुर में जागरूकता रैली भी निकाली गई। पांच दिनी स्काउट गाइड कैंप में स्टुडेंट्स ने प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउट गाइड और झण्डों की जानकरी, स्काउट गाइड के नियमों की समझ, जागरूकता रैली, गाँठे बांधना, तंबू का निर्माण, शिविर में टेंट बनाना, रस्सी से पुल बनाना, बिना बर्तन के भोजन बनाने के साथ-साथ अनेक तरह की दीगर आवश्यक गतिविधियां भी सीखीं।

# राष्ट्रीय स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता में सीएमएस बैण्ड टीम ने जीता प्रथम पुरस्कार

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्रों की बैण्ड टीम ने मोहाली, चंडीगढ़ में आयोजित नेशनल नार्थ जोन स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता 75वें गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित हुई, जिसमें सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस की बालिकाओं ने ब्रास बैण्ड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया है।


यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस.



■ **यह प्रतियोगिता 75वें गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित हुई**

कानपुर रोड कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्राओं ने ब्रास बैण्ड में शानदार प्रदर्शन कर अपनी अभूतपूर्व प्रतिभा का परचम लहराया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु सी.एम.एस. छात्र टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से सी.एम.एस. अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं एम.डी., प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. बैण्ड टीम को बधाई दी है।

# स्वास्थ्य हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम : कृष्ण कुमार



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** नव वर्ष में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु डाक विभाग और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। विशेश्वरगंज स्थित प्रधान डाकघर वाराणसी में 2 जनवरी को इसका शुभारम्भ वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के चीफ जनरल मैनेजर श्री गुरशरण राय बंसल संग फीता काटकर किया। स्वास्थ्य जाँच शिविर में पापुलर हॉस्पिटल, वाराणसी के डॉ. कमलेश और डॉ. रोहित के नेतृत्व में बीपी, शुगर और नेत्र संबंधी बीमारियों इत्यादि का चेकअप किया गया एवं लोगों को उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर का डाककर्मियों के साथ-साथ ग्राहकों ने भी लाभ उठाया। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने इस अवसर पर कहा कि, स्वास्थ्य हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम है। अच्छा स्वास्थ्य, स्वस्थ समाज को भी प्रतिबिंबित करता है। यह हमारे शारीरिक, मानसिक, और सामाजिक तंतु का संतुलन होता है जो हमारी जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है।

# भाषा विवि के एमटेक का परीक्षा परिणाम हुआ जारी

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एमटेक की परीक्षाओं का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। बताते चले कि सत्र 2023-24 की परीक्षाओं के परिणाम में एमटेक प्रथम छमाही (कम्प्यूटर साइंस एवं अभियांत्रिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, मेकाट्रोनिक्स) और एमटेक तृतीय छमाही के (कम्प्यूटर साइंस एवं अभियांत्रिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, मेकाट्रोनिक्स) परीक्षा परिणाम भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in/results/ पर जाकर देख सकते हैं।




# सुप्रसिद्ध रंगकर्मी सफदर हाशमी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सुप्रसिद्ध रंगकर्मी सफदर हाशमी के शहादत दिवस पर इप्टा व प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से सफदर हाशमी को श्रद्धांजलि दी गई। कैसरबाग स्थित इप्टा कार्यालय में याद-ए-सफदर मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ ही वक्ताओं ने सफदर हाशमी को नुक्कड़ नाटक को नया तेवर देने वाले क्रांतिकारी के रूप में याद किया। कार्यक्रम में इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश ने उन्हें रंगकर्म को जनता से जोडने के लिए नुक्कड़ नाटक कोह्यह्यह्यह्यह्यह्यह्यह्यह्यह्यह्यह्यह्य नया तेवर देने वाले क्रांतिकारी के रूप मे याद किया। वरिष्ठ आलोचक वीरेंद्र यादव ने कहा कि आज जब साम्प्रदायिक फांसीवाद का खतरा चरम पर है, सफदर की परम्परा को आगे बढ़ाने की जरूरत कहीं और ज्यादा बढ़ गई है। वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना ने कहा कि सत्ताएं कला और संस्कृति के प्रहार करने की क्षमता से हमेशा भयभीत रहती हैं। इस मौके पर कवि सम्मेलन में ओम प्रकाश नदीम ने सफदर तुम्हारे कत्ल ने तुमको सुला दिया, लेकिन तुम्हारी नींद ने सबको जगा दिया। बीआर विप्लवी ने अहिंसा खूब शासन कर रही है कटी गर्द समर्थन कर रही हैं। ओम प्रकाश नूर ने वो खिलौना समझते हैं इंसान को जिनकी जेबों में डॉलर हैं दीनार हैं। अमित कामरा ने फकीरों को अब है वजीरी का चस्का, वजीरों को झूठी फकीरी का चस्का जैसे कलाम सुनाये और सफदर हाशमी को याद किया। मुशायरे और कवि सम्मेलन में कौशल किशोर, रिजवी, अब्दुल्लाह साबिक, डॉ. फिदा हुसैन, विमल किशोर, शहबाज तालिब, इन्द्रमोहन श्रीवास्तव, राजेश राज, आदि ने गजलों का पाठ किया। संचालन शकील अहमद ने किया। इस मौके पर इप्टा के प्रादेशिक महासचिव शहजाद रिजवी समेत अन्य मौजूद रहे।

# सभी को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति दिलाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 की धारा 10 के तहत सभी विद्युत उपभोक्ताओं को प्रदेश में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति दिलाए जाने को लेकर आज उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री अरविंद कुमार व सदस्य श्री संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक जनहित प्रस्ताव सौंपते हुए वर्ष 2024 मे उत्तर प्रदेश में रोस्टर प्रणाली समाप्त कर सभी को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति कराए जाने का प्रस्ताव सौपा और नए वर्ष पर प्रदेश के 3 करोड 30 लाख विद्युत उपभोक्ताओं की तरफ से हार्दिक बधाई देते हुए कहा अब समय आ गया है जब देश के दूसरे राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी रोस्टर सिस्टम समाप्त कर सभी को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का आदेश जारी कराया जाए जहां तक सवाल है गर्मी में थोडा दिक्कत जरूर आएगी ।

# द एमएसजी फाउंडेशन ने अरबेस्का रेस्टोरेंट में गरीब बच्चों के साथ मनाया नव वर्ष

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** द एमएसजी फाउंडेशन की टीम की तरफ से नव वर्ष पर बादशाह नगर के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब बच्चों को तोहफे के रूप में नया साल मनाने के लिए हजरतगंज में स्थित तुलसी टॉकीज के निकट अरबेस्का रेस्टोरेंट में लगभग 15 बच्चों को भोजन कराया गया। यह विशेष आयोजन मेपल मोंटेसरी स्कूल की संस्थापक तबीना जैदी की तरफ से किया गया।

उन्होंने द एमएसजी फाउंडेशन के सभी सदस्यों को इस आयोजन के लिए बधाई भी दी। और कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए जिससे इन बच्चों के सामाजिक उत्थान की दिशा में बदलाव हो सके। वही राजाजी पुरम के झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब बच्चों को द एमएसजी फाउंडेशन टीम की तरफ से नव वर्ष पर ठंड के कहर से बचने के





**झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले जरूरतमंदों में बांटे कपड़े**

लिए कपड़े दिए गए जिसमे लोअर हाईनेक (मुंह बंद कपड़े) और टोपियां शामिल रही। इस वितरण कार्यक्रम के मौके पर द एम एस जी फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक, तरन्नुम नकवी, समरीन सिद्दीक़ी, उपाध्यक्ष शुजा अब्बास, हूर अब्बास, वली मिर्ज़ा, आलमन हसन, शबी हैदर, मुंतज़िर अब्बास, रज़ी, अरमान हैदर, सालिम अली नकवी मौजूद रहे।

सभी प्रदेशवासियों को नव वर्ष व मकरसंक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं




खालिद अंसारी
इचार्ज प्रधानाध्यापक
प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

नव वर्ष की हार्दिक मंगलमय शुभकामनाएं। नव वर्ष आप सबके चतुर्दिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करे।



सुरेश लाल श्रीवास्तव
प्रधानाचार्य
राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जहाँगीरगंज

सभी देश व प्रदेशवासियों को नव वर्ष व मकरसंक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं



सोनू मेडिकल स्टोर
नगर पालिका परिषद के सामने, घंटा घर, देवी रोड मैनपुरी
मो- 8220427688